राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, शनिवार, 04 जनवरी 2025

वर्ष 06, अंक 97, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्ज़ापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यो में जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार...03

सिसिरगांव में महीला के साथ दुष्कर्म कांड के एक आरोपी गिरफ्तार...12

## स्वाधार गृह कांड में बरी हुआ ब्रजेश ठाकुर और शाइस्ता परवीन उर्फ मधु, पुलिस की जांच पर बड़ा सवाल?

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड को कौन नहीं जानता। इसके आरोपी अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं। स्वाधार गृह कांड मामले को लेकर उनकी पेशी मुजफ्फरपुर कोर्ट में हुई। जहां कोर्ट ने आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। कांड के आरोपी ब्रजेश ठाकुर और मधु को बाइज्जत बरी कर दिया गया। कोर्ट का फैसला आने के बाद पुलिस की जांच पर सवाल उठ रहा है?हालाँकि बालिका गृह कांड में ब्रजेश सहित 11 को उम्रकैद की सजा मिली है। इस मामले में कुक से लेकर गेटकीपर तक दोषी हुए थे।

मुजफ्फरपुर- बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के चर्चित बालिका गृह कांड के आरोपियों के खिलाफ स्वाधार गृह को लेकर भी जांच चल रही थी। ध्यान रहे कि स्वाधार गृह भी ब्रजेश ठाकुर चलाता था। स्वाधार गृह योजना, महिलाओं के लिए कठिन परिस्थितियों में रहने का एक समाधान है। इस योजना के तहत, महिलाओं को आश्रय, भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य, और आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। इस योजना का मकसद, कठिन परिस्थितियों से गुजर रही महिलाओं को पुनर्वास देकर उन्हें सम्मान के साथ जिंदगी जीने में मदद करना है। स्वाधार गृह में भी महिलाओं को रखा जाता था। ज्यादातर महिलाएं भीख मांग कर अपना गुजारा करती थीं। उन्हें रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता था। भिखारियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाता था।

बालिका गृह कांड के बाद सरकार ने स्वाधार गृह की भी जांच शुरू की थी। इस कांड में कोर्ट ने आरोपी ब्रजेश ठाकुर और शाइस्ता परवीन उर्फ मधु को बाइज्जत बरी कर दिया है। स्वाधार गृह मामले में गुरुवार को तिहाड़ जेल से ब्रजेश ठाकुर, शाइस्ता परवीन उर्फ मधु और कृष्णा की पेशी विशेष एससी एसटी कोर्ट में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच कराई गई। पहले से इस कांड में फैसले के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित थी। इसके बाद प्रभारी न्यायाधीश अजय कुमार मल्ल ने निर्णय पर सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया। एससी- एसटी कोर्ट में फैसले के बाद ब्रजेश ठाकुर, शाइस्ता परवीन उर्फ मधु और कृष्णा को वापस दिल्ली के तिहाड़ जेल ले जाया गया। ध्यान रहे कि स्वाधार गृह में 11 महिलाएं और उनके चार बच्चों को गायब करने का आरोपी ब्रजेश ठाकुर पर लगा था। आरोप था कि बालिका गृह कांड के आरोपी और तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे ब्रजेश ठाकुर, शाइस्ता परवीन उर्फ मधु, कृष्णा और अन्य के विरुद्ध मामला चल रहा था। उसके बाद एससी-एसटी कोर्ट ने इस मामले में फैसला दिया। एक आरोपी जिसकी पूर्व में मृत्यु हो चुकी है- रामानुज ठाकुर, उसे भी बरी कर दिया गया।

शाइस्ता परवीन उर्फ मधु के अधिवक्ता अन्नू बाबू ने बताया कि मामले में सुनवाई करते हुए विशेष अनुसूचित जाति- जनजाति कोर्ट के न्यायाधीश अजय कुमार मल्ल ने सभी को बरी कर दिया है। वही विशेष अनुसूचित जाति-जनजाति कोर्ट के लोक अभियोजक जब मंगल प्रसाद का कहना है कि पुलिस के द्वारा सही से जांच नहीं किए जाने के कारण आज आरोपियों





को न्यायालय ने बरी कर दिया है। अधिवक्ता ने पुलिस की जांच पर सवाल खड़े किए हैं। ध्यान रहे कि बालिका गृह कांड का आरोपी रसूखदार है। उसका बाइज्जत बरी होना पुलिस की जांच पर सवाल खड़े करता है।

दरअसल, साल 2018 में मुजफ्फरपुर में बालिका गृह कांड का खुलासा हुआ था। इसके बाद ब्रजेश ठाकुर की एनजीओ सेवा संकल्प एवं विकास समिति के जरिए चल रहे स्वाधार गृह की भी जांच की गई थी। स्वाधार गृह कांड मामले में गुरुवार को करीब साढ़े छह साल बाद फैसला आया और मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर, शाइस्ता परवीन और कृष्ण कुमार को सबूतों के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया। स्वाधार गृह कांड मामले में बाल संरक्षण यूनिट के तत्कालीन असिस्टेंट डायरेक्टर दिवेश शर्मा और पुलिस की टीम ने जांच पड़ताल की थी। जब टीम स्वाधार गृह पहुंची तो वहां ताला लगा था। यहां रजिस्टर में दर्ज 11 महिलाएं और 4 बच्चे गायब मिले। इन 15 लोगों की तलाश की गई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।इसके बाद दिवेश शर्मा ने महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जांच में ब्रजेश ठाकुर, शाइस्ता परवीन, कृष्णा कुमार और रामानुज की संलिप्तता पाई गई। चूंकि गायब सभी महिलाएं और बच्चे अनुसूचित जाती एवं जनजाति के थे, इसलिए पुलिस ने स्पेशल स्ज्ञ-स्ट कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।लेकिन ट्रायल में जो भी गवाह थे, वे पक्षद्रोही हो गये और अपनी गवाही पलट दी। पुलिस की ओर से दायर चार्जशीट और गवाह के बयान में अंतर पाया गया। आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं मिलने के कारण उन्हें बरी कर दिया गया।

जांच के दौरान जो सबूत इकट्ठा किए गए और जो गवाही दी गई। वह पर्याप्त नहीं था। स्वाधार गृह कांड पूरी तरह से समाप्त हो गया है। बालिका गृह कांड से स्वाधार गृह कांड का कोई कनेक्शन नहीं है। आरोप था कि स्वाधार गृह में जो बच्चियां रह रही थीं, वो वहां नहीं थी। अपहरण का केस दर्ज हुआ था। दरअसल 26 मई 2018 को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (टिस) की रिपोर्ट में पहली बार बालिका गृह में नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया था। चार दिन बाद यानी 31 मई 2018 को सामाजिक कल्याण विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर दिवेश शर्मा ने मुजफ्फरपुर में महिला थाने में एफआईआर कराई थी।

26 जुलाई 2018 को राज्य सरकार ने बालिका गृह कांड की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की। 27 जुलाई 2018 को सीबीआई ने पटना स्थित थाने में केस दर्ज किया था। इस मामले में सामाजिक कल्याण मंत्री मंजू वर्मा को इस्तीफा देना पड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की सुनवाई बिहार में न होकर दिल्ली के साकेत कोर्ट में हुई।तमाम गवाहों को सुनने और सबूतों को देखने के बाद दिल्ली के साकेत स्थित विशेष पॉक्सो कोर्ट ने 11 फरवरी 2020 को ब्रजेश ठाकुर को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने मामले में कुल 19 आरोपियों को दोषी पाया था। बालिका गृह कांड के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर है, जिसपर 6 लड़कियों का रेप करने का आरोप लगा है। इसके अलावा वो बड़े अधिकारियों और नेताओं को लड़कियां सप्लाई करता था। उसने मुजफ्फरपुर के अलावा राजधानी पटना में अय्याशी के अड्डे बनाया था, जहां लड़कियों को सप्लाई करता था। अगर कोई लड़की विरोध करती थी, तो उसकी पिटाई भी करता था।कुछ लड़कियों ने अपनी आपबीती में बताया था कि रवि रोशन (सस्पेंड बाल संरक्षण पदाधिकारी) भी रेप की वारदात को अंजाम देता था और छोटे कपड़े पहनने को देता था, अश्लील गानों पर अश्लील डांस करने को मजबूर करता था। जिन लोगों को सजा सुनाई गई उनमें... ब्रजेश ठाकुर के अलावा, रवि रोशन, विकास कुमार उर्फ विक्की, दिलीप कुमार, विजय तिवारी, गुड्डु पटेल, कृष्णा राम, रामानुज ठाकुर उर्फ मामू, रामा शंकर सिंह उर्फ मास्टर, अश्विनी, शाइस्ता परवीन उर्फ मधु, इंदु कुमारी, मीनू देवी, मंजू देवी, चंदा देवी, नेहा कुमारी, हेमा मसीह, किरण कुमारी और रोजी रानी शामिल हैं।

## पंद्रह घंटे तक बिना ब्रेक के पूछताछ पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार



**स्वतंत्र प्रभात**

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्यवाही पर सवाल उठाए हैं। ईडी ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार से देर रात तक पूछताछ की थी। ये पूछताछ करीब 15 घंटे और मध्यरात्रि के बाद तक चली। कोर्ट ने इसे ज़्यादती और अमानवीय व्यवहार कहा है। ईडी ने पंवार को अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लेकिन पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी रद्द कर दी थी। ईडी हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की अपील खारिज कर दी और हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ईडी की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एजेंसी किसी व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर कर रही थी। यह एक चौंकाने वाली स्थिति है। ईडी के वकील ज़ोहेब हुसैन ने कहा कि हाई कोर्ट ने अपने आदेश में गलत दर्ज किया है कि पंवार से 14 घंटे 40 मिनट तक लगातार पूछताछ की गई थी। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान उन्हें रात का खाना खाने का ब्रेक दिया गया था। हुसैन ने यह भी कहा कि एजेंसी ने पहले ही यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि लोगों से देर रात तक पूछताछ न की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के तर्क को खारिज कर दिया। बेंच ने पूछा कि एजेंसी बिना ब्रेक के इतने लंबे समय तक पूछताछ करके किसी व्यक्ति को कैसे प्रताड़ित कर सकती है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट और खुद की टिप्पणियां केवल जमानत देने के मुद्दे पर हैं, मामले के गुण-दोष पर नहीं। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ईडी के मामले के अनुसार, याचिकाकर्ता को नोटिस/समन जारी किया गया था और वह सुबह 11 बजे ईडी के गुड़गांव कार्यालय में पहुंचा था और उससे लगातार 1¬40 बजे (20 जुलाई) तक 14 घंटे 40 मिनट तक पूछताछ की गई।

हाईकोर्ट ने आगे कहा था, 'भविष्य के लिए, अनुच्छेद 21 के तहत जनादेश को देखते हुए, यह अदालत यह मान रही है कि ईडी ऐसे मामलों में संदिग्ध (व्यक्तियों) के खिलाफ एक बार में जांच के लिए कुछ उचित समय सीमा का पालन करने के लिए संवेदनशील बनाएगा। सटीक होने के लिए, अगर किसी दिए गए दिन के लिए इतने लंबे समय तक अनावश्यक उत्पीड़न करने के बजाय, यूएन द्वारा निर्धारित बुनियादी मानवाधिकारों के अनुसार आरोपी की निष्पक्ष जांच के लिए कुछ आवश्यक सिस्टम स्थापित किया जाए, तो इसकी सराहना की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट की भावनाओं को दोहराते हुए कहा कि यह ईडी अधिकारियों की ओर से अमानवीय व्यवहार था। अदालत ने कहा कि यह आतंकवादी गतिविधि से संबंधित मामला नहीं है, बल्कि अवैध रेत खनन का मामला है और इस तरह के मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि आप किसी व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि पंवार की शुरुआती गिरफ्तारी और साथ ही गिरफ्तारी के आधार कानून में टिकाऊ नहीं थे और ईडी के पास इस बात की पुष्टि करने के लिए कोई सामग्री नहीं थी कि राजनेता ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया या गतिविधि में शामिल था। ईडी की दलील को खारिज करते हुए बेंच ने पूछा कि एजेंसी बिना किसी ब्रेक के इतने लंबे समय तक पूछताछ करके किसी व्यक्ति को कैसे प्रताड़ित कर सकती है। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया कि हाई कोर्ट और खुद द्वारा की गई टिप्पणियां केवल जमानत देने के मुद्दे पर थीं, न कि मामले की योग्यता पर। गौरतलब है कि अपने आदेश में हाई कोर्ट ने कहा था कि ईडी ने पंवार को नोटिस जारी किया था। वह सुबह 11 बजे गुड़गांव में ईडी के ऑफिस में पेश हुआ और उससे लगातार 1.40 बजे तक 14 घंटे और 40 मिनट तक पूछताछ की गई। यह एक इंसान की गरिमा के खिलाफ है। 23 सितंबर, 2023 को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने लंबी पूछताछ और कथित अपराधों से उन्हें जोड़ने वाली पर्याप्त सामग्री की कमी का हवाला देते हुए श्ष्ठ द्वारा पंवार की गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया। धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाली आठ स्नढ्ढक्रके आधार पर दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ECIR) के संबंध में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार पंवार से 19 जुलाई, 2023 को 14 घंटे और 40 मिनट तक पूछताछ की गई।

हाईकोर्ट ने कहा कि पंवार का नाम न तो शुरुआती आठ एफआईआर में था और न ही बाद की नौवीं एफआईआर में। इसने देखा कि पंवार के अवैध खनन में शामिल कंपनी के निदेशक होने का ईडी का दावा समर्थन योग्य नहीं है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय से मिली जानकारी से पता चला कि पंवार 7 नवंबर, 2013 से संबंधित कंपनी के निदेशक नहीं रहे। न्यायालय ने कहा कि आरोपों का आधार "अवैध खनन" पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराध नहीं है। इसके अलावा ईडी द्वारा उद्धृत पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अपराधों को 2023 में संशोधन द्वारा पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराधों की सूची से हटा दिया गया।अदालत ने पाया कि आज की तारीख में पंवार की अपराध की आय से जुड़ी गतिविधियों में कथित संलिप्तता को प्रमाणित करने के लिए कोई प्रथम दृष्टया सामग्री मौजूद नहीं है। हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारी में प्रारंभिक अवैधता को बाद के न्यायिक आदेशों द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी का प्रयास नाकाम, एक गिरफ्तार



**गोरखपुर,** 3 जनवरी- उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 में एक अभ्यर्थी को कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जनपद गोरखपुर के कैंट थाने में हुई।पुलिस के अनुसार, अभ्यर्थी कुश कुमार ने दस्तावेज सत्यापन के दौरान अपने ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर आईडी कार्ड में जन्मतिथि 23.03.2005 दिखाई थी। लेकिन, जब उसका आधार कार्ड चेक किया गया तो उसमें जन्मतिथि 20.02.1993 पाई गई। यह निर्धारित आयु सीमा से अधिक थी। पुलिस ने कुश कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उसके पास से प्रवेश पत्र की छाया प्रति, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और निर्वाचन कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने कहा कि भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचें।

### अधिकारियों ने गांव में चौपाल लगाकर परखी हकीकत

**माधौगंज** ग्राम चौपाल आवास, पेंशन, राशन वितरण, शौचालय सहित विकास कार्यो की हकीकत को अधिकारियों ने गांव के लोगो से पूछा। अधिकारियों ने पात्र व्यक्ति को आवास में शामिल करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दौलतयार पुर के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में डीडीओ कमलेश कुमार, बीडीओ प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने गांव के लोगो से राशन वितरण की मात्रा,आंगनबाड़ी में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की। उन्होंने आवास के लिए पात्र व्यक्तिओ के चयन में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। वृद्धावस्था, विधवा,दिव्यांग पेंशन न मिलने के बारे में कहा कि वह बैंक खाते को आधार से लिंक कराए। गांव में कराए गए विकास कार्य,मनरेगा आदि कार्यो की समीक्षा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान रचना सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री,कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील धौरहरा मे बाढ राहत राशि वितरण मे करोडो का गोलमाल

**● जिम्मेदार अफसरो के संरक्षण मे खेला किये जाने के आरोप**

**गर्दन फंसते देख नही दी जा रही वांछित सूचनाए आर टी आई का उडाया जा रहा मखौल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद खीरी की तहसील धौरहरा का है। जहां पर गत कई वर्षो से जमे एक चर्चित लेखपाल ने अपने आला अफसरो से मिलीभगत करके दूसरी तहसील के लोगो के आधार कार्ड लगाकर फर्जी नामो से बाढ राहत राशि का पैसा निकालकर भारी भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है। यह इन लेखपाल साहब के काले कारनामो का पहला मामला नही है। इससे पहले भी इनके विरुद्ध फर्जीवडा किये जाने के आरोप अखबारी सुर्खिया बने थे। जिसमे न्यायालय के आदेश पर इन जनाब के खिलाफ संगीन धाराओ मे मुकदमा भी दर्ज किया गया था । उस मा.ले मे भी यह साहब वादी मुकदमा को मेनेज करने मे सफल रहे थे।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार हर साल की तर्ज पर इस वर्ष घोटालेबाज लेखपाल साहब ने तहसील के आला हुक्मरान से साठगांठ कर उनके संरक्षण मे बाढ राहत राशि वितरण मे जमकर फर्जीवडा करके करोडो की सरकारी धन राशि डकार लिये जाने के आरोपो का सिलसिला थमने का नाम ही नही ले रहा है। सूत्र बताते है कि कथित लेखपाल संघ के अध्यक्ष और घपले और घोटाले के लिए बहुचर्चित धौरहरा तहसील मे तैनात व बाजीगरी के आंकड़ो की बाजीगरी मे महारथ हासिल लेखपाल साहब ने तहसील सदर लखीमपुर के गावो व शहर के लोगो के नाम भारी धनराशि निकाल कर बंदरबाट कर ली गई। यह आरोप मेरे नही बल्कि राहत राशि का लाभ पाने वाले लोगो के है। जब मा. ले की जानकारी अमरभारती टीम को हुई तो अमर भारती संवाददाता ने जब अपनी टीम के साथ जमीनी पडताल







की तो मामले की हकीकत खुलकर सामने आते ही पैरो के तले की जमीन खिसक गई। पता चला ऐसे एक दो नही दर्जनो लोग है।जिनके आधार कार्ड लगाकर बाढ राहत की भारी भरकम धनराशि हजम की गई है उक्त मामले की और गहराई तक जाने की मंशा से जब सूचना का अधिकार अधिनियम केतहत तहसील धौरहरा के जन सूचना अधिकारी से जानकारी चाही गई। जिसमे अपनी गर्दन फंसते देख वांछित सूचनाए भी नही दी जा रही है। यह लेखपाल साहब काफी दबंग व रसूखदार और एस डी एम के बेहद करीबी खास-खास बताये जाते हे ।लोगो कातो यहां तक कहना है असली भले कोई हो लेकिन जमीनी हकीकत मे इन्ही लेखपाल साहब का राज चलताहै इनकी बगैर मर्जी के तहसील धौरहरा मे पत्ता तक नही हिल सकताहै। जिसके चलते इन जनाब ने अकूत नामी बेनामी संपत्ति बनाई डाली है। यदि इनकी करा ली जाय संपत्ति की जांच तो बडे भ्रष्टाचार का खुला होना तय है। अगले अंक मे नाम, लेखपाल कानाम केसाथ साथ- साथ उन फर्जी बाढ राहत राशि का अनुचित लाभ लेने वाले लोगो के नामो- का भी खुलासा किया जायगा। सूचनाए न दिये जाने आहत याची ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत करने की बात बताई गई है।

## देवहा नदी के तट पर बसे गांव की जंगल मे मिले तेंदुवा के पैरों के निशान

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/**भदपुरा विकासखंड के गांव अमीर नगर गुलड़याई में तेंदुआ के पग़ चिह्न मिलने पर लोगों में फैला दहशत का माहौल देवहा नदी किनारे बसे अमीर नगर गुलड़याई गांव से 200 मीटर की दूरी पर फार्म में बनाकर रह रहे किसान मन्नी सिंह चौधरी के गन्ने के खेत में तेंदुआ के पग़ चिह्न मिलने पर वन विभाग की टीम ने गांव जाकर जांच पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने पग़ चिन्ह के सैंपल लेकर सतर्क रहने की हिदायत दी। गांव गाजीपुर,जरपा मोहन पुर,के जंगल में भी ग्रामीणों ने पग़ चिन्ह देखे तो लोग दहशत में है। और उन्होंने जंगल में जाना छोड़ दिया है।







यहां के लोगो ने क्यो लड़िया के गांव अमीरनगर गुलड़याई के किसान मन्नी चौधरी के नौकर सत्यदेव ने गन्ने की पेड़ी में दोपहर में पग़ चिह्न देखे तो वह वहां से भाग खड़ा हुआ। उसने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी तो गांव के अशोक कुमार,देवेंद्र, मानवेंद्र गंगवार,बिजेंद्र समेत तमाम लोग मौके पर पहुंचे और वन विभाग को इसकी सूचना दी।

जिसके बाद शाम को वन दरोगा अकबर अली टीम लेकर गांव पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। टीम ने पग़ चिन्ह के सैंपल लेने के बाद रिपोर्ट बनाई। उन्होंने ग्रामीण को सतर्क रहने को कहा। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पग़ चिन्ह किसी जंगली जानवर के लग रहे है। किस जानवर के पग़ चिह्न हैं। इसकी पुष्टि को सैंपल लिया है।

इधर आस पास के गांवों में खेतों में तेंदुए के पग़ चिह्न देखे जाने की चर्चा ग्रामीण कर रहे हैं। किसान मन्नी सिंह चौधरी ने बताया कि शनिवार से उनकी डॉगी नहीं मिल रही है। उन्होंने आशंका है कि उनकी डॉगी का शिकार तेंदुए ने किया है।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण, गुणवत्ता पर अनदेखी तो होगी कठोरतम कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने मड़वानगर स्थित पेयजल टंकी तथा निर्माणाधीन कस्तूरबा बालिका विद्यालय एवं बी पैक्स बागडीह एट महसिन पीसीएफ क्रय केन्द्र साऊघाट का निरीक्षण किया। पेयजल टंकी के निरीक्षण में उन्होने पाया कि नींव का कार्य चल रहा है तथा स्थल पर गड्ढे के चारों ओर बल्ली और टेप का फेंस है। इस स्थिति पर सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होने संबंधित को निर्देशित किया कि टेप के स्थान पर जाली लगायें तथा खुले छोर पर आवागमन के दृष्टिगत मोबाइल बैरियर लगायें, ताकि कोई गलती से गड्ढे में ना गिरे।

कार्यदायी संस्था के संबंधित अधिकारी ने बताया कि पेयजल परियोजना जनपद की सबसे बड़ी परियोजना है, इसकी टंकी 650 किलोलीटर की होगी। सितम्बर तक परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य है, परन्तु यथाशीघ्र अप्रैल तक ही कार्य पूर्ण हो जाने की संभावना है।



जिलाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय साऊघाट में कार्य की प्रगति को देखा तथा निर्माण में प्रयोग हो रही ईटों का स्वयं साउण्ड टेस्ट एवं ड्राप टेस्ट किया। उन्होने पाया कि ईट की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इस स्थिति पर उन्होने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि तत्काल ईट बदलवाना सुनिश्चित करें। उन्होने ठेकेदार के प्रतिनिधि को सचेत किया कि यह एक आवासीय विद्यालय है, जिसमें 24 घण्टे बालिकाएँ रहेंगी। गुणवत्ता पर अनदेखी की पुनरावृत्ति हुई, तो कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

पीसीएफ क्रय केंद्र साऊघाट के निरीक्षण में उन्होने पाया कि धान क्रय केंद्र एवं उर्वरक विक्रय केंद्र दोनों है। धान क्रय में लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत क्रय इस केंद्र के द्वारा कर लिया गया है। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि जनपद स्तर पर लक्ष्य का 64 प्रतिशत क्रय हो गया है, एवं भुगतान 96 प्रतिशत कृषकों को हो चुका है। मिल को प्रेषण में अभी मार्केटिंग विभाग सबसे पीछे है, क्योंकि उनका लक्ष्य अन्य संस्थाओं से अधिक है। यथाशीघ्र इस कमी को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नशे की हालत में साइकिल से गिरकर अधेड़ की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बरहटा के निवासी 50वर्षीय राम किशोर गुप्ता पुत्र रामसुंदर गुप्ता साइकिल से शराब के नशे में घर लौट रहे थे कि गांव के समीप सड़क किनारे साइकिल से गिर कर मौत हो गई।मृतक की पत्नी जनक नंदनी और 13 वर्षीय बेटा है। राम किशोर गुप्ता को शराब पीने की लत थी। गांव के चौकीदार पर चाकू से हमला के मामले में जेल से पैरोल पर आया था।परिजनों ने बताया कि राम किशोर गुप्ता गुरुवार की देर शाम घर नहीं आया था, जिसके बाद उन्होंने उसकी तलाश शुरू की।शुक्रवार की भोर में सड़क पर लोगों का आवागमन शुरू हुआ, तो सड़क किनारे राम किशोर गुप्ता का शव दिखाई दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र और उनकी टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक साइकिल में फसा हुआ था सिर पर चोट आई है, प्रथमदृष्टि में साइकिल से गिरकर मौत का कारण पता चलता है, विधिक कार्रवाई के कर पीएम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा।

## कार और बाइक में ज़बरदस्त भिड़ंत बाइक पर सवार दो की मौत

**सिद्धार्थनगर** जनपद सिद्धार्थनगर अंतर्गत बढ़नी व देवरूआ थाने के बीच करीब 10.15 बजे तेज रफ्तार बाइक व कार की आमने-सामने से टक्कर हो गई। वही दो बाइक सवार जो की पल्सर से थे उनमें से एक की मौत हो गई जिसका नाम प्रदीप कुमार पुत्र रामनरेश थारू उम्र 19वर्ष थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गम्भीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी लाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा जिला अस्पताल सिद्धार्थ नगर रेफर किया गया जहां उसकी भी मृत्यु हो गई जिसकी उम्र लगभग 26 वर्ष थी नाम राजेश कुमार पुत्र बिंदेश्वरी थारू है दोनों जनपद बलरामपुर के थाना पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम मधनगरी पोस्ट सुगाननगर डुमरी हैं पुलिस द्वारा उनके परिवार को सूचना दे कर बुलाया गया तथा कार को ढेबरुवा थाने पर लाकर कब्जे में किया गया। पुलिस द्वारा मृतकों के शवो को लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया। मृतकों के परिवार में मातम छाया हुआ है।

## अयोध्या महोत्सव में स्कूली बच्चों की स्पेशल परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया!



**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव के तहत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर लश्करी प्रिपरेटरी स्कूल, मंगला पब्लिक स्कूल और लिटिल हाट्स अकादमी के बच्चों ने अपनी स्पेशल परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का संयोजन उज्जवल सिंह चौहान ने किया, जबकि न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ, महासचिव ऋचा उपाध्याय,बृजेश ओझा,शिप्रा श्रीवास्तव, अनिकेत,तनु,आंशिक सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, बल्कि यह अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को भी बढ़ावा देता हैं।

## 8 साल की बेटी सारा समीर ने मुकम्मल किया कुरान, मां बाप व उस्ताद का नाम किया रोशन



**बिसवां सीतापुर।** महज आठ साल की छोटी सी उम्र में नाजरा कुरान मुकम्मल करने वाली सारा समीर ने अपने माँ बाप व उस्ताद (गुरुजन)का नाम रोशन किया है। कस्बे के मोहल्ला थवाई टोला घोसियाना निवासी पूर्व सभासद समीर घोसी की की पुत्री सारा समीर ने छोटी सी उम्र में मेहनत व लगन से कुरान मुकम्मल किया है।इस अवसर पर उनके आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्ची को फूल माला पहना कर घर वाले रिश्तेदारों आदि ने खूब दुवाओं से नवाजा और मुबारकबाद दी। कुरान मुकम्मल कराने वाली उनकी उस्ताद फुरकानिया गर्ल की रिटायर्ड प्रिंसपल नजमुन निशा ने कहा कि कुरान देखना पढ़ना और सुनना सब सवाब है। और आगे उन्होंने बताया कि कुरान की तालीम हर मुसलमान के लिए जरूरी है। क्योंकि कुरान एक किताब नहीं बल्कि दुनिया में जीने का तरीका है। अल्लाहताला ने अपनी उम्मत को कुरान को उठाने की वह ताकत दी है,जो बड़े बड़े पहाड़ों को भी नहीं मिली।जब कुरान नाजिल हुआ था।तो पहाड़ भी लरज गए थे। इस मौके मुहम्मद समीर रईस अहमद आबिद राईन निसार शेफू साजिद कैफ हंजला आदि लोग मौजूद थे।

# जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान-कठौतिया-सांवडीह मार्ग पर गुरुवार रात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर में 22 वर्षीय युवक साहुल यादव की मौत हो गई

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तिजिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान-कठौतिया-सांवडीह मार्ग पर गुरुवार रात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर में 22 वर्षीय युवक साहुल यादव की मौत हो गई। साहुल, नगर पंचायत बभनान के लोहिया नगर वार्ड का निवासी था। यह दर्दनाक घटना रात करीब 10 बजे की है, जब साहुल मोटरसाइकिल से खेत जा रहा था।दुर्घटना के कारण ग्रामीणों के अनुसार, साहुल नहर पुलिया के पास पहुंचा ही था कि बभनान नहर कॉलोनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। इस जोरदार भिड़ंत में दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साहुल गंभीर रूप से घायल हो गया, और उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की देरी पर नाराज ग्रामीण और परिजन घटना की सूचना के बाद मृतक के स्वजन ने तुरंत पैकोलिया पुलिस को मौके पर बुलाया, लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। इससे नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने बभनान-हर्रैया मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर समय पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। प्रशासनिक हस्तक्षेप-विरोध प्रदर्शन के दौरान, ग्रामीण पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच तेज़ी से की जाएगी और दोषियों पर उचित कार्रवाई होगी।

**जांच जारी–** पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस दर्दनाक घटना ने यातायात नियमों और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सल्टौआ क्षेत्र में पांच रोजगार सेवकों रोका मानदेय और 15 पंचायत सहायकों को चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सल्टौआ विकास क्षेत्र में सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच रोजगार सेवकों का जनवरी माह का मानदेय रोक दिया गया है। वहीं 15 पंचायत सहायकों को चेतावनी दी गई है, जबकि चार पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। सल्टौआ गोपालपुर विकास क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना जीरो पावर्टी अभियान में लापरवाही बरतने के कारण संसारपुर के रोजगार सेवक भूपेंद्र सिंह, बेलहसा की सुनीता देवी, बंजरिया की नीलम, मुरादपुर के आशुतोष पांडेय एवं सिसवारी के अब्दुल्ला खान का जनवरी का मानदेय रोक दिया गया है।

इसी तरह खरहरा जप्ती को पंचायत सहायक अंजली जायसवाल, बेलहसा के शिव प्रकाश चौधरी, जगदीशपुर को विधि पांडेय, बेलवाडांड़ की मोमिना खातून, भीतरी पचानू की कुमारी अल्पना चौधरी, कोहियापुर की कुमारी मिथिलेश, मुरादपुर को कुमारी नेहा, पदरी के विवेक कुमार, परसाखाल की राजलक्ष्मी, पिटवाउट के इम्तियाज, रंगी के राम जनक चौहान, सल्टौआ की कुमारी रूपाली श्रीवास्तव, साड़ीकल्प के सतीश कुमार, सिसवारी के अमित कुमार एवं टिनिच शुक्ल की दीक्षा दुबे के विरुद्धा कठोर कार्रवाई की



चेतावनी दी गई है। इसी तरह घुरपुर को पंचायत सहायक रूपम सिंह, परसा दमया के सूरज कुमार, विशुनपुर के रवि कुमार एवं बंजरिया की नीलम देवी को सेवा से हटाए जाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी तनवीर अशरफ, रिंगभान व सिराज अहमद को संबंधित ग्राम पंचायत की बैठक कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# कठिन दौर से गुजर रहा शिक्षक, छीने जा रहे अधिकार- उदयशंकर शुक्ल

● शिक्षक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरना 13 कोसर्व सम्मत से राजकुमार सिंह को सौंपा गया जिला संयुक्त मंत्री का दायित्वजब तक पुरानी पेंशन नीति की बहाली नहीं होती हमें एकजुट होकर संघर्ष जारी रखना होगा

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि देश, प्रदेश का शिक्षक इतिहास के कठिन दौर से गुजर रहा है। उस पर जिम्मेदारियां पहले से अधिक बढी है किन्तु अधिकार लगातार छीने जा रहे हैं। यहां तक कि बुढापे की लाठी पेंशन का लाभ हासिल करने के लिये अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा देश व्यापी आन्दोलन चलाया जा रहा है किन्तु केन्द्र और राज्य सरकारें पुरानी पेंशन नीति बहाली को तैयार नहीं हो रही है। लम्बे संघर्ष के बाद केन्द्र सरकार ने ओ.पी.एस. के स्थान पर यूपीएस पेंन्शन योजना लागू किया है। यह आंशिक सफलता है। जब तक पुरानी पेंशन नीति की बहाली नहीं होती हमें एकजुट होकर संघर्ष जारी रखना होगा। प्रेस वार्ता के बाद आयोजित बैठक में सर्व सम्मत से राजकुमार सिंह को जिला संयुक्त मंत्री का दायित्व सौंपा गया। निर्णय लिया गया कि शिक्षक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 13 जनवरी को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जायेगासंघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय और सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के रिक्त सभी पदों पर अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी कराकर पदोन्नति की कार्यवाही कराया जायेगा। अध्यापकों के ई.एल. अवकाश को पोर्टल पर अपलोड करवाया जायेगा। किसी भी स्तर पर अध्यापकों का शोषण नहीं होने पायेगा।

पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को सुविधाओं से सम्पन्न किया जाय जिससे वे निजी विद्यालयों से बेहतर परिणाम दे सकें। सभी विद्यालयों में डेस्क, बेंच, बालक, बालिका एवं दिव्यांग शौचालय, कक्षा कक्ष के टाईलीकरण, विद्युत संयोजन की व्यवस्था हो। इस सम्बन्ध में संघ की ओर से शीघ्र ही शासन को ज्ञापन भेजा जायेगा कि जो विद्यालय सुविधाओं से वंचित है उन्हें संसाधनों से लैश किया जाय। शुक्ल ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा मित्र और अनुदेशकों को नियमित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहा है। कहा कि



2025 शिक्षकों के लिये निर्णायक साबित होगा। सांगठनिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिये अभियान तेज किया जायेगा। जनवरी माह में सभी विकास क्षेत्रों पर क्षेत्रीय संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक कर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। कहा कि जनपद के अनेक अध्यापकों के निलम्बन, वेतन रोकने आदि की कार्यवाही को लेकर शिक्षकों में रोष है। इसे लेकर संघ प्रभावी संघर्ष करेगा। प्रेस वार्ता में संरक्षक अरूणदेव शुक्ल, राम बहोर मिश्र, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, राजकुमार सिंह, सतीश शंकर शुक्ल, इन्द्रसेन मिश्र, सन्तोष कुमार शुक्ल, रीता शुक्ला, शशिकान्त धर दूबे, देवेन्द्र वर्मा, दिवाकर सिंह, आनन्द दूबे, अभिषेक उपाध्याय, विनोद यादव, पटेश्वरी प्रसाद निषाद, आनन्द सिंह, ओंकारनाथ उपाध्याय, हरीश चौधरी, सुनील पाण्डेय, रविन्द्रनाथ, शोभाराम वर्मा, दिनेश वर्मा, राजीव पाण्डेय, लालेन्द्र कन्नौजिया, आशुतोष पाण्डेय, वैभव प्रसाद के साथ ही अनेक पदाधिकारी, शिक्षक उपस्थित रहे।

# ड्रिप सिंचाई सिस्टम किसानों के लिए वरदान से कम नही, फसल की पैदावार में होगी बढ़ोत्तरी

● ड्रिप सिंचाई से पानी की भी होगी बचत-धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर किसानों की आय को दोगुना करने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। घटते जल स्तर में किसानों को खेती कर पाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसके लिए किसान ने कल्याणकारी योजना शुरू की है। ड्रिप सिंचाई सिस्टम किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाने पर सरकार भी 90 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। वहीं इस सिंचाई सिस्टम से किसान अपनी फसल की पैदावार में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकेगा और खेती की गुणवत्ता पर भी भारी प्रभाव पड़ेगा। कम पानी खर्च कर इससे खेती की जाएगी, जिससे किसान अच्छा मुनाफा पा सकेगा। ड्रिप सिंचाई सिस्टम से किसान अपनी आय को दोगुना करने के साथ फसल की गुणवत्ता को भी अच्छा कर पाएंगे और उन्हें इस ड्रिप सिंचाई सिस्टम में 90 प्रतिशत का अनुदान भी दिया जाएगा। दो हेक्टेयर वाले किसान को 90 प्रतिशत और दो हेक्टेयर से अधिक भूमि रखने वाले किसान को 80 प्रतिशत तक अनुदान की योजना दी गई है।यह अनुदान सब्सिडी के माध्यम से किसानों के खाते में पहुंचाया जाएगा। इसी क्रम में जनपद अम्बेडकर नगर में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्राप मोर क्रॉप के अंतर्गत जिला गन्ना अधिकारी सी. एल. यादव, अरविंद सिंह मिझौड़ा चीनी मिल के प्रबंधक एवम जनपद के समस्त गन्ना पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किसानों के प्रक्षेत्र पर ड्रिप सिंचाई के संबंध चर्चा हुई। जिससे गन्ना के लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके।

**ड्रिप सिंचाई से पानी की होगी बचत-धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी**

जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी ने बताया कि विभाग की तरफ से घर-घर जाकर किसानों को इस ड्रिप सिस्टम के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में सैकड़ो किसानों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है और आने वाले समय में इस योजना से अन्य किसान भी जुड़ने के लिए अपनी सहमति जाहिर कर चुके हैं। वहीं पोर्टल पर ड्रिप सिस्टम के लिए आवेदन कर सकते हैं और उद्यान विभाग में




आकर भी ड्रिप सिस्टम के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें सरकार की इस योजना का भरपूर फायदा मिल सके।

**कैसे काम करता है ड्रिप सिंचाई सिस्टम**

किसान के नलकूप से ड्रिप सिंचाई सिस्टम को जोड़ दिया जाता है, जिसकी लाइन पूरे खेत में बिछा दी जाती हैं। जिससे पौधे की जड़ में पानी आसानी से पहुंच जाता है और पौधे को जरूरत के अनुसार पानी मिलता है, जिससे पौधा अधिक उपजाऊ हो जाता है।खेत की जुताई के समय पर फिर से ड्रिप सिंचाई सिस्टम को हटाकर खेतों की बुवाई की जाती है और फसल उगाई जाने के बाद फिर से इसे खेत में बिछाया जाता है। यह एक आसान विधि है जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सकेगी और पानी बचाकर खेती की जा सकेगी।

# दो नवजात शिशुओ की असामायिक मृत्यु

● आशा बर्खास्त, एनम निलंबित, एमओआईसी को गवाना पड़ा अपना पद

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील टांडा के ग्राम पंचायत बिहरोजपुर में दो नवजात शिशुओ जुड़वा बच्चों की असामायिक मृत्यु की सूचना पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा तथा अन्य अधिकारियों/चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार के प्रति मानवीय संवेदना प्रकट की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के परिजन को 50 हजार की आर्थिक सहायता के साथ खाद्यान्न और पौष्टिक आहार भी प्रदान की गई तथा परिवार को पक्का मकान हेतु प्रधानमंत्री आवास से भी आच्छादित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों के असामायिक मृत्यु के कारणों का पता लगाने हेतु दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसी के साथ ही अचानक बच्चों के असामायिक मृत्यु के विभिन्न पहलुओं पर जांच भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार द्वारा टीम गठित कर कराई जा रही है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी घटना ना हो।घटना में जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आशा को बर्खास्त कर दिया गया एनम को निलंबित एमओआईसी को अपना पद गवाना पड़ा है। जिलाधिकारी ने बताया कहा की घटना की पुनर्विवृत्ति होने पर स्वास्थ्य कर्मियों की खैर नहीं है परसों के बाद जच्चा बच्चा पर पूरा ख्याल रखा जाए।

# संविधान और आरक्षण के नाम पर समाज में फैलाया गया झूठ- सतीश शर्मा

● अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कोटेदारों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या** लोकसभा चुनाव के दौरान कभी संविधान के नाम पर तो कभी आरक्षण के नाम पर समाज में झूठ फैलाया गया और उसमें वह कामयाब भी हो गए। लेकिन अब हम सजग हो गए हैं कोई भी उनके बहकावे में नहीं आएगा। भाजपा सरकार में सनातन संस्कृति का उत्थान हुआ। उपचुनाव की नौ सीटों से भी अधिक मतों से मिल्कीपुर चुनाव जीतना है। उक्त बातें खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने अमानीगंज ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं और राशन वितरकों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अब लोग अयोध्या दो घंटे के बजाय 40 मिनट में पहुंच रहे हैं, लखनऊ चार घंटे के बजाय दो घंटे में पहुंच रहे हैं। भाजपा की सरकार में अयोध्या का चौमुखी विकास हुआ है। मंत्री ने राशन वितरकों से कहा कि पहले राशन के उठान के लिए ब्लॉक और जिले के गोदामों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब डोर स्टेप डिलीवरी की जा रही है, उन्होंने कहा कि वितरकों की मांग पर विचार करते हुई शीघ्र ही मुख्यमंत्री जी से वार्ता कर ठीक-ठाक लाभांश बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों से कहें कि उन्हें अपना मत मिल्कीपुर और अयोध्या के विकास को देना है। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा, उप



जिलाधिकारी न्यायिक श्रेया, सहायक विपणन अधिकारी रश्मि सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला महामंत्री अशोक कसौधन, जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडे, शंभू सिंह, राजेश सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता राशन वितरक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अयोध्या आइडल का सेमी फ़िनाले संपन्न- प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी अद्वितीय प्रतिभा, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** अयोध्या आइडल का सेमी फ़िनाले एक यादगार कार्यक्रम साबित हुआ। इस कार्यक्रम में गायन में सूफ़ी सॉन्ग की थीम पर और नृत्य में 70 और 80 के दशक के गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां हुईं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**गायन प्रतिभागी**

मो० अल्तमस, नक्षत्र कुमार, वासुश्री मिश्रा, प्रियांशु सिंह,अनीशा लाल वर्मा, अस्मिता शुक्ला ने सूफ़ी सॉन्ग की थीम पर गायन प्रस्तुतियां दीं।

**नृत्य प्रतिभागी**

संतोषी, बबिता निषाद, विहान पांडे, अरनाधाम, एंजेल यादव, विराट राणा, विद्या




राणा, पावनी, आरोही, अंतरा, पीहू विद्या राणा, दिव्या निषाद, महिमा गुप्ता, अन्वी प्रजापति, आनंदी सिंह ने अपनी नृत्य क्षमता और लय का अद्भुत प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ ने किया। महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या आइडल का सेमी फ़िनाले एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अद्भुत मंच है। कार्यक्रम का संचालन आजाद सदक ने किया। उक्त कार्यक्रम में न्यास की महासचिव ऋचा उपाध्याय, उज्जवल चौहान, शिप्रा श्रीवास्तव, बृजेश ओझा, तनु पांडे, अनिकेत, अंशिका, गौतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र में बैठकों का दौर जारी है, शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित की अध्यक्षता में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहली ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों की बैठक की गई जिसके मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे, उन्होंने मौजूद ग्राम प्रधानों से विकास कार्यो सहित चुनाव पर भी चर्चा की तथा उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा अधिकारियों को तुरंत समस्याओं के निराकरण के लिए कहा, उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में गरीब लोग पक्के मकान के लिए तरसते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है, हर व्यक्ति के पास पक्का मकान होगा, उन्होंने यह भी कहा कि पूरे दुनिया को भारत दिशा दे रहा है, और योगी जी गरीबों की खुशहाली के लिए काम कर रहे हैं। विश्व के किसी भी कोने में यदि हमारा नागरिक फसा है तो हमारी सरकार उसे सुरक्षित निकाल कर लाती है, उत्तर प्रदेश में एक समय था लोग दिन में 12 बजे नही निकल पाते थे, हमारी सरकार में रात को 12 बजें मां बेटी के साथ कहीं भी भय मुक्त होकर जा सकती हैं। जल जीवन मिशन पर उन्होंने कहा कि पहले बुंदेलखंड में लोगों को पानी की समस्या रहती थी, जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश भर के हर घर को जोड़ा जा रहा है कोई काम होता है तो उसे होने में समय लगता है। उन्होंने चलते-चलते यह



भी कहा कि राजनीति मेरा मिशन है हम राजनीति गरीबों की सेवा के लिए करते हैं।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा चंद्रकेश रावत, राहुल सिंह, ग्राम प्रधान मोहली सुधाकर सिंह, रामकमल, गंगा यादव, पप्पू सिंह, विजय शुक्ला अन्य लोग मौजूद रहे।

# मनबढ़ तहसीलदार के आगे प्रशासन नतमस्तक, पत्रकार से की अभद्रता

● अभी कुछ दिन पहले अधिवक्ताओं ने उनके खिलाफ खोला था मोर्चा

**अम्बेडकरनगर।** जनपद की टांडा तहसील में तैनात तहसीलदार निखिलेश कुमार ने 31 दिसंबर 2024 को पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव के साथ अमानवीय चेहरा सामने करते उसके कंधे पर हाथ डाल कर धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे इमरजंसी वार्ड से भागा दिया था जो मामला अब जिलाधिकारी के दरबार में पहुच गया है। पत्रकार ने जिला अधिकारी अविनाश सिंह के पास उपस्थित होकर अपने साथ हुए आप बीती सुनाई और जिला अधिकारी ने उपजिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

**क्या था पूरा प्रकरण....**

एक व्यक्ति शराब के अत्यधिक सेवन कर तेज़ रफ्तार से चारपहिया वाहन चला कर अकबरपुर मुख्यालय की तरफ से टांडा रोड की तरफ काफी तेजी गति से राहगीरों पर जानलेवा हमला करते हुए जा रहा था और टांडा के हरिनगर के समीप दो लोगों को बुरी तरह घायल किया उसके बाद टांडा कोतवाली क्षेत्र के कश्मिरिया के पास एक भुझा का ठेला लगाने वाले के ऊपर जान से मारने की नियत से चारपहिया वाहन चढ़ा कर मारने का प्रयास किया भुझा वाला तो बाल-बाल बच गया लेकिन उसका ठेला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसके बाद वहां से वाहन लहराते हुए भागा फिर टांडा कोतवाली क्षेत्र के सिटी सेंटर के पास अपनी मोटर साइकिल से खड़े जिला संवाददाता अर्पित सिंह श्रीवास्तव के भाई आदित्य सिंह और उनके दो मित्रो के ऊपर चार पहिया वाहन को जान से मारने की नियत से चढ़ा दिया जिसमें वो लोग बुरी तरह चोटहिल हो उठे इसकी खबर जब पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव को लगी तो तत्काल उन्होंने सर्वप्रथम उक्त घटना की सूचना अपने बड़ी भाभी प्रियम श्रीवास्तव को दी जैसे तैसे आननफानन में पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव और उनकी भाभी एवं उनका बड़ा भाई डॉ अंकित श्रीवास्तव तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे तब तक पता चला कि टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी घटना के बाबत कार्रवाई करने में जुटे हैं, और थाना अध्यक्ष अलीगंज राजीव श्रीवास्तव अपनी सरकारी गाड़ी से पत्रकार के भाई और उनके साथियों का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर गए हैं, पत्रकार के साथ सभी परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर पहुंचे और जानकारी कर उपचार कराने में जुट गए इस दौरान थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव के द्वारा अपनी सरकारी गाड़ी से पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव के भाई एवं उसके मित्र नीतिश तिवारी का उपचार मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती करा कर कराया जा रहा था और पत्रकार के साथ पहुंचे परिजन काफी परेशान हो उठें थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव के जाने के पश्चात मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में उपजिलाधिकारी के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार एवं अन्य कर्मचारियों के सामने अर्पित सिंह श्रीवास्तव जिला संवाददाता जैसे ही उपजिलाधिकारी शशि शेखर के पास कुछ एक्सीडेंट में चोटहिल हुए अपने भाई के बारे में जानकारी करने पहुंचे ही थे कि तहसीलदार निखिलेश कुमार ने न कुछ सोचा न समझा तुरंत अर्पित सिंह श्रीवास्तव का नाम सुनते ही आगबबूला हो उठे और उसके कंधे पर हाथ लगाते हुए उसे धकेल कर भद्दी-भद्दी गालियां देते नवाजने लगे और कहे कि भाग जाओ यहां से नहीं तो मार कर तुम्हारी ऐसी की तैसी कर दूंगा किसी प्रकार पत्रकार ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अपने छवि स्वार्जनिक स्थल पर धूमिल अधिक न होने के कारण वहां से भाग कर मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के गेट से बाहर निकल आया क्यों कि उसके भाई का उपचार होने में तहसीलदार निखिलेश के नाते दिक्कत न हो इस प्रकार तहसीलदार का अमानवीय कार्य करने का कृत्य देख पत्रकार के परिजनों एवं उनके समर्थकों में काफी नाराजगी जाहिर होने लगी इस शिकायत को ले कर अर्पित सिंह श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को लिखित शिकायत देते हुए अवगत कराया अब उनके द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु उपजिलाधिकारी शशि शेखर को निर्देशित किया है, आप को बता दे कि गत दिनों पूर्व यानी बीते 30 दिसंबर को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में लामबंद होकर जबरदस्त नारेबाज़ी कर इनके भ्रष्टाचार व्याप्त किए जाने से संबंधित कृत्यों की पोल खोली थी लेकिन इनके तानाशाही रवैए पर अभी तक लगाम नहीं लग सकी, जब की अधिवक्ताओं की आग अभी तक बुझी नहीं थी कि बीते 31 दिसंबर को नव वर्ष के आरंभ

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

होने से पहले रात्रि में पत्रकार के भाई का एक्सीडेंट तेज रफ्तार चारपहिया वाहन चालक ने गाड़ी चढ़ा कर कर दिया और पत्रकार का भाई आदित्य सिंह और उसके दो मित्र साथी भी उसके साथ भूरी तरह घायल हो गए जिनका इलाज कराने के लिए पुलिस प्रशासन मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती कराने के दौरान शुरू कराई थी और इस बीच पत्रकार के साथ मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में उपजिलाधिकारी के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार ने अपना अमानवीय चेहरा सामने लाते हुए जब पत्रकार उपजिलाधिकारी शशि शेखर से मिलने का प्रयास किया तो उसके कंधे पर हाथ लगाते हुए उसे धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने से बाज़ नहीं आए किसी तरह पत्रकार अपनी इज्जत बचा कर वहां से भागा जिससे उसकी छवि स्वार्जनिक स्थल पर धूमिल हो गई। अब ऐसे में मामला जिलाधिकारी के दरबार में बड़ी उम्मीदें ले कर अर्पित सिंह श्रीवास्तव पत्रकार ने पहुंचाया है, जिलाधिकारी में न्याय प्रिय होने का परिचय देते हुए उपजिलाधिकारी शशि शेखर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है, वही पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव का कहना हैं, की मेरी छवि को तहसीलदार निखिलेश कुमार ने धूमिल करने का काम क्यों किया आखिर इसमें क्या कारण रहा मेरे मान मर्यादा के साथ तहसीलदार ने खेलने का काम किया है, मुझे अगर इसका सही जवाब जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिलाया गया तो मैं मामला ले कर मंडलायुक्त के पास न्याय पाने के लिए पहुंचूंगा मुझे न्याय चाहिए क्यों कि मेरी छवि मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डाक्टरों एवं कर्मचारियों तथा उसके परिजनों और समर्थकों के सामने धूमिल हुई हैं, मै इस घटना से बहुत क्षुब्ध हूं और मुझे बहुत पीड़ा पहुंची है, मुझे जब तक न्याय नहीं मिलेगा मै अपनी लड़ाई लड़ता रहूंगा। देखना यह होगा कि किस हद तक पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव के साथ जिला प्रशासन न्याय दिलाए जाने में सफलता प्राप्त करता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अनुराग बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा राष्ट्रीय महासचिव



**हरदोई** जिले के रहने वाले एक युवा को उसके स्वजातीय संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जिले के शाहाबाद कस्बे के रहने वाले अनुराग श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने संगठन का युवा राष्ट्रीय महासचिव बनाया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद आशीष श्रीवास्तव ने अनुराग श्रीवास्तव को संगठन के युवा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव बनाने का मनोनयन पत्र जारी कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बताते चलें कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए अनुराग श्रीवास्तव कई सामाजिक संगठनों में जुड़कर कार्य कर रहे हैं और वह कई वर्षों से कायस्थ समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करते चले आ रहे हैं। अनुराग श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का युवा राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने की सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

### नवनिर्वाचित सभासद को एसडीएम ने दिलाई गोपनीयता की शपथ



**शाहाबाद/हरदोई** नगर पालिका के एक वार्ड में रिक्त पद पर हुए उपचुनाव में निर्वाचित हुए सभासद को एसडीएम ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई।आपको बता दें नगर पालिका के आम चुनाव में वार्ड संख्या दस के विजई उम्मीदवार ने निजी कारणों से जिलाधिकारी एमपी सिंह अपने पद का त्याग पत्र सौंप दिए जाने के बाद से सभासद का पद रिक्त चल रहा था।शासन ने रिक्त पद पर होने वाले उपचुनाव में 17 दिसंबर को मतदान करवाया था।19 दिसंबर को मतगणना में वार्ड संख्या दस से बुध बाजार निवासी अजहर मसूद खां ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 501 मतों से पराजित करते हुए विजय प्राप्त की।शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी ने नवनिर्वाचित सभासद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई।इस अवसर पर सभासद समर्थक हमीद खां, लवी खां,मदन राठौर, शनि खां,अदनान खां सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### महिला मंडल ने भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया



**माधौगंज/हरदोई** नगर के सिधेश्वर महादेव शिवलिया मंदिर पर महिला मण्डल की महिलाओं ने भजन सन्ध्या कार्यक्रम आयोजित किया। देवी देवताओं के भजनों के गायन में बड़ी संख्या में महिलाओ ने गायिका का भजन गा कर साथ दिया। मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर में शुक्रवार को मन्दिर प्रांगण में वृन्दावन की भजन गायिका शिवानी ने ढोलक की धुन पर जो राधे राधे गाता है जीवन मे बड़ा सुख पाता है, हरिओम में ओम समाया है मेरा भोला नगर में आया है,राधे अलबेली सरकार रटे जा राधे राधे,राधे का नाम अनमोल बोलो राधे राधे हम भी बोलो राधे तुम भी बोलो राधे राधे भक्तो की आवाज आई राधे राधे आदि भजनों को गाया। भजनों में नगर की महिलाओं ने जमकर हिस्सालिया।

### अरुण मिश्रा सपा प्रबुद्ध वर्ग के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**शाहाबाद/हरदोई** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शराफत अली ने शाहबाद विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सिंगुलापुर निवासी अरुण कुमार मिश्रा उर्फ मोनू को समाजवादी पार्टी के प्रबुद्ध वर्ग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।नियुक्त होने के बाद शाहबाद विधान सभा के पूर्व विधायक और समाजवादी नेता आसिफ खां बब्बू ने शुक्रवार को अपने आवास पर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा अरुण मिश्रा मिलनसार और नेक व्यक्ति हैं।इनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सभासद लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सोनू सभासद, टोडरपुर के नन्हे त्रिवेदी, कमलेश त्रिवेदी, सुनील द्विवेदी,मदन सिंह राठौर,पूर्व सभासद संजय त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों में जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार

**● - न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों में जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार**



स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद, सीतापुर** पहला ब्लाक की ग्राम पंचायत न्यामतपुर लबरहा में मनरेगा योजना चढ़ाई जा रही भ्रष्टाचार की भेंट आपको बताते चले कि सरकार के द्वारा चलाई गई राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा गारंटी योजना कहने को तो भले ही गरीबों के लिए वरदान कही जाने वाली योजना बताई जा रही है लेकिन धरातल पर भ्रष्टाचार के चलते गरीबों को मनरेगा योजना का लाभ ना मिलकर ग्राम पंचायत न्यामतपुर लबरहा के प्रधान ,सचिव और रोजगार सेवक फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर गरीबों के हक को गमन करके तिजोरी जरूर भरने का काम कर रहे हैं। एक ऐसा ही मामला न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत का देखने को मिला है जहां पर बरातीपुर गाँव के उत्तर तालाब की खुदाई का कार्य करवाया जा रहा है।जिसमे फर्जी तरीके से 96 मजदूरों की हाजिरी गई है।लेकिन धरातल पर कार्य की बात कही जाए तो सिर्फ 13 मजदूरो के द्वारा कार्य करवाया जाता है जबकि सूत्रों की जानकारी के अनुसार प्रधान के नुमाइंदो को मीडिया कर्मियों को गुमराह करने का काम किया।लेकिन मनरेगा पोर्टल पर फ़ोटो अपलोड करने का काम किया गया जिसकी गावही मनरेगा पोर्टल स्वंय दे रहा है लेकिन 83 मजदूरों की भ्रष्टाचारियों के द्वारा फर्जी हाजिरी लगा कर सरकारी योजनाओं के धन को चूना लगा कर तिजोरी भरी जा रही है। कही ऐसा तो नही है कि ब्लाक के अधिकारियों का भी संरक्षण पाकर ही भ्रष्टाचारी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। आखिर कब तक मजदूरों की फर्जी तरीके से हाजिरी लगा कर मोटी रकम निकाली जाएगी।न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत में अगर जमीनी स्तर पर देखा जाए तो ऐसे बहुत से कार्य देखने को मिल सकतें हैं जिनमें जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और बहुत से ऐसे कार्य होंगे जिनमें सरकारी धनराशि का बंदरबांट किया गया है। अब देखना यह है की ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी फर्जी उपस्थिति को लेकर क्या कार्यवाही करेंगे? या सिर्फ कागज पर स्पष्टीकरण को लेकर लीपा पोती करेंगे? जबकि उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को किसी भी हालत में बक्सा नहीं जाएगा। फिर भी पहला ब्लाक में हों रहें भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का नाम नहीं लिया जा रहा है। आखिर उच्च अधिकारियों का भ्रष्टाचारियों पर कब कार्य वाही का हंटर चलेगा।या फिर ब्लाक के अधिकारियों की मिली भगत के चलते गरीबों के हक को भ्रष्टाचारियों में बंदरबांट होता रहेगा।न्यामतपुर लबरहा ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की जानकारी के लिए ग्राम प्रधान से जानकारी लेना चाहा तो प्रधान का फोन नही लगा।अगर ब्लाक पहला की सभी ग्राम सचिव की बात की जाए तो उनका फोन ही नही उठता।

# वन विभाग के कर्मचारी नही करना चाह रहे है कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात



**पहला सीतापुर** पहला क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं।पूरा मामला ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद का है जहां लगे प्रतिबंधित 2 गूलर के पेड़ों को बिना परमिशन के दिनदहाड़े धराशाई कर दिया गया और वन विभाग और पुलिस प्रशासन को इस बात की भनक तक नहीं लगी।आपकों बता दें कि कुछ माह पूर्व पहला बीट क्षेत्र में वन माफियाओं के द्वारा अवैध कटान दिन में कई जगह पर देखने को मिलते है। जब से वन रेंजर महमूदाबाद का तबादला हुआ था तब से अवैध कटान पर काफी रोक लग गई थी और क्षेत्र में लकड़ी ठेकेदारों से यही सुनने में आ रहा है कि अबकी बार महमूदाबाद के रेंजर साहब बहुत ही सख्त दिख रहे हैं।वन विभाग के अधिकारी की सख्ती के कारण वन माफिया निराश होते दिख रहे हैं। लेकिन दबंग वन माफिया फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिबंधित वृक्षों को दिनदहाड़े धराशाई करके हरियाली को नष्ट कर रहे हैं।

और बेस कीमती लकड़ियां बिना परमिशन के काट कर अपनी तिजोरी भर रहे हैं। इस गांव में कांटे गये 2 गूलर के पेड़ो की जानकारी वन विभाग और पुलिस को ट्विटर एकाउंट के माध्यम से की गई थी जब सीतापुर पुलिस द्वारा थाना प्रभारी महमूदाबाद को निर्देशित कर दिया गया था।और जब वन विभाग के स्त्रोत से जानकारी की गई तो बताया कि जानकारी मिली है मौका देख कर कार्य वाही करेंगे हैं। लेकिन जब वन कर्मी राजनाथ से बात की गई तो कहते है कि तुम क्या हो हमको जो करना होगा अपनी मर्जी से करेंगे।हम इसका ठेका लिए है क्या? अब देखना है कि वन विभाग के द्वारा मौका देख कर कार्य वाही हकीकत में की जाएगी या फिर मौका देखते ही देखते मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा या वन कर्मचारी अपनी तिजोरी को भरने का काम करेंगे।

## राष्ट्रीय कौंसिल, कैट और एमसीडीबी सदस्य के रूप में प्रो0 डॉ0 भरत राज सिंह को नामित किया

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 3 जनवरी यह अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि प्रो0 डॉ0 भरत राज सिंह, जो कि लखनऊ स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में महानिदेशक तकनीकी हैं और आईईआई के फेलो सदस्य हैं, उन्हें दी इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स इंडिया के कोलकाता कार्यालय स्थित प्रेसीडेंट द्वारा 2024-2025 सत्र के लिए राष्ट्रीय काउंसिल सदस्य, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के उन्नयन समिति कैट के सदस्य और मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिवीजन बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति 22 दिसंबर 2024 को कोलकाता में आयोजित आई ई आई की 728वीं काउंसिल बैठक में लिए गए निर्णय के तहत की गई है तथा बॉय लॉ 12(ए) के अंतर्गत मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिवीजन बोर्ड की आईईआई काउंसिल में उनकी सह-अपॉइंटमेंट सुनिश्चित करती है कि वे संस्था की गतिविधियों, रणनीतिक दिशा और नीति निर्धारण पहलों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रो0 डॉ0 भरत राज सिंह एक प्रतिष्ठित शैक्षिक और अभियंता व्यक्ति हैं, जिन्हें मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदानों के लिए पहचाना गया है। उन्होंने विशेष रूप से लखनऊ के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में कई महत्वपूर्ण शैक्षिक पदों पर कार्य किया है और इंजीनियरिंग ज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उनकी पहलों के लिए वे व्यापक रूप से सम्मानित हैं। आईईआई के फेलो सदस्य एफआईई के रूप में, प्रोफेसर सिंह ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई अभियंत्रण मंचों में सक्रिय रूप से भाग लिया है, जो उनके अभियंत्रण पेशे को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में आईईआई का एक समृद्ध इतिहास रहा है, और निश्चित रूप से प्रोफेसर सिंह के विस्तृत अनुभव से आईईआई को लाभ होगा। उनके मार्गदर्शन से कैट के उद्देश्यों को प्राप्त करने और संस्था के नेतृत्व में व्यापक मैकेनिकल इंजीनियरिंग समुदाय को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के साथ-साथ, ई सत्य प्रकाश, आईईआई उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष ई मुसरत नूर खान को राष्ट्रीय कौंसिल सदस्य, तथा पूर्व अध्यक्ष को ई



एनसी मित्तल, सचिव ई0 विजय प्रताप सिंह, प्रो0 डॉ कमलेश कुमार सिंह, ई0 विनोद सक्सेना, और आर्किटेक्ट एफ0 रहमान को भी उनके संबंधित डिवीजनों के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। शरद सिंह, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रो0 सिंह को उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके अभियंत्रण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान की सराहना करते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, प्रो0 सिंह ने आईईआई के प्रेसीडेंट और काउंसिल सदस्यो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसके लिये संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह देश में इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी के उन्नयन में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं, इंसानियत का दिया पैगाम

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** नैमिषारण्य ऑल इंडिया पयामें इंसानियत फोरम हजरत मौलाना अब्दुल हसन अली नदवी द्वारा कली पीठ संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में काली पीठाधीश्वर गोपाल शास्त्री जी मौजूद रहे मुख्य अतिथि के रूप में मुनेंद्र अवस्थी जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीतापुर, प्रधान अतिथि पंकज कुमार श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी मिश्रिख जिसमें स्वास्थ्य प्रशिक्षण के कैंप लगाए गए, जिसमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे, लगभग 500 मरीज का चेकअप किया गया निशुल्क दवाइयां वितरित की गई, बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ से आए हुए डॉक्टरों ने मरीज से इस मौसम में किस तरह से बचाव करना है, और सावधानियां वर्तनी है, आंखों के लिए निशुल्क ऑपरेशन के लिए पंजीकरण किया गया जिसमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं पड़ेगा जिनके मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे।

ऑल इंडिया पयामें इंसानियत फोरम हजरत मौलाना अब्दुल हसन अली नदवी ने बताया कि यह फोरम सन 1974 से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था है एक बेहतर समाज




बनाने के उद्देश्य के साथ इस संस्था को प्रख्यात इस्लामिक विद्वान मौलाना अली मियाँ ने आज से 58 साल पहले संगम नगरी इलाहाबाद से शुरू किया गया था और हम सब जानते हैं कि संगम हमारे देश की एकता का प्रतीक भी है जैसे संगम में गंगा जमुना और सरस्वती आपस में मिल कर एक हो जाती हैं वैसे ही देश के सभी धर्मों के लोग आपस में अगर मिल कर रहें और देश की उन्नति के लिए, मानवता के लिए कार्य करें बिना किसी भेदभाव के तो निश्चित ही हम एक बेहतर समाज एक बेहतर देश बना सकते हैं जो सम्पूर्ण विश्व के लिए एक उदाहरण होगा। मौलाना कौसर नदवी ने बताया कि इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है हमें एक दूसरे की तकलीफों में उनके साथ मदद करनी चाहिए।

डॉ रियाज जी ने बताया कि किसी गरीब मजलूम की मदद करके पुण्य सबाब का काम होता है, जो हमें करना चाहिए धर्म और मजहब के नाम पर नहीं बल्कि इंसानियत के नाम पर, कार्यक्रम व्यवस्थापक सफीक चौधरी ने लोगों का स्वागत अभिनंदन किया वहीं काली पीठाधीश्वर गोपाल शास्त्री जी ने संदेश दिया कि, हमें आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए सबसे पहले बुजुर्ग और बच्चों का खास ख्याल रखना चाहिए।

इस कार्यक्रम में मौजूद रहे मौलाना अब्दुल हसन अली नदवी, सफीक चौधरी, डॉ मोहम्मद जुनेद जनरल फिजिशियन, डॉ मोहम्मद जीशान चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ शहनाज अंसारी, डॉ मोहम्मद कासिम श्वास रोग विशेषज्ञ, अनीस खान, संतोष यादव, धीरज, विनय कुमार, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## बघौली शुगर एंड डिस्टलरी लिमिटेड का कृषक सम्मान समारोह नगर के राधा कृष्ण लॉन में हुआ संपन्न

**● - गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने वाले प्रत्येक कृषक को प्रोत्साहन हेतु नगद धनि राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी**

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/बेनीगंज-** शुक्रवार को बघौली शुगर एंड डिस्टलरी लिमिटेड का कृषक सम्मान समारोह बेनीगंज नगर के राधा कृष्ण लॉन में आयोजन किया गया। जिसमें बघौली चीनी मिल क्षेत्र के ऐसे कृषकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में गन्ना बुवाई करने हेतु क्षेत्र के किसान बन्धुओं को प्रेरित किया। जिसके परिणाम स्वरुप चीनी मिल प्रबंधन को कार्य करने में उत्साहवर्धन हुआ। गन्ना उत्पादन व चीनी मिल पुनः चालू होने से क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास के द्वार खुल गए। किसानों में काफी उत्साह है। शरद कालीन गन्ना बुवाई के तहत चीनी मिल क्षेत्र में 50 सबसे अधिक गन्ना बुवाई करने वाले कृषकों को प्रथम पुरस्कार अपने गांव में सर्वाधिक गन्ना बुवाई करने वाले किसान बन्धुओं को द्वितीय पुरस्कार व अन्य किसानों को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

*डालमिया ग्रुप बिजनेस के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। मंच का संचालन कर रहे उप महाप्रबंधक गन्ना विनय कुमार सिंह चौहान ने पूर्व की बात अपना सहयोग देने एवं आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई है व्हाट्सएप प्रयास करने की बात कही साथ ही डालमियां ग्रुप के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से बताया की किसानों की मूलभूत आवश्यकताएं समय से बीज उपलब्ध कराना, पानी, सिंचाई के लिए सहयोग करना, छुट्टा गौवंशों व बन्दरों से निजात के लिए सहयोग करना, समय से तौल व गन्ने का समय से भुगतान आदि को समय से पूरा करने का लक्ष्य है। यह क्षेत्र काफी पिछड़ा है। भूमि की उर्वरक शक्ति काफी अच्छी है, लेकिन अच्छा मंच न मिलने के कारण यहां का किसान पिछड़ गया है। अब हमें अच्छा ग्रुप का साथ मिल गया है। गन्ना के उत्पादन से क्षेत्र का आर्थिक व सामाजिक बदलाव होगा। किसानों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आएगा। किसान परिवार के रूप में जुड़ेंगे, डालमियां ग्रुप इन किसान परिवारों के सदस्यों के लिए शिक्षा केंद्र, कौशल प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शिक्षा की अलख जगाकर रोजगार उपलब्ध कराके क्षेत्र को नई तरक्की के रास्ता खोलेगा। गन्ने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने की गारंटी

प्रगतिशील किसान ने कहा गन्ना एक ऐसी फसल है, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने की गारंटी है। मौसम की मार में भी गन्ना किसानों की कमर नहीं तोड़ने देता है। वह उसके विकास में मजबूती से खड़ा रहता है।

**जब मुझे यह मिल मिली, तब किसानों का विश्वास टूट चुका था**

रामगढ़ चीनी मिल के यूनिट हेड आगा आसिफ बेग ने कहा जब मुझे यह मिल मिली, तब किसानों का विश्वास टूट चुका था। उस विश्वास को किसानों में बनाया है, किसान बंधुओ ने हम पर विश्वास किया। हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। आज आपके साथ मजबूत रिश्ता बन गया है। उपमहाप्रबंधक (गन्ना) विनय कुमार सिंह के अथक प्रयास व किसान बन्धुओं के बेहतर सामंजस्य से किसानों ने बढ़-चढ़कर गन्ना उत्पादन में मिल प्रबंधन के साथ कदमताल कर शुगर मिल बघौली को अपने लक्ष्य पूर्ण करने में सहयोग कर रहे हैं। हमारा आप सबका हर संभव प्रयास है इस मिल को प्रदेश की नंबर वन मील बनाना है। डालमिया के सपनों को साकार करना है।

**कृषक को प्रोत्साहन हेतु नगद धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी**

समारोह में गन्ना विकास से संबंधित प्रथम बार एक विशेष घोषणा करते हुए बघौली चीनी मिल इकाई प्रमुख नरेश चंद्र पालीवाल ने कहा कि गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने वाले प्रत्येक कृषक को प्रोत्साहन हेतु नगद




धनि राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी पेड़ी रखने वाले कृषक को 2 यूरिया बोरी प्रति एकड़ की दर से मुक्त दिया जाएगा।

**अब हमें अच्छा साथ मिला है अब गन्ना किसान तरक्की की ओर बढ़ेगा**

बड़े काश्तकार नरेंद्र सिंह अटिया अब हमें अच्छा ग्रुप का साथ मिल गया है। गन्ना के उत्पादन से क्षेत्र का आर्थिक व सामाजिक बदलाव होगा। किसानों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आएगा। किसान परिवार के रूप में जुड़ेंगे, डालमियां ग्रुप इन किसान परिवारों के सदस्यों के लिए शिक्षा केंद्र, कौशल प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शिक्षा की अलख जगाकर रोजगार उपलब्ध कराके क्षेत्र को नई तरक्की के रास्ता खोलेगा। मौसम की मार में भी गन्ना किसानों की कमर नहीं तोड़ने देता है। वह उसके विकास में मजबूती से खड़ा रहता है।

**बिना किसानों के सहयोग से मिल संचालन संभव नहीं**

देवसेन अवस्थी बघौली गन्ना समिति अध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि, बिना किसान बन्धुओं के सहयोग से चीनी मिल का संचालन संभव नहीं है। इस यात्रा में आपका योगदान कदम से कदम मिलाकर चलने से संभव है।इस मौके पर संजय सिंह गन्ना विकास निरीक्षक हरियावां, राजीव सिंह उपाध्यक्ष बघौली समिति, कमलेश अवस्थी डायरेक्टर बघौली समिति, अनूप कुमार पाल डायरेक्टर बघौली समिति, समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह झरोईया, रमेश सिंह, गंगा मिश्रा, दिलीप गुप्ता, अनिल द्विवेदी,अरविंद कुमार शुक्ला, सहित लगभग 600 सम्मानित किसान बंधु मौजूद रहे।

# बिसवां पहुंचे प्रधानमंत्री की भतीजी ने बताया योग से निरोग रहने का मंत्र

**● - योग कायाकल्प ट्रस्ट योग ग्राम लखनऊ के संस्थापक सोनल बेन मोदी पहुंची बिसवां।**

**श्री सौभाग्यम रिजॉर्ट्स में हुआ भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी सोनल बेन मोदी आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे बिसवां के श्री सौभाग्यम रिजॉर्ट्स में पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। रिजॉर्ट्स में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सोनल बेन मोदी ने कहा कि योग को अपनाकर हम जीवन पर्यंत निरोगी रह सकते हैं। उन्होंने बिसवां नगर वासियों को योग कायाकल्प योग ग्राम लखनऊ में आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराई जा रही प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी और इसके लाभ के बारे में बताया। बिसवां में प्रथम आगमन पर हुए स्वागत को अविस्मरणीय बताया।

कार्यक्रम के आयोजक मोहित जायसवाल ने कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हम सब बिसवां वासियों के लिए गौरव के पल हैं कि हमारे बीच देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद




आराध्य शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक सुरेंद्र जी,प्रदीप जायसवाल आर्य जी, मनीष लाठ,अभिषेक अग्रवाल, वांछित शर्मा, डॉ यथार्थ शुक्ला, अमित सिंघल, राजकुमार जैन, सादिक अली, चांद मियां, पीयूष मौर्य, डॉ लतीफ, बबलू वर्मा, लकी श्रीवास्तव, अंशू रस्तोगी, पप्पू सिंह, कस्बा इंचार्ज अतुल वर्मा, उपनिरीक्षक स्वाती सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गरीब असहाय जरूरतमंदों को नगर पंचायत के जिम्मेदार व क्षेत्रीय विधायक ने वितरित किए कंबल

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** ठंड को देखते हुए चल रही शीत लहर से बचाव के लिए गरीब, असहाय जरूरतमंदों बुजुर्ग महिलाओं,पुरुषों को शुक्रवार को नगर पंचायत के जिम्मेदार व क्षेत्रीय विधायक द्वारा लोगों को कम्बल वितरित किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालामऊ विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ विधायक रामपाल वर्मा ने वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा डबल इंजन की सरकार हर गरीब तबले की मदद पहुंचा रही है चाहे कम्बल का वितरण हो चाहे प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना हो चाहे उज्ज्वला योजना हो ऐसी अनेक योजनाएं चल रही है। जिससे सभी के खातों में सीधे पैसा पहुंच रहा है सरकार द्वारा जनकल्याण कारी योजनाए चलाई जा रही हैं। उनसे हर पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ पा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की मंशा है की हर पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं तक सीधे पहुंच सके। कम्बल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का नगर पंचायत अध्यक्ष शिवप्यारी अंजाना एवं प्रतिनिधि रुपया अंजाना,नगर पंचायत की अधिशासी अभियंता विजेता गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक विजय तिवारी, मिलन तिवारी, भाजपा से नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष बेनीगंज रोहित वैश्य,अरविंद शुक्ला




आदि लोगों ने गुलदस्ता और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश चंद्र,व्यापार मंडल अध्यक्ष लव कुमार मिश्रा, गंगा मिश्रा सभी सभासदगढ़ साहित्य सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्री भागवत कथा का शुभारंभ-251 कलशों के साथ निकली कलश यात्रा, 10जनवरी को कथा के समापन पर होगा विशाल भंडारा

**पिहानी** कस्बे के डाक बंगला चुंगी पर स्वास्तिक ज्ञानोदय विद्यालय में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा वाचन को लेकर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ कस्बे के प्रसिद्ध शिव मंदिर भूरेश्वर महादेव मंदिर से हुआ। भागवताचार्य कथा व्यास हितेश महाराज ने मंत्रोउच्चारण कर माहौल भक्ति में कर दिया। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई, तुषार बाजपेई, अंकुर बाजपेई, नवनीत वाजपेई, पियूष शुक्ला,पंकज शुक्ला, अंबुज शुक्ला ,चंद्रनाथ शुक्ला, नीरज शुक्ला, अशोक शुक्ला, आनंद शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा, प्रधान बबलू लूंगी, विजया अवस्थी, अशोक अवस्थी आदि लोगों ने कलश यात्रा की व्यवस्था देखी। सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त निरीक्षक संजय त्यागी पुलिस बल के साथ कलश यात्रा के साथ मौजूद रहे।

कथा वाचक पंडित हितेश जी महाराज के मंत्र उच्चारण यह विधिवत पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में 251 कलश में अमृत जल भरा गया। इन कलशों को नए-नए परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर धारण किया, जिसके बाद यात्रा रवाना हुई। भागवत पुस्तिका



को सिर पर धारण कर श्रद्धालु यात्रा में आगे आगे चल रहे थे। भागवत कथा आज से प्रारंभ होगी जो कि 10जनवरी को भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा, इसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर भी नहीं हटे बीएसए वीपी सिंह, अधिवक्ता ने दाखिल की रिट

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई-** आज़ाद अधिकार सेना के जोनल अध्यक्ष व अधिवक्ता विमलेश शर्मा ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ के आदेश कि अवमानना को लेकर रिट याचिका योजित की है। रिट में उन्होंने बताया कि विजय प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरदोई के विरुद्ध उच्च न्यायालय लखनऊ ने दिनांक 17 दिसंबर 2024 को विजय प्रताप सिंह के खिलाफ़ कार्यवाही करते हुए जांच का आदेश पारित किया था और आदेश में यह भी कहा गया था की जांच 3 माह के अंदर पूरी कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की जाए। उक्त आदेश को विजय प्रताप सिंह की सर्विस बुक पर एंट्री कराया जाए और जब तक जांच पूरी न हो जाए तब तक कोई महत्वपूर्ण पद न दिया जाए। श्री शर्मा का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश का अभी तक अनुपालन नहीं कराया गया है। विजय प्रताप सिंह नियमों के विपरीत जाकर उच्च न्यायालय की अवहेलना करते हुए विभाग के सभी कार्य कर रहे हैं। जिस संबंध में कड़ी कार्यवाही करते हुऐ पद से हटाए जानें की मांग की गई है।



उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना को लेकर दाखिल की गयी रिट में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा तथा अन्य जिम्मेदारों को पार्टी बनाया गया है।

## 14 जनवरी तक रहेगा शीतकालीन अवकाश

**हरदोई** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सूचित किया है कि भीषण शीतलहर एवं वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने को दृष्टिगत रखते हुये जनपद में संचालित समस्त आंगनबाडी केन्द्रों पर प्राथमिक विद्यालयों के बन्द होने तक 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। अवकाश अवधि में आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन 03 से 06 वर्ष के बच्चों हेतु नही किया जायेगा। किन्तु आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा केन्द्रों को खोलते हुये राशन वितरण, टीकाकरण एवं अन्य शासकीय कार्य पूर्व की भांति सम्पादित किये जायेगें।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**शाहाबाद/हरदोई** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेभा मुरादपुर में एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मृत्यु के मामले में मृतका के पिता की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज दहेज हत्या के मुख्य आरोपी पति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में मृतका के पिता पिहानी थाना क्षेत्र के हिल्लापुर निवासी परमेश्वर दीन के पिता की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध 2 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज की थी।रिपोर्ट दर्ज होने के एक माह बाद कोतवाली क्षेत्र की आँझी चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दहेज हत्या के मुख्य आरोपी मृतका के पति कुलदीप पुत्र मेवाराम को गिरफ्तार कर लिया है।कोतवाली पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा कर उसे जेल भेज दिया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भाजपा मंडल अध्यक्ष राही बनाए गए वेद प्रकाश पांडेय

### कार्यकर्ताओं ने दोबारा भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर जतायी खुशी



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गए हैं। सत्ताधारी बीजेपी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी करते हुए मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा कर दी है।इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूसरी बार मंडल अध्यक्ष राही के पद पर वेद प्रकाश पांड़ेय (एड्वोकेट) के मनोनयन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया।कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर प्रसन्नता जाहिर की।वहीं मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पांड़ेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन पर दूसरी बार भरोसा जताया है वह ईमानदारी के साथ पार्टी हित के लिए कार्य करेंगे।उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जितेंद्र सिंह,दिगेंद्र सिंह,सुनील सिंह,राम शंकर यादव,सुशील यादव,महेश नारायण,प्रेम मिश्रा,अनिल सिंह चौहान,श्रवण कुमार यादव,राजेंद्र मौर्या आदि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौजूद रहते हुए हर्ष जताया।

## आज दामोदर खेड़ा में हर्षोल्लास से मनाई जाएगी सावित्रीबाई फुले जयंती



**शिवगढ़, रायबरेली।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज 3 जनवरी को प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयन्ती नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड नं.1 दामोदर खेड़ा में मनायी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन हम भारत के बैनर तले किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी युवा समाजसेवी आलोक कुमार बौद्ध,समाजसेवी दीपक बौद्ध द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि बसंतलाल बौद्ध,जेपी बौद्ध, शिवशंकर, सुबोध कुमार, रामदास गौतम, अमरीश बौद्ध, दीपक,अमरीश,जगजीवन आदि लोगों के सहयोग से कार्यक्रम को भव्य बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

## सड़क पार कर रही एक किशोरी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सवार घायल

**महराजगंज (रायबरेली)** महराजगंज बछरावां रोड पर सूरदास कूटी के पास सड़क पार कर रही एक किशोरी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सवार घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सारीपुर के रहने वाले पंकज शर्मा 22 पुत्र शिव कुमार बाइक से अपनी मां की दवा लाने बछरावां जा रहे थे तभी महराजगंज बछरावां रोड पर सूरदास कूटी के पास अचानक से एक किशोरी सड़क पार करने लगी जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई इससे बाइक सवार पंकज जो हेलमेट लगाए थे उसका सीसा टूटकर उनके गाल में धंस गया इससे उन्हें गंभीर चोट आई है, सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## सोनभद्र के महाकालेश्वर मंदिर से गायब हुआ शिवलिंग बरामद




**सोनभद्र।** डाला क्षेत्र के महाकालेश्वर मंदिर से गायब हुए शिवलिंग को स्थानीय पुलिस ने नाले से बरामद कर लिया है। शुक्रवार सुबह मंदिर के पुजारी ने शिवलिंग गायब पाया था जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि रात को नाले से किसी वस्तु के गिरने की आवाज सुनी थी। पुलिस ने नाले की तलाशी ली और शिवलिंग को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस घटना से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। लोगों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। पुलिस ने मामले की जांच जारी रखते हुए दोषियों को पकड़ने का दावा किया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई ना बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा व ग्रिल अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना बाजार शुक्ल एवं थाना जगदीशपुर किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**● मातहत अधिकारियों कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना बाजार शुक्ल के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया एवं थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये। इसी कड़ी में थाना जगदीशपुर के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क, इंटीग्रेटड सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये । बताते चलें नवागत पुलिस अधीक्षक जहां प्रत्येक दिन जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कर रही है, वही नवागत पुलिस अधीक्षक अमेठी के नेतृत्व में अमेठी पुलिस को लगातार अपराध पर नियंत्रण में सफलता मिल रही है। साथ-साथ नशा मुक्ति अभियान के तहत भी अमेठी पुलिस लगातार बड़ी कार्रवाई कर रही है यही नहीं नवागत पुलिस अधीक्षक अमेठी लगातार भ्रमणशील रहकर जनपद के समस्त थानो का औचक निरीक्षण करते हुए ला एंड ऑर्डर मेंटेन रखने का निर्देश दे रही है साथ ही साथ अन्य आवश्यक दिशा निर्देश मातहत अधिकारियों कर्मचारियों को दे रही हैं, जिससे जनपद अमेठी में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखाई दे रही है।



# हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयन्ती

**● हम भारत के लोग बैनर तले किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

**समाज को शोषण से बचाने के लिए जगानी होगी शिक्षा की अलख-आलोक बौद्ध**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत दामोदर खेड़ा में हम भारत के लोग बैनर तले बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर बहुजन महापुरुषों के जीवन पर आधारित भाषण तथा स्वरचित गीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सैकड़ों की में संख्या में उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में बुद्धिष्ट म्यूजिकल ग्रुप की मिशनरी ड्रांसर आंचल बौद्ध,पायल बौद्ध ने माता सावित्रीबाई की महिमा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं अमरेश दीवाना के ऊर्जावान भाषण सुन जयभीम के उद्घोष से पूरा पण्डाल गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारम्भ आलोक बौद्ध, जेपी बौद्ध, दीपक बौद्ध, शिक्षक राजेश्वर प्रसाद, प्रेम नरायण, आरवी टेडर्स के मालिक मनोज रावत, अम्बरीष बौद्ध,ओम प्रकाश रावत, प्रेमचन्द नाग आदि लोगो द्वारा भगवान तथागत बुद्ध, भारतरत्न डा.भीम राव अम्बेड़कर, महात्मा ज्योतिबाराव फुले, माता सावित्रीबाई फुले, सन्त कबीरदास आदि महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से किया गया। मंच संचालक आलोक बौद्ध ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहाकि गरीबी से ज्यादा सामाजिक बेज्जती खटकती है,इस शोषण को समाप्त करने के लिए महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने सावित्रीबाई फुले को पढ़ाया लिखाया और वे देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनी।

समाज को शोषण से बचाने के लिए जन-जन में शिक्षा की अलख जगानी होगी। दीपक बौद्ध ने माता सावित्रीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था। पहले के समय में दलितों को शिक्षा आदि से वंचित रखा जाता था लेकिन सावित्रीबाई फुले ने इन सब कुरीतियों से लड़कर अपनी पढ़ाई जारी रखी। उनके समाज में छुआ-छूत का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन सबसे हार न मानकर अपनी शिक्षा जारी रखी। इसके बाद उन्होंने



अहमदनगर और पुणे में अध्यापक बनने की ट्रेनिंग पूरी की और बाद में अध्यापिका बनीं। वहीं जेपी बौद्ध,दीपक बौद्ध,जगजीवन भारती आदि लोगों ने माता सावित्रीबाई फूले एवं बहुजन महापुरूषों के जीवन पर डालते हुए शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी आलोक कुमार बौद्ध,मवइया निवासी युवा समाजसेवी दीपक कुमार बौद्ध के नेतृत्व में हम भारत के लोगों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने लोगों में सविधान की अलख जगाते हुए कहाकि समाज में शोषण तथा ठगी से बचने के लिए संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा,संविधान की रक्षा करनी होगी। इस मौके पर राजनरायण, रामदास गौतम, अंकित, अमित, बसन्तलाल शिवशंकर, आशीष, शुभम, रितिक, सोनी बैग, दिलीप, शैलेन्द्र, कुलदीप सिंह,आशुतोष यादव,जय श्री सैनी, राजेंद्र कुमार, फूलचंद्र, रोहित गौतम, मोहित विक्रम, अरविंद आदि लोगों के साथ ही कार्यक्रम में सैकडों की तादात में महिलाएं उपस्थित रही।

# उद्योग व्यापार मंडल ने कस्बे के बारह प्रमुख स्थानों पर जलवाए अलाव

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** विगत एक सप्ताह से पड़ रही भीषण ठंड में क्षेत्र से आने वाले राहगीरो किसानों व व्यापारियों की सुविधा हेतु व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कस्बे के लगभग 1दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाकर लोगों को ठंड से निजात दिलाई। बताते चलें कि, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अश्विनी सिंह उर्फ पिंटू सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों ने कस्बे के सार्वजनिक स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तहसील कस्बे के मेन तिराहा सहित लगभग 1 दर्जन जगहों पर सूखी लकड़ी का अलाव जलवाया जिसमें व्यापारी सहित राहगीर भी तापते नजर आए और लोगों को हो रही भीषण ठंड से राहत मिल सके बताते चलें कि, उद्योग व्यापार मण्डल प्रतिवर्ष ठण्ड के समय में कस्बे के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने का काम करता है। जिसके तहत इस बार भी उन सभी स्थानों पर अलाव जलवाने का काम उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रिंसू वैश्य, अंकुर गुप्ता, मानस वैश्य, कृष्ण कुमार कसेरा, पप्पू यादव, विशाल चौरसिया, अनिल जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, गुड्डू मनिहार, ज़ैनुल आबदीन उर्फ लाला, आदि व्यापारी मौजूद रहे।



# राघवपुर, ओसाह, दरियावगंज ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ओसाह में आयोजित 16वीं बीएमसीसी क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच राघवपुर-पड़रिया के मध्य खेला गया, जिसमें राघवपुर ने पड़रिया को 33 रन से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राघवपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पड़रिया टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 60 रन ही बना पाई, इस प्रकार से राघवपुर ने 33 रन से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। दूसरा मैच खरगी खेड़ा- ओसाह के मध्य खेला गया, जिसमें ओसाह ने खरगी खेड़ा को 9 विकेट से पराजित कर मैच जीत लिया। खरगी खेड़ा ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसाह टीम ने एक विकेट के नुकसान पर छठवें ओवर में 9 विकेट से मैच जीत लिया। ओसाह के सुयंश को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

तीसरा मैच दरियावगंज - गूढ़ा के मध्य खेला गया जिसमें दरियागंज ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। गूढ़ा ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 63 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दरियागंज टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 8 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।



स्कोर की भूमिका जहां रंजीत कुमार, राहुल मौर्य ने निभाई तो वहीं एंपायर की भूमिका हरिहरन सिंह, मोनू सिंह ने निभाई। रोमांचक कमेंट्री शमशाद खान द्वारा की गई। इस मौके पर सकलैन, डॉ.सुशील कुमार, रंजीत कुमार मौर्य के नेतृत्व में नीरज, अमरजीत,अन्नू, नन्कऊ, सोयांश, पवन मौर्य, मोबीन,मोनू, रामबाबू, अमरजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के पत्रकार सुनिल कुमार पाठक पर हुए हमले से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई

**● पत्रकार सुनिल कुमार पाठक पर हुए जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें छह लोगों को आरोपी बनाया गया है।**

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** नशे के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में पत्रकार सुनिल कुमार पाठक पर हुए हमले के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पत्रकार सुनिल कुमार पाठक ने बताया कि नशे के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के कारण कुछ लोगों ने उन्हें अगवा कर लिया और एकांत जगह पर ले जाकर प्रताड़ित किया। उन्होंने धमकी दी कि अगर उन्होंने इस तरह की गतिविधि जारी रखी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की गंभीरता से ले रहे हैं और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 4/25 धारा 140(3), 115(2), 351(2) बीएनएस धारा के तहत 6 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# सोनभद्र में कुपोषण मुक्त जिले का लक्ष्य

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक में जिले में पोषण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पोषण समिति और कन्वर्जेन्स समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा, ÷जिले के विकास के लिए बच्चों का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। हम कुपोषण मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।÷ उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में पोषण अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने बी0एच0एन0डी0 की बैठक रोस्टर सेशन के अनुसार कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया और उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यो की बेहतर ढंग से मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें। जिन बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा पोषण अभियान के तहत मानीटरिंग व निरीक्षण के कार्यो में शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि सैम-मैम बच्चों को समय से पोषाहार व दवाएं उपलब्ध करायी जाये और उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाये जिससे कि वह जल्द से जल्द स्वास्थ्य हो सके सके।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित ब्लाक में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।मुख्यालय पर बिना जरूरी कार्य के न दिखें। बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आपस में समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक कार्यवाही समय से पूर्ण कर लिया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी निर्माणाधीन भवन हैं उसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये। मातृत्व वन्दना योजना का प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे इस योजना की जानकारी लोगों को हो सके और लाभ पात्रों को लाभ भी मिल सकें। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) रोहित यादव, डी0 सी0 मनरेगा, डी0सी0 एन0 आर0 एल0 एम0 सरिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में पोषण अभियान को मिली गति

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** जिले के विकास और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बच्चों का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से, जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान की समीक्षा बैठक की।बैठक में उन्होंने कुपोषण मुक्त गांव बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। इसके लिए अधिकारियों को गांवों को आवंटित कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। पोषाहार वितरण की निगरानी के लिए पोषण ट्रैकर ऐप का उपयोग किया जा रहा है।आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण अभियान के कार्यों की मॉनिटरिंग को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सैम-मैम बच्चों को समय पर पोषण और दवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृत्व वंदना योजना और आयुष्मान भारत योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया।

# अनपरा बिजलीघर ने पिछले साल की तुलना में बिजली उत्पादन में की बढ़ोतरी

**● बिजलीघर के बेहतर होने से क्षेत्र का विकास होगा।**

स्वतंत्र प्रभात



**अनपरा सोनभद्र** बिजलीघर ने पिछले साल की तुलना में बहुत अच्छी बिजली बनाई है। बिजलीघर की मशीनें भी बेहतर तरीके से काम कर रही हैं। हालांकि, कुछ मशीनों में खराबी आ गई थी, जिससे बिजली का उत्पादन कम हो गया। लेकिन जल्द ही इन मशीनों को ठीक कर दिया जाएगा और बिजली उत्पादन पहले जैसा हो जाएगा। कंपनी ने बिजलीघर को और बेहतर बनाने के लिए कई और काम भी किए हैं।अनपरा बिजलीघर ने बहुत अच्छा काम किया है। उसने बहुत सारी बिजली बनाई है और बिजली बनाने में कम खर्च हुआ है। हालांकि, कुछ मशीनें खराब हो गई थीं, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। कंपनी ने बिजलीघर को और बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। हमें अच्छी और सस्ती बिजली मिलेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा।

# सोनभद्र में रसोइयों ने दिखाया अपना हुनर

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** जिले में आयोजित रसोइयों की पाक कला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रसोई का हुनर दिखाया। मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका को महत्व देते हुए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।प्रतियोगिता में तहरी व्यंजन बनाने की प्रतिस्पर्धा हुई। निर्णायक मंडल ने भोजन के स्वाद, स्वच्छता और पकाने की विधि को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन किया। प्रथम स्थान श्रीमती बसंती, द्वितीय स्थान श्रीमती सोनी देवी और तृतीय स्थान श्रीमती सुनीता देवी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

इस आयोजन में जिले के सभी विकास खंडों से रसोइयों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों और अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।



# पर्व एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत महानगर में धारा 163 लागू

**अलीगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 06 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 14 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 से 15 मार्च तक होली का त्योहार एवं विभिन्न आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति-व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 17 मार्च 2025 तक धारा-163(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन के लिए किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और ना ही ऐसे समूह में शामिल होगा। साथ ही इसके रेलवे स्टेशन व सिविल लाइन की तरफ, शमशाद मार्केट व जमालपुर क्षेत्र के आस-पास एवं रेलवे रोड व मालगोदाम के आस-पास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह रात्रि के समय अनावश्यक रूप से एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति भांग या शराब या अन्य किसी मादक पदार्थ का सेवन कर उद्दण्डता नहीं करेगा और न नशे की हालत में सड़क या सार्वजनिक स्थल पर घूमेगा। कोई भी व्यक्ति अपने यहां अपराधी प्रवृत्ति का किरायेदार नहीं रखेगा और यदि किसी विदेशी नागरिक को किरायेदार के रूप में रखेगा तो उसकी सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को अनिवार्य रूप से देगा। कोई भी व्यक्ति विभिन्न धर्मो, जातियों एवं सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की धार्मिक अथवा जातीय भावनाओं को नहीं भड़कायेगा और न ही मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या पूजा के अन्य स्थानों का प्रयोग भड़काऊ भाषणों हेतु करेगा। कोई भी व्यक्ति न तो ऐसे क्रियाकलाप करेगा और ना ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित दूकरेगा जो विभिन्न जाति, धर्म, भाषा के मतावल्म्बियों के बीच पहले से विद्यमान तनाव एवं ईर्ष्या को और भड़काने का कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा अन्तर्गत यह आदेश महानगर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है जोकि 17 मार्च 2025 तक लागू रहेगा, यदि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाये। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह इस आदेश क़ा उल्लंघन करेगा तो वह धारा-233 के अन्तर्गत एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों एवं विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा। यह आदेश सम्पूर्ण महानगर क्षेत्र अलीगढ़ में लागू होगा और समस्त व्यक्तियों पर लागू होगा जो इस अवधि में महानगर में रहेंगे या आवागमन करेंगे।

# कानपुर पुलिस और पिरामल फाइनेंस का संयुक्त साइबर सुरक्षा अभियान

**● - जगह - जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को साइबर ठगी के प्रति जनता को किया जा रहा जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर नगर के साइबर क्राइम थाना, सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने व रोकथाम करने हेतु 20 दिसंबर 24 से 15 दिवसीय साइबर क्राइम जन जागरुकता अभियान पिरामल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के समन्वय से संचालित है। इस अभियान में कानपुर नगर की साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा पिरामल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ मिलकर साइबर जागरुकता वाहन के माध्यम से कानपुर नगर के सभी थाना क्षेत्रों में गली-गली जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जन को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज 2 जनवरी को साइबर जागरुकता वाहन दक्षिण जोन के थाना सचेण्डी में चकरपुर मण्डी, थाना हनुमंत बिहार में गल्ला मण्डी, थाना सेन पश्चिम पारा में सैनिक चौराहा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहा। साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान तकनीकी के इस दौर में साइबर अपराधियों द्वारा आम जन नागरिकों को नये-नये तरीके से ठगा जा रहा है। इन साइबर अपराध व साइबर ठगी को रोकने के लिये सभी को जागरूक होना होगा। आज जिस तरह से अपराधियों द्वारा साइबर अपराध को अपराध करने का सशक्त माध्यम बनाया जा रहा है, उससे बचने के लिये हमें स्वंय जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इस जागरूकता अभियान को हमें अपने आस-पड़ोस व परिचितों तक पहुंचाना होगा ताकि हर कोई व्यक्ति अपने साथ होने वाले संभावित साइबर अपराध से बचा रहे। साइबर क्राइम के चल रहे नये तरीकों को लेकर किया जागरुक किया जा रहा है। इंवेस्टमेंट व टास्क के नाम पर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फ्रॉड, ऑनलाइन ज्यादा पैकेज पर नौकरी लगवाने के नाम पर फ्रॉड, सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से फ्रॉड, ऑनलाइन फ्रॉड, फेक ट्रेडिंग एप, वेबसाइट बनाकर ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर ठगी पुलिस ने दिए साइबर अपराध से बचने के टिप्स।

# तीन दोस्तों ने मिलकर की थी दोस्त की हत्या चकेरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**● - फिरौती के लिए ले गए कन्नौज मांग पूरी न होने पर कर दी हत्या हत्या कर शव को नदी में फेंका**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** चकेरी थाना पुलिस ने पिछले दिनों अपने ही एक दोस्त की हत्या के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। दोस्ती के चक्कर में फंसा मृतक, फिरौती के लिए पहले अपहरण कर कन्नौज ले गए और जब मांग पूरी नहीं हुई तो बात खुलने के डर से उसकी हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्त सोनू वर्मा निवासी गोपाल नगर,शिवम गुप्ता निवासी हालसी रोड व राज कश्यप निवासी कन्नौज ने 28 दिसंबर को अपने मित्र राजेश निषाद को फोन कर बुलाया और मोटरसाइकिल पर बैठाकर श्याम नगर स्थित एक शराब के ठेके पर शराब पी और उसके बाद मोटरसाइकिल पर बैठाकर राजेश निषाद को राज कश्यप के घर कन्नौज ले गए। और फिर 10 लाख रुपए की फिरौती की मांग की और मांग पूरी न होने पर गला कसके फिर ईट से कुचल कर उसकी हत्या कर दी।

हत्या करके शव को छुपाने के लिए एक प्लास्टिक की बोरी में भरकर एक मोपेड से मिश्रीपुर काली नदी कन्नौज में ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने अभियुक्तों को पीएसी मोड़ रांग साइड से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस पहले दिन से ही एक्टिव हो गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक कुमार दुबे, चौकी प्रभारी कोयला नगर राष्ट्र दीप, उपनिरीक्षक रोहित यादव, कांस्टेबल बबलू, लीलाधर व कुलदीप का विशेष योगदान रहा।

# निर्माण क्षेत्र में गिरावट के कारण दैनिक मजदूरों की आर्थिक स्थिति भयावह - सपा कानपुर महानगर

**● - अलाव कंबल की व्यवस्था नहीं अन्य क्षेत्र की भी सुविधा से वंचित, मजदूरों को श्रमिक कालोनियां बनाई जाए- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के प्रमुख पदाधिकारियों पीडीए युवा टीम की एक बैठक सपा कार्यालय में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि निर्माण क्षेत्र में गिरावट के कारण दैनिक मजदूरों को कार्य नहीं मिल पा रहा है शहर के मूलगंज काकादेव गोविंद नगर किदवई नगर सीसामऊ बर्रा यशोदा नगर कल्याणपुर हजेंद्रर नगर रामदेवी चौराहा के डी ए चौराहा सहित अधिक क्षेत्रो के चौराहों पर मजदूरों की मंडी मे निर्माण कार्य नहीं मिल रहा है जिसके कारण उनके सामने आर्थिक स्थिति भयावह हो रही है। उन्होंने कहा कि खाने की व्यवस्था न होने के कारण परेशान है सरकार मजदूरों की ओर उदासीन है चौराहों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था से नगर निगम असफल रही गरीबों को सामाजिक संस्थाएं कंबल बांट रही है लेकिन सरकार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है कानपुर महानगर के आसपास क्षेत्रो के काफी श्रमिक कार्य की तलाश शहर आते हैं लेकिन कार्य के अभाव में टूट जाते हैं।

# वन विभाग के सिपाही की ठेकेदारों से मजबूत पकड़, जंगलों में हो रहा लकड़ी का कटान

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** जिले के भरतकूप क्षेत्र में वन विभाग के सिपाही द्वारा ठेकेदारों के साथ मिलकर जंगलों में अवैध लकड़ी का कटान कराए जाने की खबरों ने सबको चौंका दिया है। वन विभाग के एक सिपाही की कथित रूप से ठेकेदारों के साथ मिलीभगत के चलते जंगलों में हर रोज़ लकड़ी का कटान हो रहा है, जिससे पर्यावरण और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो रहा है। इस काले धंधे में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भरतकूप के जंगलों में एक सिपाही ने अपनी पकड़ मजबूत बना रखी है और ठेकेदारों से मिलकर अवैध लकड़ी का कटान करवा रहा है। यह सिपाही ठेकेदारों से मोटी रकम लेकर, उन्हें बिना किसी डर और दबाव के जंगलों में लकड़ी काटने की अनुमति दे रहा है। दिन-ब-दिन बढ़ते इस अवैध कटान के कारण जंगलों का आकार लगातार सिकुड़ता जा रहा है।

वहीं, वन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी इस मामले में मौन धारण किए हुए हैं, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग का यह सिपाही किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस मामले को और भी गंभीर बना रही है। अब यह देखना होगा कि जिले के नवागंतुक डीएफओ (जिला वन अधिकारी) इस मामले में किस तरह की कार्रवाई करते हैं। क्या वह इस सिपाही की शिकायतों की जांच करेंगे और वन विभाग के अंदर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे, या फिर इस तरह की घटनाओं को अनदेखा कर देंगे?

इधर, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर समय रहते इस अवैध कटान पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले समय में यह जंगल और वन्यजीवों के लिए एक बड़ा संकट बन सकता है। साथ ही, यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि नवागंतुक डीएफओ इस मामले में सख्त कदम उठाएंगे और वन विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर शीघ्र ध्यान देगा और जंगलों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएगा या इसी तरह वन विभाग का सिपाही अवैध लकड़ी का कटान कराता रहेगा।

# विधायक सलिल विश्नोई व अभिजीत सांगा ने किया बिठूर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**● - कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित।**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई व क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सांगा द्वारा बिठूर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 लाख की धनराशि से कराये गये विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह विधायक सलिल विश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के कार्यों को ऐसे ही आगे बढ़ाती रहेगी। आज 3 दिसंबर को पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस बिठूर में विधायक सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि से कराये गये विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक सलिल विश्नोई व अभिजीत सिंह सांगा द्वारा किया गया। तत्पश्चात विधायक सलिल विश्नोई ने कर्मठ भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक सलिल विशनोई, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, रोचना विशनोई, पार्षद लक्ष्मी कोरी, अभिषेक गुप्ता 'मोनू', आदर्श गुप्ता, अमित गुप्ता, गुरुनारायण गुप्ता आलोक पाण्डेय, विवेक शर्मा, गोविन्द शुक्ला, अनुज गुप्ता डा. नीना अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष वैभव खण्डेलवाल, अभिमन्यु सक्सेना चन्द्रकान्त द्विवेदी, नवनीत जैन, एन.डी. तिवारी, ब्रजेश सेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## यूपी और यूके विधानमंडल की महिला सदस्यों का सम्मेलन बिठूर में डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने किया बिठूर स्थित रोजिएट पैलेस का निरीक्षण





**● - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष करेंगे कार्यक्रम में शिरकत**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड विधानमंडल की महिला सदस्यों का सम्मेलन दिनांक 8 जनवरी को बिठूर स्थित रोजिएट पैलेस हाल ईटरनिटी होटल में प्रस्तावित है। आज डीसीपी पश्चिम ने कार्यक्रम के मद्देनजर वहां का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं अध्यक्ष उत्तराखण्ड विधानसभा की गरिमामई उपस्थिति में किया जाना प्रस्तावित है। अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा आज बिठूर स्थित रोजिएट पैलेस हाल एवं ईटरनिटी होटल के प्रबंध समिति से वार्ता की गई एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया, इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर मौजूद रहे।

## कानपुर के होटल में मिली नए साल की पार्टी मनाने निकले युवक की लाश, जांच शुरू

**● - दोस्तों के साथ नए साल की पार्टी मनाने निकला था चमनगंज क्षेत्र का गौरव**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** नए साल की पार्टी मनाने निकले एक युवक की नंगी लाश यहां के एक होटल में मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की छानबीन कर रही है। नजीबाबाद थाना क्षेत्र की इस घटना में परिवार के लोगों ने दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक चमनगंज के भन्नानापुरवा में रहने वाले दिव्यांग अवधेश गुप्ता का एकलौता बेटा गौरव (22) स्वरूप नगर स्थित एक कैफे में काम करता था।

मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि गौरव दोस्तों के साथ गुमटी स्थित एवीएस ग्रांड होटल में पार्टी मनाने गया था। यहां उन लोगों ने दो कैमरे भी बुक कर आए थे। पुलिस द्वारा मामले की अब तक की की गई छानबीन के मुताबिक देर रात शराब पीने के बाद सभी दोस्त गौरव को होटल में छोड़कर चले गए थे। कुछ देर बाद उसका एक दोस्त मोबाइल का चार्जर लेने वापस होटल के कमरे में पहुंचा तो देखा गौरव बाथरूम में अर्धनग्न हालत में पड़ा है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोस्त उसे कार्डियोलॉजी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर उसके दोस्त अस्पताल के डाक्टर से विवाद करने लगे।अस्पताल प्रबंधक की शिकायत पर पहुंचे स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय भी पहुंचे और घटना की जानकारी नजीराबाद इंस्पेक्टर अमान सिंह को दी। वहीं मौके पर पहुंचे युवक के परिजन ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा भी किया। जिन्हें पुलिस ने समझा बूझकर बड़ी मुश्किल से शांत कराया। पुलिस ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले विद्यालयों की छात्रवृत्ति रुकेगी

**कानपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा निर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नियमावली- 2023 की व्यवस्थानुसार निजी क्षेत्र के मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर पंजीकरण न कराये जाने की स्थिति में उक्त विद्यालय के छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को अग्रसारित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने योजनान्तर्गत आवेदन कराने वाले समस्त निजी क्षेत्र के विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्यो को सूचित किया है कि जिन निजी श्रेणी के शिक्षण संस्थानों द्वारा अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नही कराया गया है वह तत्काल अपने विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान का पंजीकरण कराते हुए उसका प्रिंट आऊट संलग्नकों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त पंजीकरण को अधोहस्ताक्षरी स्तर से आनलाईन वेरिफाई करते हुए राज्य सरकार छात्रवृत्ति वेबसाइट पर विद्यालय की मार्किंग की जा सके।

## निर्माणाधीन निर्माण कार्यों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते नगर आयुक्त



**अलीगढ़।** शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा शहर में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने एबीसी सेंटर और निर्माणाधीन कल्याण मंडप का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने दोनों निर्माण स्थलों पर निर्माण सामग्री मानक गुणवत्ता को बेहद गंभीरता से लेने के निर्देश मुख्य अभियंता सुरेश चंद को दिए। नगर आयुक्त ने सर्व प्रथम निर्माणाधीन ए0बी0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। बिल्डिंग के प्लास्ट का नमूना जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए गये। जंगलों पर खिडकी न लगाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्माण कार्य का थर्ड पार्टी एंस्पेक्शन कराने के निर्देश दिए तथा कार्य समय से पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कार्यो को गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए गये। नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया गया निर्देश दिए गये कि निर्माण कार्य डी0पी0आर0 के अनुसार गुणवत्तापूर्वक कराने के लिए कहा गया। कालम की शटरिंग मानक से ज्यादा होने पर निर्देश दिए कि मानकों का अनुपालन किया जाये।

## पारा लुढ़कने से बढ़ी हाड़ कपकपाने वाली ठण्ड़


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**अलीगढ़।** ठंड अब अपना रंग दिखाने लगी है, हर रोज पारा गिर रहा है। दोपहर तक दिन सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं हुए। ठंड में लोग कंपकंपाते रहे। शाम को तो छोड़िए अब तो दिन में ही कई जगह अलाव जल गए। सुबह से कोहरे की चादर तनी रही और दोपहर में कुछ देर धूप नजर आई। शुक्रवार की सुबह कोहरे में लिपटी हुई थी। पारा भी 7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सर्द हवाओं के बीच हर कोई कंपकंपा रहा था। वहीं 2 जनवरी को शहर का एक्यूआई भी 325 रिकॉर्ड किया गया। दो प्रमुख चौराहे रेड जोन में आ गए। अगर एक दो दिन में हवा में सुधार नहीं हुआ तो प्रदूषण विभाग औद्योगिक इकाइयों को बंद करा देगा।मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि ठंड अभी और बढ़ेगी। पारा लगातार गिरेगा। सर्द हवाएं लोगों को बेचैन करेंगी। मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर अतीक अहमद ने बताया कि पछुआ हवाएं चलने से सर्दी बढ़ रही है। क्योंकि इस बार ठंड देरी से आई है लिहाजा लंबी चलेगी। अलीगढ़ में हवा भी जहरीली होने लगी। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरूवार को पारा एक्यूआई बढ़कर 325 पहुंच गया है। इससे सांस और टीबी के मरीजों की परेशानियां बढ़ गई। कलक्ट्रेट तिराहे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेस्क-एक्यूआई) 324.85 और कंपनी बाग चौराहा का एक्यूआई 321.07 रहा। यह दोनों चौराहे ही रेडजोन में पहुंच गए हैं। वहीं, सात चौराहे ऑरेंज जोन में रहे। एक चौराहा ग्रीन जोन में रहा।

# स्वास्थ्य विभाग की जांच के नाम पर खाना पूर्ति

**● - शिवरामपुर स्वास्थ्य केंद्र में अवैध वसूली का खेल**

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** जिले के शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर एक घिनौनी घूसखोरी का मामला सामने आया था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। ग्राम भारतपुर तराव के निवासी शरद कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र को अपडेट करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र का रुख किया था। लेकिन जब वह वहां पहुंचे, तो प्रमाण पत्र बनाने वाले कर्मचारी ने उनसे 220 रुपये की घूस की मांग की। शरद कुमार ने घूस देने से इनकार किया, लेकिन कर्मचारी ने उनकी बात अनसुनी करते हुए प्रमाण पत्र देने से साफ मना कर दिया। मजबूरी में उन्हें 220 रुपये की घूस चुकानी पड़ी, जिसके बाद प्रमाण पत्र जारी हुआ।

शरद कुमार ने इस घटना को स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी के सामने रखा, जिसके बाद कर्मचारियों से घूस की राशि वापस दिलवाई गई। हालांकि, यह सवाल अब भी बना हुआ है कि जब स्वास्थ्य केंद्र के प्रशासन को इस घूसखोरी के बारे में जानकारी थी, तो उन्होंने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घूसखोरी का खेल एक कर्मचारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य केंद्र के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है। इस मामले में जिले के कुछ जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

इस घूसखोरी के कारण गरीब और निचली जातियों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग मानते हैं कि अगर इस तरह की अव्यवस्थाएं जारी रही तो न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी, बल्कि समाज में विश्वास की भी कमी आएगी। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से इस मामले की गंभीरता से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस घूसखोरी की कुरीति को खत्म किया जा सके और आम जनता को बिना किसी रुकावट के बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस घटना ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या स्वास्थ्य विभाग का प्रशासन वास्तव में अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, या यह सब कुछ सिस्टम की कमजोरी और भ्रष्टाचार का हिस्सा है। लोगों ने अब मांग की है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी गरीब को स्वास्थ्य सेवाओं और उनके अधिकारों के लिए घूस देने की मजबूरी का सामना न करना पड़े।

## गांव की समस्या, गांव में समाधान- जिलाधिकारी ने किया जन चौपाल का आयोजन

**● - पथरा मानी में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मिला मार्गदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात




**पहाड़ी, चित्रकूट।** ब्लॉक पहाड़ी के ग्राम पंचायत पथरा मानी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जन चौपाल पथरा मानी के प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं का समाधान सीधे अधिकारियों से प्राप्त किया।

जन चौपाल में कई सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, जल जीवन मिशन और राजस्व कार्यों से जुड़ी जानकारी दी जा रही थी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी लाभार्थी यहां आएं, उनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्रामवासियों से कहा कि यह जन चौपाल ब्लॉक वाइज और तहसील वाइज आयोजित किया जा रहा है ताकि यहां पर अधिकारी मौजूद रहकर सभी समस्याओं का समाधान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भी समस्या हो, तो संबंधित अधिकारी से तत्काल समाधान करवाया जाएगा। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पथरा मानी में पाइपलाइन बिछाने की जानकारी दी और बताया कि एक महीने के अंदर गांववासियों को पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से मिलने लगेगी। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ सभी ग्रामवासियों तक पहुंचाने की बात कही।

प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसके लिए उन्होंने ग्रामवासियों से सही सर्वे करवाने की अपील की। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को भी निर्देशित किया कि पथरा मानी में गौशाला का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए, क्योंकि गांव में इस समय कोई गौशाला नहीं है। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि गौशाला के लिए उचित जमीन चिन्हित कर आवंटित की जाए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने फार्मर आईडी की जानकारी दी, जिसके माध्यम से किसान गोल्डन कार्ड, लोन, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि और कृषि उत्पाद के लिए खाद और बीज ले सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की सलाह दी, ताकि वे किसी भी अस्पताल में अपना इलाज करा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राजापुर आलोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधान राघवेन्द्र सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पचपेडवा गांव मे मिशन शक्ति अभियान फेज 5 का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** फरदहन थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के दिशानिर्देश मे ग्राम पचपेडवा गांव मे पंचायत घर मे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ व ग्रामीण बालिकाओ को किया गया जागरूक। इस दौरान ग्राम प्रधान पचपेडवा की अध्यक्षता मे महिला आरक्षियों द्वारा महिलाओ को जागरूक व आत्मरक्षा करने के गुर सिखाये। वही महिलाओं की सुरक्षा व उत्थान के लिये चलाये जा रहे उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा हेल्प लाईन नंबरो के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान फरदहन थाना की महिला आरक्षियो के साथ तमाम क्षेत्र की महिलाऐ व बालिकाऐ मौजूद रही।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का मनाया गया जन्म दिन

**पलियाकलां- (खीरी)** 3 जनवरी को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले जी का जन्मदिन पलिया के सिंगहिया मुहल्ले में ऐपवा संगठन ने ने पुष्प अर्पित करते हुए मनाया। ऐपवा की जिला अध्यक्ष आरती राय ने बताया कि कैसे परिश्रम करते हुए सावित्री बाई फुले ने लड़कियों को शिक्षित करने की कोशिश की उनकी ही कठिन परिश्रम की देन है कि आज हम महिलाएँ अंतरिक्ष पर जाने से लेकर राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, वकील तथा आई ए एस , पीसी एस बन रही हैं। सावित्रीबाई फुले व फातिमा शेख़ की साझी विरासत को हम हमेशा याद करेंगे। इस कार्य क्रम में जिला उपाध्यक्ष नीलम वर्मा, सदस्य शान्ति देवी, उर्मिला देवी, रेनू देवी प्रियंका देवी तथा अन्य महिलाएं व लड़कियां उपस्थित रहीं।

## अंग्रेजी शराब में पानी मिले होने की पीड़ित ने की शिकायत

**जनपद लखीमपुर** खीरी के कस्बा थाना उचौलिया में क्षेत्र में पनहापुर रोड पर संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान की पीड़ित ने आवकारी विभाग में लिखित में पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत। दिनांक 2 /1/2025 को पीड़ित ने अंग्रेजी शराब की रम का क्वार्टर लिया जो कि पूर्ण रूप से लीक कर रहा था। पीड़ित ने बताया शराब में पानी मिलाकर बेची जा रही है। जिसकी मुख्यमंत्री पोर्टल पर लिखित में अंग्रेजी शराब की शिकायत की गई हैं। पीड़ित का आरोप है की नियम कानून को अन देखा कर स्कूल प्राथमिक स्वास्थ्य रोड के पास संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान है जिसमे पढने लिखने वाले स्कूल के बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है बनकागांव अम्बेडकर पार्क व दो इण्टर कालेज के पास संचालित देशी शराब की दुकान है जब इस सम्बंध में आवकारी इस्पेक्टर मोहम्मदी से जानकारी ली गई तो बताया की स्कूल व अस्पताल से लगभग सौ मीटर की दूरी होनी चाहिये अगर इसके बावजूद कम दूरी पर अंग्रेजी शराब की संचलित दुकान पर कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने स्टेशन डायरेक्टर, रोजा को किया सम्मानित



**शाहजहांपुर/** एच0एस0 तोमर, स्टेशन डायरेक्टर, रोजा पावर सप्लाई क0लि0, रौजा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की सुविधा हेतु दिनांक 03.01.2025 को फर्नीचर (64 मेज व 384 कुर्सिया) निःशुल्क प्रदान की गयी है। इस सराहनीय कार्य के लिए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने एच0एस0तोमर, स्टेशन डायरेक्टर, रोजा पावर सप्लाई क0लि0 रौजा जनपद शाहजहाँपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्री राजेश एस0, पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर, डा0 अपराजिता सिंह सिनसिनवार, मुख्य विकास अधिकारी, महोदया, शाहजहाँपुर, श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, ग्रुप कैप्टन (सेवानिवृत्त), व श्रीमती दिव्या गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर उपस्थित रहें।

# ऐसी सड़क, जहां ठंड में भी निकल जाए पसीना

**● बेबस ग्रामीणों को पैदल तय करना पड़ता है दो किलोमीटर रास्ता, संस्था ने नहीं ली सुध**



स्वतंत्र प्रभात

**मितौली खीरी।** विकासखंड पसगवां के बाईकुआ ग्राम पंचायत से बीरमपुर तक जाने वाला संपर्क मार्ग के दो किलोमीटर का रास्ता पिछले पांच माह पूर्व बनना शुरू हुआ तो ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली कि चलो देर आए दुरुस्त आए, हमारे गांव को एक अच्छी सड़क नसीब होगी, लेकिन ग्रामीणों की मंशा पर पानी तब फिर गया जब सड़क पर बड़े-बड़े नुकीले पत्थर डालने के बाद किसी भी जिम्मेदार संस्था के द्वारा इसकी सुध नहीं ली गई। आलम यह है कि महज 2 किलोमीटर के इस संपर्क मार्ग को पार करने में ग्रामीणों की छींके आ जाती हैं, 400 से 500 की आबादी रखने वाला बाईकुआँ ग्रामपंचायत का मजरा बीरमपुर के ग्रामीणों को इन्हीं नुकीले पत्थरों से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। तमाम छात्र-छात्राएं इन्हीं नुकीले पत्थर पर रोजाना गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं जिसके चलते अभिभावक खेतों के रास्ते छात्रों को स्कूलों तक भेजने को मजबूर हैं।

गांव के प्रधान का कहना है कि कई बार ठेकेदार को फोन भी किया लेकिन ठेकेदार बजट न होने की बात कह अपना पल्ला झाड़ लेता है। गांव के युवा अवनीश शुक्ला कहते हैं कि यदि सरकारों को सड़के बनवानी न हुआ करें तो कम से कम जैसी थी उसी हाल में ही हम गांव वालों को निकलने दिया जाए, इन नुकीलें पत्थरों से तो बेहतर हमारी पहले के रास्ते थे। लगभग 2 माह से ज्यादा का समय गुजर गया इन नुकीले पत्थरों के ऊपर कोई कार्य नहीं किया गया। गांव के ही श्याम बाबू कहते हैं कि इससे अच्छी हमारी कच्ची रास्ता थी जिसमें कम से कम हम लोगों की साइकिल व मोटरसाइकिल के टायर तो नहीं पंचर होते थे, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा नुकीले पत्थर डालकर रोजाना चोट खाने के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। गांव के ही दूध का व्यवसाय करने वाले अशोक कुमार कहते हैं कि कई बार दूध से भरे हुए बर्तन इन नुकीले पत्थरों पर गिरने से दूध फैल चुका है, चोट भी लग चुकी है लेकिन मरता क्या न करता नुकीले पत्थरों की इस सड़क से गुजरना मजबूरी है।

# हैदराबाद पुलिस ने शान्ति भंग करने के आरोप मे आठ लोगो को भेजा जेल




स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 08 अभियुक्त को किया गिरफ्तार। प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.01.2025 को शान्ति भंग करने वाले 08 नफर अभियुक्त 1 बिन्देश कुमार पुत्र प्यारेलाल उम्र 36 वर्ष नि0ग्रा0 कुन्हुपुर थाना हैदराबाद खीरी 2. रोहित पुत्र रामनरेश उम्र 33 वर्ष नि0ग्रा0 भरतपुर थाना हैदराबाद खीरी 3. रामनरायन पुत्र सुरजबली उम्र 36 वर्ष नि0ग्रा0 कैमहरा थाना हैदराबाद खीरी 4. फैजान पुत्र समीम उम्र 21 वर्ष नि0ग्रा0 रायपुरघुन्सी थाना नीमगांव खीरी 5. प्रहलाद पुत्र रामसिंह उम्र 28 वर्ष 6. ललित वर्मा पुत्र श्रीराम उम्र 19 वर्ष 7. मोहित वर्मा पुत्र श्री कृष्ण उम्र 25 वर्ष 8. अब्दुल बारिक पुत्र समीमुद्दीन उम्र 36 वर्ष सर्व0गण धिरावा थाना हैदराबाद खीरी को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। वही गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से उपनिरीक्षक सन्तपाल सिंह राठौर, कलाम खां, जयप्रकाश यादव हेड राकेश यादव, देवेन्द्र सिंह, व कांस्टेबल महेश कुमार थाना हैदराबाद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रहे।

## डीएम व एसपी ने सदर थाने से लेकर बहादुरगंज पचराहे तक किया पैदल भ्रमण

**● अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, दो पहिया वाहन पर ट्रिपल सवारी एवं बिना हेलमेट के चलने वालो के किये चालान**



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक राजेश एस, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार के साथ सदर थाना, सदर बाजार से आर्य महिला डिग्री कालेज होते हुये बहादुरगंज तिकुनिया पचराहे तक पैदल भ्रमण कर नगर में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर से अतिक्रमण हटवाया, दुकान की सीमा से बाहर सामान रखने वालो पर जुर्माना लगाए जाने के निर्देश दिये तथा अगलीवार अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। दो पहिया वाहन पर ट्रिपल सवारी एवं बिना हेलमेट के चलने वालो के भी चालान करवाए। साथ ही सभी व्यपारियों एंव दुकानदारो से अपने अपने कैमरे संचालित रखने तथा सड़क पर कचरा न फेकने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने के भी निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये।

## निर्भय चंद्र सेठ (जापान बाबू) की स्मृति में जीएफ कालेज मैदान पर टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद में वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय निर्भय चंद्र सेठ (जापान बाबू) की स्मृति में जीएफ कालेज मैदान में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने किया है। कार्यक्रम में मुख्य सांसद अरुण सागर ने सवर्गीय पूर्व जिलाध्यक्ष के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित डीएम व एसपी ने भी खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेला।

इस दौरान सांसद अरुण सागर ने कहा कि निर्भय चंद्र सेठ (जापान बाबू) भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। उनके निधन के बाद पार्टी को उनकी कमी महसूस हुई है। उन्होंने पार्टी को बहुत कुछ दिया है। ऐसे में उनकी याद में टूर्नामेंट कराना ये एक अच्छी पहल है। उन्होंने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह का आभार जताया है। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। इस अवसर पर मेयर अर्चना वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# मुठभेडः एक ही रात में दो स्थानों पर पुलिस से भिड़े बदमाश

**● अलग अलग स्थानों पर मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार**



कोसी क्षेत्र में हुई मुठभेड के दौरान मुठभेड स्थल पर मौजूद पुलिस टीम।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जनपद में पुलिस और बदमाशों की भिड़ंत का सिलसिला रूक नहीं रहा है। आए दिन पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हो रही है। गुरुवार की रात को मथुरा जनपद में दो स्थानों पर पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हुई। जिसमें गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गये जबकि कुछ तीन बदमाशों को पुलिस ने इस दौरान गिरफ्तार किया है। थाना जैत पुलिस ने मोबाइल व मोटरसाइकिल छीनने व चोरी करने वाले दो अभियुक्तों विनोद उर्फ सोनू पुत्र लाखन उर्फ लक्खो निवासी ग्राम नाहरा थाना बरसाना व रितिक पुत्र छीतो निवासी ग्राम बरौठ थाना नौहझील को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के साथ चोरों की मुठभेड़ देवी आटस रोड से भरतीया गांव जाने वाले बम्बे के किनारे वाले रास्ता पर हुई। पुलिस की गोली लगने से विनोद घायल हो गया। जबकि उसके साथी को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। इनके कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल फोन, चार मोटरसाइकिल, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। विनोद के खिलाफ जैंत, राया व वृंदावन थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस की दूसरी मुठभेड़ थाना कोसीकला पुलिस टीम की हुई। कार्यवाही में एक अन्तर्राज्यीय शातिर मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। न्यू कोसी कामर रोड पर पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ के बाद सरफराज पुत्र ताहिर निवासी खेडला थाना पुन्हाना जिला नूँह हरियाणा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से सरफराज घायल हो गया।

# खबर से बौखलाए खंड विकास अधिकारी जलालाबाद, पत्रकारों पर लगाया प्रतिबंध

**● बोले जलालाबाद विकासखंड कार्यालय परिसर में पत्रकारों का आना प्रतिबंधित**

**रवि कुमार हैं जलालाबाद ब्लाक में खंड विकास अधिकारी**




स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**पत्रकारों पर बंदिश,कलम पर पहरा, किसी ने ठीक ही कहा है कि आए दिन मीडिया की कलम पर पहरा होने के साथ-साथ सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न कर रहे अधिकारी मीडिया को अपने कार्यालय में आने के लिए प्रतिबंधित भी कर रहे हैं.क्योंकि उन्हें डर लगता है कहीं उनकी पोल ना खुल जाए,ऐसा ही एक मामला शाहजहांपुर जनपद के विकासखंड जलालाबाद में सामने आया है. जहां दैनिक भास्कर के रिपोर्टर ने अपने समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित कर दी और स्पष्ट शब्दों में लिखा कि खंड विकास अधिकारी जलालाबाद रवि कुमार समय से अपने ऑफिस नहीं पहुंचते हैं. साथ ही खबर में लिखा गया कि विकासखंड जलालाबाद परिसर के अंदर उनका आवास तो है,लेकिन खंड विकास अधिकारी रवि कुमार आवास में निवास ना करके शाहजहांपुर से प्रतिदिन अप डाउन करते हैं. जबकि ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी से अपनी फरियाद रखने के लिए आने वाले फरियादी उनसे मिलने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं.इस खबर पर खंड विकास अधिकारी रवि कुमार इतना भड़क गए कि विकासखंड कार्यालय में पत्रकारों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी कर दिए वहीं जब पत्रकार किसी खबर से संबंधित मामले में खंड विकास अधिकारी रवि कुमार से मिलने गया तो उन्होंने कहा कि कार्यालय में मीडिया कर्मियों का प्रवेश प्रतिबंधित है,फिलहाल खंड विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड परिसर में मीडिया कर्मियों के प्रवेश को प्रतिबंधित किए जाने को लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त है, जलालाबाद खंड विकास अधिकारी रवि कुमार पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर पत्रकारों ने रणनीति बनाते हुए ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा के पदाधिकारियों को उपरोक्त मामले से अवगत कराया गया है.वहीं आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा पत्रकार के जिला महासचिव अनुराग उर्फ राजू मिश्रा ने कहा कि पत्रकार के साथ अभद्रता करने और ब्लॉक परिसर में मीडिया कर्मियों को प्रतिबंधित करने का ऐप्जा विरोध करती हैं और मांग करती है खंड विकास अधिकारी जलालाबाद पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए अन्यथा संगठन के पत्रकार एकजुट होकर खंड विकास अधिकारी के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# जन चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने न्याय पंचायत को आवंटित करते हुये प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक ग्राम में जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देश दिए हुये हैं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन-चौपाल का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को अपरान्ह 01.00 बजे आवंटित ग्रामों आयोजित किया जाए। समस्त 64 नोडल अधिकारियों को दिये निर्देशो के क्रम में रोस्टर के अनुसार ग्रामों में जन चौपाल का आयोजन सुनिश्चित किया गया।

जन चौपाल में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया तथा विकास कार्यो का सत्यापन भी किया। अधिकारियों द्वारा जन चौपालों में ग्रामीणों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में इण्टरलाकिंग, नाली, खडंजा, सीसी रोड, पेयजल एवं शौचालय आदि विकास एवं निर्माण कार्यो का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। जन चौपाल का आयोजन करने का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का गांवों में समाधान करना है, जिससे लोगों को गांव से बाहर जाना पड़े। जन चौपाल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है और जन चौपाल में, राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, और पशु पालन से जुड़े विषयों पर पर चर्चा की जाती है तथा समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाता है।

# परीक्षा पेपर दिलाने गये युवक की सड़क हादसे में मौत



स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर-** कोतवाली अंतर्गत बिसवां बहराइच मार्ग पर ग्राम भोलागंज के निकट सड़क हादसे में एक नवयुवक ने अपनी जान गँवा दी। युवक अपनी भतीजी को पेपर दिलाने बिसवां आया था घर वापसी करते समय यह हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया है। थाना रेउसा क्षेत्र के ग्राम बढ़हीडीह गोधनी सरैया निवासी विशाल यादव (18 वर्ष) पुत्र शिवनरायन अपनी भतीजी अनीता को पेपर दिलाने अजीम डिग्री कालेज आया था। पेपर खत्म होने के बाद वह मोटरसाइकिल पर अपनी भतीजी को लेकर वापस अपने घर जा रहा था इसी बीच भोलागंज के निकट निर्माणाधीन पुलिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात बस को ओवरटेक करते समय बस की चपेट में आकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया जहाँ पर डाक्टरों ने विशाल यादव को मृत घोषित कर दिया तथा अनीता का इलाज किया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। मृतक विशाल अपनी पांच बहनों में अकेला था और शिक्षा गृहण कर रहा था। घटना से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# मथुराः अनियोजित रिहायस को रोकने में एमवीडीए के फूले हाथ पांव

**● खेतों में बाउंड्री खींच बसाई जा रहीं कॉलोनियां, नोटिस नोटिस खेल रहा एमवीडीए**

**सड़कों के किनारे खेत दिखाई देना बंद हो गये हैं, खेतों में खडी बाउंड्री दिखती हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज रज उड मस्तक लगे मुक्ति मुक्त है जाए। ब्रज रज की महिमा का बखान सूर से रसखान तक ने किया है। अब यह बखान प्लाट और मकान की मार्केटिंग के लिए मुफीद साबित हो रहा है। हर कोई यहां बसने को आतुर है, या अपने लिए जमीन का एक टुकड़ा जरूर चाहता है जिससे वह खुद के ब्रजवासी होने का अहसास कर सके और प्रभु के करीब होने का भी। एक तरफ सरकार हेरिटेज सिटी बसाने जा रही है तो वहीं हरे भरे खेतों में बाउंड्री खींच कर दो चार बीघा जमीन को घरने के बाद उसमें कॉलोनी बसाने की बात कह कर बिना किसी बुनियादी सुविधा का ध्यान रखे और मानकों का की परवाह किये बिना धुआंधार प्लॉटिंग की जा रही है। इसका असर यह है हुआ है कि सडकों के किनारे अब खेत दिखना बंद हो गया है। खेतों में बाउंड्री खिंची दिखती हैं और किसी तरह से कृषि भूमि की घेराबंदी की जुगत भिडाते लोग आपको यहां वहां नजर आएंगे। हालांकि एमवीडीए और दूसरे जिम्मेदार विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है लेकिन यह कार्यवाही न केवल अपर्याप्त है बल्कि प्रभावी भी साबित नहीं हो रही है। यहां तक कि जिन अविकसित कॉलोनियों को एमवीडीए मानक विहीन बता कर बुल्डोजर कार्यवाही करता है, वहां कुछ सप्ताह या एक दो महीने बाद फिर काम शुरू हो जाता है। एमवीडीए के लिए यह कहावत चल निकली है कि प्रभावशाली लोग तो इस कार्यवाही को कार्यवाही ही नहीं मानते हैं। वीके अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, अनूप मिश्रा, सत्यपाल अरोड़ा मौजा रजवारी छाता गोवर्धन रोड पर दांई ओर (कृष्णा वाटिका कॉलोनी) छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग पांच एकड़ भूमि पर बाउंड्रीवाल व रोड पर दुकानों का निर्माण करते हुए प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था एमवीडीए ने इसे अवैध बताते हुए जेसीबी से तोड दिया है। वहीं संजीव झा आदि द्वारा दिल्ली आगरा हाइवे अकबरपुर से मथुरा की तरफ एचपी पेट्रोल पंप के पास मौजा अकबरपुर छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग तीन बीघा भूमि पर प्लॉटिंग गई। अवैध कॉलोनियों के अन्तर्गत सड़क व बाउंड्रीवाल आदि का विकास कार्य करते हुए भूखंडों का विक्रय



सडक किनारे विकसित की जा रही मार्केट को ध्वस्त करती एमवीडीए की जेसीबी।

किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए निर्माणकर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने पर दोनों वादों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को अवर अभियंता अनिल सिंघल, अवर अभियंता सुनील राजौरिया, प्रवर्तन दल एवं थाना छाता पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अवैध कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सचिव, उपाध्यक्ष द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगी।


## टेंट के गोदाम में लगी आग,सामान लूटने का आरोप

**गोदाम की आग को बुझाते दमकल कर्मी**

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के टाइगर लॉक के पास टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कम्प मच गया। गोदाम से उठती आग की लपटों को देखते ही सूचना दमकल विभाग को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर गोदाम में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में भरपूर सहयोग किया। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम में रखा सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर टेंट हाउस का मालिक पहुंचा। मालिक ने बताया कि उसका टेंट डेकोरेशन का गोदाम है। जिसका विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मालिक ने आस-पास के कुछ लोगों पर आरोप लगाया है कि आग लगाई गई है। गोदाम को तोड़ दिया गया है और सामान भी लूट कर ले गए हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

### राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत माता पिता/अभिभावक की वार्षिक आय का प्रमाण पत्र लगाये



**भदोही** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया कि अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा माता पिता/अभिभावक की वार्षिक आय का प्रमाण पत्र लगाये जाने के बजाय स्वयं का आय प्रमाण पत्र संलग्न किया जा रहा है जो छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के विपरीत है। उक्त के क्रम में जनपद भदोही के समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि यदि उनके द्वारा परिवार की वार्षिक आय की जगह स्वयं का आय प्रमाण पत्र लगाया गया है तो उसे तत्काल संशोधित करते/कराते हुए माता पिता/अभिभावक अथवा परिवार के वार्षिक आय प्रमाण पत्र को संलग्न करें, अन्यथा की दशा में नियमावली में निहित प्राविधानों के विपरीत संलग्न आय प्रमाण पत्र के कारण उनके आवेदन पत्र निरस्त हो जायेगें जिनके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होगें।

### अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में संचालित प्री-प्राईमरी से कक्षा 8 तक के समस्त विद्यालय 14 जनवरी तक बन्द रहेंगे-डीएम

**भदोही** /जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा जारी आदेश के क्रम में जनपद में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर के दृष्टिगत रखते हुये जनपद में संचालित प्री-प्राईमरी से कक्षा 8 तक के समस्त राजकीय/माध्यमिक विद्यालयों/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त/ सी0 बी0 एस0 सी0/आई0 सी0 एस0 सी0 विद्यालय दिनांक 14 जनवरी 2025 तक बन्द रहेंगे। सभी विद्यालय प्रबंधक/संचालक इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### भीषण ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा द्वारा लगातार किया जा रहा है कंबल का वितरण

**भदोही/**सुरियावा भीषण शीतलहर एवं ठंड को देखते हुए शासन के निर्देश पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया एवं अधिशासी अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज शुक्रवार को नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 6 पत्थर कट मोहल्ला में लगभग 100 कंबल का वितरण किया तथा उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया कि भीषण खंड को देखते हुए नगर में जल रहे अलाव की संख्या को बढ़ाएं ताकि आम जनमानश को ठंड से निजात मिल सके जिसके देखते हुए नगर पंचायत द्वारा लगभग 15 स्थान पर अलाव जलने की बात कही इस मौके हल्का लेखपाल रजनीश बघेल नगर पंचायत से आलोक कुमार मिश्रा पप्पू वर्मा पंजाबी मोदनवाल गोपाल जयशंकर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कोटे की दुकान पर उप जिलाधिकारी सदर ने कोटे की दुकान का किया निरीक्षण

**जिगना।** उप जिलाधिकारी सदर के निर्देश पर शुक्रवार को बसेवरा कला गाँव पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के सामने सीज दुकान का ताला खोला। दुकान में एक छटांक भी खाद्यान्न नहीं मिला। ग्राम प्रधान शीला देवी ने बताया कि कोटेदार योगेन्द्र कुमार ने 44 कुंतल गेंहू 38 कुंतल चावल व 60 किलो चीनी खुले बाजार में बिक्री कर दिया है। आपूर्ति निरीक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि कोटे की दुकान में खाद्यान्न नहीं मिला। एक माह का खाद्यान्न खुले बाजार में बिक्री किए जाने का खुलासा हुआ है। जांच पत्रावली उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। उसी के अनुसार कार्यवाई की जाएगी। वहीं कार्डधारकों ने तत्काल दुकान निलंबित करने की मांग को लेकर हंगामा किया। प्रधान और कार्डधारकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्रक सौंपकर कोटेदार पर खाद्यान्न की कालाबाजारी का आरोप लगाया था।

### भागवत कथा में उमड़ी दर्शकों की भीड़



**अलीगढ़।** अकराबाद नगर पंचायत पिलखना स्थित श्री जानकी बल्लभ बड़े मंदिर परिसर में कस्बा के श्रद्धालुओं द्वारा एक से नौ जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को कथा वाचक दिनेश कुमार शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण लीलाओं के साथ रुक्मिणी कथा का वर्णन किया। भागवत में विनोद वार्ष्णेय,कमल शर्मा, वीरेश कुमार, प्रमोद कुमार, जुगेंद्र बाबा, यतेंद्र शर्मा, श्योराज सिंह, महेश चंद्र, पुनीत कश्यप, लेखपाल सिंह, तेजपाल सिंह, इंद्रपाल आदि सेवादार रहे। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राजा बलि की कथा श्रवण कराया।

## गो आश्रय स्थल पशुपालन,कृषि,उद्यान एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का मुख्य विकास अधिकारी ने किया समीक्षा

**● - प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन (पीएम कुसुम )सोलर पंप योजना हेतु कृषक करें ऑनलाइन आवेदन-मुख्य विकास अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 03 जनवरी 2025-मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड से इतर कृषि, उद्यान, गौ आश्रय स्थल पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन (पीएम कुसुम )सोलर पंप योजना पर बल देते हुए बताया कि जनपद के ऐसे किसान जिन्होंने 6 इंच की बोरिंग करा ली है वे ऑनलाइन आवेदन करें ,जिसमें 60त्न अनुदान सरकार देगी 40त्न किसान स्वयं लगाएंगे। कुल लक्ष्य 185 के सापेक्ष अभी तक 92 आवेदन ही स्वीकृत हुए हैं।अधिक आवेदन करने पर बल दिया गया। मुख्य विकास कार्य डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने पराली को खेतों में न जलाने की अपील के साथ ही पराली के बदले गोबर की खाद प्राप्त करने हेतु ÷परली दो - खाद लो÷ योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी किसान अपनी पराली को निकटतम गौ आश्रय स्थल में ले जाकर उसके बदले में गोबर की खाद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उपनिदेशक कृषि से संपर्क करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बायो पेस्टिसाइड्स ,बायो नेचुरल साइडस नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र ,प्राकृतिक खेती आदि पर बल दिया। उन्होंने फार्म टू टेबल कॉन्सेप्ट पर बल देते हुए स्थानीय किसानों से जैविक खेती कर सब्जियों आदि को सीधे उपभोक्ता को विक्रय पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने मिलेट्स अनाजों को बढ़ावा देने के लिए उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि मोटे अनाज सावां, कोंदो ,रागी, ज्वार ,बाजार ,आदि की मिलेट्स अनाजों को दैनिक खान-पान में शामिल करने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने मछुआ समुदाय के लाभार्थी परक योजनाओं, दुर्घटना बीमा आदि से आच्छादित करने पर बल दिया।



मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर 15 दिन में चारागाह की भूमि का पशुपालन विभाग को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कि सभी बीडीओ,व डीपीआरओ की बैठक कराकर गोवंशों के लिए हरे व पौष्टिक चारे साईलेज आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराए। उपनिदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्राथमिकता की योजनाओं के अंतर्गत कृषि रक्षा रसायन डीबीटी ,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन पीएम कुसुम सोलर पंप योजना, बीज डीबीटी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं पर देते हुए उन्होंने एग्री स्टॉक डिजिटल क्रॉप सर्वे में जनपद भदोही का प्रदेश में प्रथम स्थान है। उन्होंने मृदा हेल्थ कार्ड योजना ,कृषक उत्पादक संगठन, सब मिशन आन,एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ,उत्तर प्रदेश श्री अन्य मिलेटस पुनरोदर्धार कार्यक्रम, जैविक खेती की परियोजना, एग्रीकल्चर मेंकेनाइजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ़ क्रॉप रेजीडयू, प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालंबन योजना, भूमि संरक्षण अनुभाग योजना का तुलनात्मक प्रगति से अवगत कराया।

जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव ने उद्यान विभाग के अंतर्गत एकीकृत बागवानी विकास मिशन, अनुसूचित जाति/ जनजाति औद्यानिक विकास योजना ,प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यनिक विकास योजना नमामि गंगे, पौधशाला पीएमएफएमई सहित आदि योजनाओं के प्रगति पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने आलू में लगने वाले रोग से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करने का निर्देश दिया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि बेजवां स्थित हाईटेक नर्सरी में फूलगोभी एवं टमाटर का बीज डाला गया है। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक प्रमोद आदर्श ने ग्राम सभा के तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन की अद्यतन प्रगति, मत्स्य बीज वितरण, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना ,निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना ,प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना , मछुआ दुर्घटना बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड का माहवार लक्ष्य एवं पूर्ति हेतु कैंप लगाने, की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ डीपी सिंह द्वारा गो आश्रय स्थल व पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया गया ।उन्होंने जनपद के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम एक वृहद गो संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाने हेतु कम से कम एक हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने पर बल दिया। गो आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंशों के भरण पोषण हेतु समय से डिमांड अपलोड करना, मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को पूर्ण किए जाने हेतु इच्छुक पशुपालकों की सुपुर्दगी में गो आश्रय स्थलों से गोवंश दिया जाना, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत चिन्हित ग्रामीण परिवारों में कुपोषित परिवार को गो आश्रय से दूध देने वाली या गाभिन गाय उपलब्ध करना ,गो आश्रय से संबंधित नामित नोडल अधिकारी द्वारा पाक्षिक निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराना, शवों को समुचित निस्तारण ,समस्त गो आश्रय में सुरक्षित गोवंश के भरण पोषण में साइलेज के उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं के प्रगति से अवगत कराया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा गौ आश्रय स्थल का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



आज दिनांक 3 जनवरी 2025 को ठंड के मौसम के दृष्टिगत विकासखंड सुरियावां में स्थापित गोवंश आश्रय स्थल तेजसिंहपुर का मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टरशिवाकांत द्विवेदीद्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया ढ्ढ निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ मौके पर उपस्थित रहे ढ्ढ निरीक्षण के दौरान गोवंश स्थल पर पर्याप्त मात्रा में भूसा चोकर चुन्नी एवं हरे चारे की व्यवस्था करने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया ढ्ढ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोवंश स्थल पर बने शेड में गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए पॉलीथिन लगाई गई है, पर्याप्त मात्रा में पॉलीथिन नहीं लगाई गई है एवं पॉलीथिन कई जगह पर खुला है ढ्ढ गोवंश स्थल पर कई स्थानों पर अलाव जलवाने एवं निर्मित शेड को पूरी तरह तिरपाल से ढ़कवाए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी सुरियावां को निर्देशित किया गया ढ्ढ निर्देशित किया गया कि उक्त निर्देशों का अनुपालन आज शाम तक सुनिश्चित कराते हुए फोटोग्राफ उपलब्ध कराए ढ्ढ समस्त खंड विकास अधिकारी भीषण ठंड के मौसम को देखते हुए सभी गोवंश स्थलों पर नियमित भ्रमण करें एवं गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित कराएं ढ्ढ इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरियावां सुधाकर दुबे एडियोयसटी अशोक पांडे ग्राम पंचायत अधिकारी राजनाथ ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार मौजूद रहे।

## भदोही के कन्तिरामपुर में विधायक विपुल दूबे ने गरीबों को कम्बल का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के कन्तिरामपुर में स्थित हनुमान वाटिका के प्रांगण में स्वर्गीय दया शंकर मिश्रा की पुण्यतिथि के मौके पर उनके परिजनों के तरफ से एक दर्जन गावों के 551 गरीबों और असहायों को कम्बल वितरण और विशाल भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानपुर विधायक विपुल दूबे रहे। इस कार्यक्रम में भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जहां प्रयागराज, वाराणसी, भदोही और अन्य जनपदों से आये पुरुष और महिला ग़ायकों ने अपने भजनों के माध्यम से लोगों को भक्ति भाव से सराबोर किया। कार्यक्रम में आयोजक साधु मिश्रा की माताजी सीता देवी ने विधायक विपुल दूबे समेत आये सभी लोगों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ज्ञानपुर के विधायक विपुल दूबे ने कहा कि व्यक्ति जब धर्मनिष्ठ होता है तो घर भी मंदिर हो जाता है, साधु मिश्रा दानवीर कर्ण की तरह दान कर रहे है। और ऐसे लाल को जन्म देने वाली माँ भी धन्य है। धर्म का काम समाज को प्रेरणा देता है, जिससे युवा भी सिखते है। इस तरह के कार्यक्रम से लोगों को बड़ा संदेश मिलता है। विदेश में रहने के बाद भी साधु मिश्रा देश और समाज के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर त्रिपुरारी मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, राजेश मिश्रा, नेबूलाल बिन्द प्रधान, शेषधर मिश्रा, उमेश मिश्रा, दया शंकर बिन्द, विपिन पाण्डेय, वशिष्ठ मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, शीतला बिन्द, आरकेटी तिवारी, संजय सिंह, लवकुश पाण्डेय, राजेश दूबे (सच्चन) समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव सागर शुक्ला ने किया।

## चोरी के आरोप मे नाबालिक के साथ बर्बरता से की पिटाई

**● - नाबालिग के पिता ने हलिया पुलिस के ऊपर लगाए गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरढीहा कला के सरहरा गांव मे चोरी की आरोप में नाबालिक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है पीड़ित पिता ने नाबालिग को इलाज के लिए सी ऐ सी पहुंचाया जहां उसके पूरे शरीर पर डडे से पिटाई के निशान पाए गए पिता ने आरोप लगाया कि दबंगों ने ठंड में उसके बेटे के कपड़े उतार कर पीटा और पीड़ीत के पिता ने हलिया पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने रातभर नाबालिक को थाने में रखा सुबह धान बेचकर बेटे को छुड़ाने की बात कही मामले की जांच की मांग की जा रही है जिसमें एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है यह वीडियो हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है इस लड़के पर इतना आरोप है कि खेत जोतने वाले फार का एक स्प्रिंग चुरा लिया था सजा जिस तरीके से दिया जा रहा है उसको आप वीडियो में साफ-साफ देख सकते हैं पीड़ित के पिता ने बताया कि उसको दबंगों ने तहरीर ना देने की धमकी दी है इस कारण और बच्चे का इलाज करवा रहे हैं इस नाबालिक किशोर को इतना पीटा गया है कि इसको खून की उल्टी हो रही है पीड़ित के पिता ने हलिया पुलिस पर आरोप लगाया कि मेरी पत्नी भाई और बेटी को हलिया थाने की जीप उठा ले गई है

मैं धान बेचकर बेटे को थाने से छुड़ाया है मैं मुकदमा नहीं लड़ पाऊंगा पुलिस ने बयान दिया है कि उक्त मामले में हमने दो को उठा लिया है और पीड़ित के परिजन की तहरीर का इंतजार कर रहे हैं कि पीड़ित तहरीर देगा तो मुकदमा भी लिखा जाएगा सवाल यह है कि अगर उसके पिता ने तहरीर ना दिया तो ऐसे ही आदिवासी कोल नाबालिक के साथ बर्बरता होती रहेगी पूरा वीडियो देखकर आपकी रूह कब जाएगी अब देख लीजिए कानून व्यवस्था वीडियो में दबंग जिस तरीके से बिना किसी कानून के इस किशोर युवक को बिना कपड़ों के पीट कर कौन सा मैसेज देना चाहते हैं यह मिर्जापुर पुलिस जाने। वहीं पुलिस अधीक्षक



ऑपरेशन ओ पी सिंह ने कहा कि थाना हलिया क्षेत्रान्तर्गत एक बच्चे को चोरी के आरोप में मारने-पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें थाना हलिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना से सम्बन्धित 02 आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ एवं नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है तथा वीडियो/घटना सम्बन्धित अन्य साक्ष्यो की गहनता से जांच कर घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है । मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है ।

### ऋषभ लगातार चौथी बार बने एम डी आर टी (यू एस ए) क्लब सदस्य



**चुनार, मीरजापुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा चुनार में कार्यरत अभिकर्ता ऋषभ सिंह ने लगातार चौथी बार MDRT(USA) मिलियन डॉलर राउंड क्लब का मेंबरशिप प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है।इसके लिए शुक्रवार को भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा चुनार पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पूर्णेन्दु मरांडी द्वारा ऋषभ सिंह को सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक ने ऋषभ की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विक्रय अजीत यादव, सहायक शाखा प्रबंधक सीमा यादव, विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ज्ञानधर शुक्ला ने लोगों को ठंड से निजात पाने के लिए करवाया अलाव की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के समाज सेवी ज्ञानधर शुक्ला ने ठण्ड से निजात पाने के लिए आजाद चौक खैरा , चौराहे पर अलाव का प्रबन्ध कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासी सरकार के सहारे बैठे रहते है !सरकार कहां तक मदद करे इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के समाज सेवी लोगों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए, क्षेत्र के लोग सामाजिक कार्य में हमेशा से आगे रहे हैं, आज अलाव की शुरुआत आजाद चौक खैरा से की गई आगे हम प्रयास करेंगे की इसी तरह हर चौराहे पर लोगों के सहयोग से अलाव का प्रबंध किया जाएगा। ठंड से निजात पाते हुए मौके पर आजाद उपाध्याय, सुरेन्द्र शुक्ला, सामू साव, पट्टर शर्मा, राघव पाण्डेय, अनुज यादव, बबलू केशरी, विचित्रानन्द सिंह, संजय सिंह,अशोक सिंह, सोनू पाण्डेय, राजन सिंह सहित सब्जी की दुकान लगाने वाले दुकानदार उपस्थित रहे।और शुक्ला की बहुत प्रशंसा किए।

## ब्लॉक मुख्यालय को चुनार से नरायनपर स्थापित करने हेतु एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चुनार, मीरजापुर।** चुनार तहसील में संचालित नरायनपुर ब्लॉक कार्यालय को चुनार तहसील से हटाकर नरायनपुर में स्थापित करने के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नरायनपुर ब्लॉक कार्यालय का नाम सिर्फ कागज व सरकारी पन्नों पर ही लिखा जाता है ,जबकि यह ब्लॉक कार्यालय तो नरायणपुर में है ही नहीं बल्कि यह चुनार तहसील के नगर पालिका क्षेत्र में है ,जो नरायणपुर से 25 किलोमीटर दूरी पर है । वहीं से ब्लॉक को संचालित किया जा रहा है। दूर होने की वजह से दूर दराज की ग्रामीण जनता सरकार की लाभकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाती है।अतः नरायणपुर ब्लॉक कार्यालय को चुनार तहसील से हटाकर नरायणपुर में ही स्थापित किया जाए। नारायणपुर ब्लॉक कार्यालय को नरायणपुर में स्थापित करने के लिए पर्याप्त जगह ग्राम रायपुरिया में सहकारी शीत गृह में है जो लंबे अर्से से बंद पड़ा है।यहां ब्लॉक कार्यालय स्थापित होने से इर्द-गिर्द के सैकड़ो घरों के गरीब जनता को रोजी-रोटी के लिए दर-दर की ठोकर नहीं खानी पड़ेगी और स्व व्यवसाय कर अपने परिवार का पेट भर सकते हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह मांग 2017 से लगातार किया जा रहा है



उसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान विजय कुमार प्रजापति, राजकुमार मिश्रा, बाबा राम, अनिल, डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, रामकुमार, बनवारी लाल, पूजा, अनीता देवी, महेंद्र नाथ, चंद्रशेखर, नीतू, सिंधु रानी, गोल्डी कुमारी, रितु देवी आदि उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त ने आगामी महाकुम्भ मेला-2025 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में महाकुम्भ मेला-2025 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जूम के माध्यम से बैठक में जुड़ी तथा आयुक्त कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज व अन्य जनपदो से आने वाले श्रद्धालुओ पर्यटको द्वारा सम्भावित आगमन के दृष्टिगत मूल भूत सुविधाएं मेला प्रारम्भ होने से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु औचित्यपूर्ण धनराशि समिति से परीक्षण कराकर अतिआवश्यक एवं अपरिहार्य कार्यो का चयन करते हुए स्पष्ट संस्तुति सहित प्रस्ताव प्रत्येक दशा में आज सांय तक भेजने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। मण्डलायुक्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटो पर बैरीकेटिंग, अस्थायी शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मेला प्रारम्भ होने से पूर्व



पूर्ण करा लें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अतिरिक्त एम्बुलेंस की मांग हेतु शासन को पत्राकर करे जिससे यदि आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग में लाया जा सकें। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिस विभाग को दायित्व सौपा गया वे अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करे ताकि आने वाले श्रद्धालु सुगमता के साथ दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें।

## युवक की हत्या से सनसनी, शव नहर में मिला

स्वतंत्र प्रभात

**राजापुर, चित्रकूट।** थाना सरधुवा क्षेत्र के खोपा नहर के पास एक युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भदेहदू के मजरा जमौली निवासी राकेश निषाद के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, एसआई मुन्नीलाल और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कर्वी भेज दिया। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे राकेश निषाद, जो कि 35 वर्ष के थे, अपने गांव के लकड़ी ठेकेदार जुगराज निषाद के साथ लकड़ी कटवाने के लिए भदेहदू के बाग में गए थे। देर रात तक घर न लौटने पर उनके परिजनों ने खोजबीन शुरू की और डायल 112 को सूचना दी। शुक्रवार को राजगीरों द्वारा सरधुवा पुलिस को नहर में पड़ी लाश की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया। ग्रामीणों ने शव को राकेश निषाद के रूप में पहचाना, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।मृतक के पिता हीरालाल निषाद ने बताया कि उनका बड़ा पुत्र राकेश को जुगराज निषाद बाग में लकड़ी कटवाने के लिए घर से लेकर गया था। उनका आरोप है कि जुगराज ने बाग में राकेश की हत्या कर, अपराध को छिपाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया। राकेश निषाद के दो बेटे - जयकरण (15 वर्ष) और हिमांशू (11 वर्ष), और एक बेटी वंदना (8 वर्ष) हैं। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।



प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है, लेकिन घटना की गहन जांच की जा रही है। तहरीर प्राप्त होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार और गांव में इस दुखद घटना को लेकर शोक की लहर है, और लोग इस हत्या की गहरी जांच की मांग कर रहे हैं।

## लघु सिंचाई विभाग के कुओं के निर्माण में गड़बड़ी, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात

**मानिकपुर, चित्रकूट।** लघु सिंचाई विभाग द्वारा मानिकपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बनवाए जा रहे कुओं में बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं। डोडा माफी, अमचूरुनेरवा, किहुनियां, टिकरिया और इटावा में बनने वाले इन कुओं में लोकल बालू डस्ट और पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि यह कुएं निर्माण कार्य के लिए मानक से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार फर्जी बिल और वाउचर लगाकर काम कर रहे हैं और सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि कुओं में पत्थर तोड़े जाने के लिए डायनामाइट और बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन इन कार्यों के लिए किसी भी ठेकेदार के पास लाइसेंस नहीं है। यह सभी कार्य रानीपुर टाइगर रिजर्व के संवेदनशील क्षेत्र में हो रहे हैं, जहां इन विस्फोटकों का इस्तेमाल जंगलों और स्थानीय पर्यावरण के लिए खतरे का कारण बन सकता है।

गांववासियों का आरोप है कि ठेकेदार बिना किसी डर के और सरकारी अधिकारियों की मौन स्वीकृति से इन कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। गांवों में कुएं बनाने के लिए किए गए विस्फोटक प्रयोग के कारण कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। हालांकि, विभाग के उच्च अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं और स्थानीय प्रशासन भी इस मामले पर कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों ने विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इस भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की जांच की जाए और जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी



कार्रवाई की जाए। अगर समय रहते इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यह मामला प्रशासन और विभाग की मिलीभगत को उजागर करता है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या इन कार्यों को बिना किसी जांच के इस तरह से चलने दिया जाएगा, जबकि पर्यावरण और गांववासियों की सुरक्षा खतरे में है।

## राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया गया

**कर्वी, चित्रकूट।** महिला सशक्तिकरण के तत्वावधान में मैरिज हाल, विद्यानगर, कर्वी माफी में राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन एक विशेष प्रकाशोत्सव के रूप में किया गया, जिसमें सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गयाप्रसाद बौद्ध द्वारा त्रिसरण, पंचशील, और बुद्ध वन्दना के साथ मोमबत्तियाँ प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद मुख्य वक्ता के रूप में नगीना शिक्षिका ने अपनी विचारधारा साझा की। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन में महिला शिक्षा के लिए जो कार्य किए, वे अत्यधिक प्रेरणादायक हैं। 1848 में अपने पति ज्योतिराव फुले के सहयोग से सावित्रीबाई ने बालिकाओं के लिए पहला विद्यालय खोला। उस समय समाज में बालिकाओं को शिक्षा देने के लिए विरोध और ताने सुनने को मिलते थे, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रतिरोध को नकारते हुए अपने मिशन को जारी रखा।

नगीना शिक्षिका ने आगे कहा कि सावित्रीबाई फुले ने समाज की कुरीतियों, जैसे छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह और विधवा विवाह के खिलाफ भी कड़ी आवाज उठाई। उनका जीवन संघर्षो से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए हमेशा काम किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें प्रेमलता, संघमित्रा, याशिका, कल्पना भारतीय, कौशिल्यादेवी, अंजली, रानीबिट्टी, सुमन रामरती, सुशीला आकांक्षा भारतीय, अर्चना भारतीय, परी भारतीय, सोनमणी, नीता देवी, पुष्पा देवी, सोनू देवी, शिवानी देवी, नीलम देवी, शशि देवी, भैया लाल, संजय कुमार, सीताराम, रामानंद, राजबहादुर, रामनाथ, अजयपाल, पूर्व मैनेजर विनोद कुमार वर्मा समेत कई अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलता बौद्ध ने किया। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सभी ने महिला सशक्तिकरण के महत्व को समझते हुए सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## जन चौपाल में राशन पेंशन का मामला छाया रहा

**गैपुरा, मीरजापुर।** छानबे ब्लाक के विजयपुर एवं बरहां खुर्द गाँव में शुक्रवार को संपन्न हुई जन चौपाल में राशन पेंशन का मामला छाया रहा। गरीब परिवारों की महिलाओं ने अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड बनवाने के लिए फरियाद लगाई। किंतु ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिया। कहा कि जब किसी का निधन होता है तब उसके नाम का राशनकार्ड पात्र लोगों को मिल जाता है। नया राशनकार्ड नहीं बन पाता।प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने कहा कि पीएम व सीएम आवास के लिए अभी धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है। गरीब तबके की महिलाओं ने कहा कि मौसम की मार झेल रहे हैं आवास नहीं मिला। बरहां खुर्द गाँव की बिंद बस्ती में एक साथ ढाई दर्जन घरों के नलों की टोटियां गायब होने को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि टोटी चोर सक्रिय है। नशेड़ी अब टोटी बेंचकर नशाखोरी कर रहे हैं। विजयपुर में प्रधान शहीदा बानो तथा बरहां खुर्द में प्रधान अनिल बिंद ने




चौपाल की अध्यक्षता की। सेक्रेटरी मुश्ताक अहमद एडीओ आईएसबी श्याम नारायण सिंह व ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर को आपत्ति जनक शब्द बोलने पर भीमआर्मी ने तहसील पर किया प्रदर्शन



**कोरांव प्रयागराज।** शौर्य दिवस पर गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद भवन में बाबा भीम राव अम्बेडकर साहब का अपमान कर गलत टिप्पणी की गई जिससे भीम आर्मी और जन संगठन के कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री के खिलाफ लेडियारी तिराहा कोरांव से तहसील मुख्यालय तक जुलूस निकाल कर गृह मंत्री अमित शाह माफी मांगो ,अमित शाह मुर्दाबाद ,अमित शाह स्तीफा दो बाबा साहब का अपमान नही सहेगा बहुजन समाज आदि का नारा लगाते हुए सैकड़ों लोगों ने जुलूस की तरह तहसील मुख्यालय पहुंचे और सभा किया सभा को दिनेश चौधरी, अंतिमां राव, डा0 कमलेश गौतम, बसंत लाल आदि लोगों ने संबोधित किया कार्यक्रम में अमित जैसल, सर्वेश कुमार, लक्ष्मीकांत कनौजिया, राहुल कोल, पप्पू धरकार , डॉक्टर सत्येंद्र पाल, अमित अंबेडकर, शिवम कुमार, आकांक्षा, मंजू देवी, संजना कुमारी, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने टीवी के मरीजों को पोषण पोटली का किया वितरण




**कौशाम्बी।** जनपद में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत सघन टीवी अभियान के तहत दिनांक 3 जनवरी को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान,कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तरप्रदेश एवं प्रभारी मंत्री जनपद कौशाम्बी दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा जनपद कौशाम्बी के टेंवा ग्राम में टीवी मरीज पप्पू एवं श्रीमती राम शवारी देवी को पोषण पोटली वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कौशाम्बी धर्मराज मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर, तीनों निवर्तमान विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव तथा डॉ. संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया प्रभारी मंत्री द्वारा आहूत बैठक में समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा टीवी के मरीजों को गोद लेने एवं उनकी देख रेख करने का भी संकल्प लिया गया।

## देवशरण इण्टर कालेज, देवरा, नारा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष द्वारा अवगत कराया गया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से देवशरण इण्टर कालेज, देवरा, नारा, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों यथा- कृष्णा मारूति ने कुल 08 पॉलीमेडिक्योर ने 11 तथा शिवशक्ति बायोटेक प्रा0लि0 कम्पनी ने कुल 05 चयन किये। रोजगार मेले में कुल 98 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जितेन्द्र सोनकर पूर्व ब्लाक प्रमुख सिराथू के साथ-साथ जिला सेवायोजन कार्यालय के व0 सहायक विनोद कुमार सिंह, राजकीय आई0 टी0 आई0 से विनय सिंह, कौशल विकास मिशन कौशाम्बी से शिवनरेश त्रिपाठी आदि उपस्थिति रहे।

## सर्विस मतदाताओं के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी को


Adobe Scan 03-J...
प्रेस–विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार सर्विस मतदाताओं के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 के स्थान पर अब दिनांक 07.01.2025 को किया जायेगा।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भदोही।
कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, भदोही।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भदोही।

**भदोही** 03 जनवरी 2025/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार सर्विस मतदाताओं के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 के स्थान पर अब दिनांक 07.01.2025 को किया जायेगा।

# सपा सांसद बर्क के विरुद्ध एफआईआर रद्द नहीं होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट

**● - गिरफ्तारी पर रोक लगाई।**

जेपी सिंह।




**प्रयागराज।** संभल की शाही जामा मस्जिद में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एफआईआर रद्द नहीं होगी और पुलिस की जांच जारी रहेगी। हालांकि हाईकोर्ट ने पुलिस को फिलहाल सांसद बर्क को गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा सांसद के मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एफआईआर रद्द करने की मांग को ठुकरा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें 7 साल से कम की सजा होती है। इस मामले में पुलिस सांसद बर्क को नोटिस जारी करेगी। नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पुलिस के नोटिस देने पर बयान दर्ज करने के लिए सांसद बर्क नहीं आएंगे और पुलिस की जांच में सहयोग नहीं करेंगे तभी उनकी गिरफ्तारी होगी। कोर्ट ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने आदेश पर अमल करने को कहा है। संभल में 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे को लेकर भड़की हिंसा मामले में पुलिस ने सपा के स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी नंबर एक बनाया है, उनके खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद सांसद बर्क ने एफआईआर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी और एफआईआर रद्द किए जाने की गुहार लगाई थी। इस मामले पर जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस अजहर हुसैन इदरीसी की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सांसद जियाउर्रहमान बर्क की तरफ से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और सैयद इकबाल अहमद ने दलीलें पेश की और बताया कि जिस दिन हिंसा भड़की थी वो शहर में मौजूद नहीं थे। यूपी सरकार की तरफ से शासकीय अधिवक्ता एके संड ने पक्ष रखा।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने महाकुम्भ 2025 के दौरान रासायनिक एवं परमाणु आपदाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**● - राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रासायनिक एवं परमाणु आपदाओं जैसी संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन एवं चिकित्साधिकारियों को प्रशिक्षित किया।**



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** महाकुंभ के विशाल आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त प्रयास से प्रयागराज में परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा जैसे संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण विषय "Integrated Mission for Preparedness and Awareness-Cum-Training (IMPACT) for Radiological and Nuclear Emergency" पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज पुलिस लाइन, संकल्प पंडाल हॉल, मेला ग्राउन्ड, में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर और रासायनिक (CBRN) आपदाओं से निपटने की तैयारी को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों, रासायनिक आपदाओं का त्वरित आकलन, प्रभावितों का सुरक्षित बचाव और स्वास्थ्य सहायता प्रबंधन पर जोर दिया गया तथा विभिन्न आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार नायक अध्यक्ष, सीएमजी, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार ने बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग, देश में Nuclear and Radiological Emergency के लिए देश में नोडल एजेंसी है। साथ ही यह इसके संबंध में सभी स्टेक होल्डरों को समय-समय पर तकनीकी सहायता, क्षमता संवर्धन जानकारी एवं जागरूकता देते रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोसदस्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार ले. जनरल सय्यद अता हसनैन पी0वी0एस0एम0, यू0 वाई0 एस0 एम0, ए0 वी0 एस0एम, एस0एम0, वी0एस0एम0 और बार (से.नि.) ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राधिकरण प्रदेश में परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला का आयोजन कर रहा हैं जो एक सराहनीय प्रयास है। महाकुंभ जैसे आयोजनों के समय में किसी भी आपदा से निपटने के लिए पहले से तैयार रहना आवश्यक है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन दलों की रासायनिक, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर (CBRN) आपदाओं में क्षमता को बढ़ाने और उनके त्वरित प्रतिक्रिया कौशल को सुधारने में सहायक होगा।

कार्यक्रम के शुभारम्भ में प्राधिकरण के मा0 उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पी.वी.एस.एम, ए.वी.एस.एम, वी.एस.एम. (से.नि.) ने कहा कि प्रदेश में महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन के दौरान सभी स्टेक होल्डर की जागरूकता एवं जानकारी के लिए परमाणु और रासायनिक दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा संबंधित कार्यशाला करायी जा रही है। इन पदार्थो का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग हमारे देश के विकास एवं कल्याण के लिए आवश्यक है। उत्तर प्रदेश एक बड़ा व अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जहाँ विभिन्न उत्सवों एवं कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होता रहता है। इस दौरान Nuclear, Radiological and Chemical Emergency जैसे पदार्थो से होने वाले दुर्घटना एवं उससे बचाव के बारे में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जानकारी मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार से परमाणु ऊर्जा विभाग, भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर, मुंबई, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, नई दिल्ली, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नई दिल्ली, राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ, भारतीय सेना, मेला प्रशासन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, अग्निशमन विभाग, जिला अस्पताल के चिकित्साधिकारी एवं मेला क्षेत्र में स्थापित सभी अस्पतालों के चिकित्साधिकारी तथा एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, मथुरा, मिर्जापुर, श्रावस्ती एवं गोरखपुर के अधिकारियों सहित कुल 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा विभाग, भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, भारत सरकार के वैज्ञानिकों ने रासायनिक रिसाव का आकलन और प्रतिक्रिया रणनीति, डीकंटैमिनेशन प्रक्रियाएं (प्रभावित व्यक्तियों और स्थानों को सुरक्षित निकालना, महाकुंभ मेले के लिए रेडियोलॉजिकल आपातकाल की तैयारियों और प्रतिक्रिया के लिए एस0ओ0पी0 पर व्याख्यान दिया। परमाणु ऊर्जा विभाग के टीम के द्वारा रासायनिक विकिरण का पता लगाने और माप करने वाले उपकरणों की प्रदर्शनी कर सभी स्टेकहोल्डर को इसकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एक टेबलटॉप एक्सरसाइज़ और रासायनिक दुर्घटना और परमाणु दुर्घटना की फील्ड एक्सरसाइज़ का आयोजन किया गया।

# विधायक द्वारा किया गया पंचायत भवन का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**कोरांव प्रयागराज।** मेजा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा खरका कंचनपुर में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल एवं स्थानीय जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह पटेल के द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद प्रधान खरकाद्र कुमार निषाद द्वारा स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक द्वारा खरका गांव में बनकर तैयार नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करके उसे जनता को समर्पित कर दिया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार संकल्पित है। पंचायत भवन में उपस्थित रहने वाले कर्मचारी जनता को जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देने से लेकर पात्रों तक उपलब्ध कराने में जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे न सिर्फ भागदौड़ से राहत मिलेगी बल्कि जनता का नाजायज खर्च से बचत होगी। इसी क्रम में स्थानीय जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल द्वारा जन्मदिवस समारोह आयोजन मंडल एवं उपस्थित लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और आगे बताया कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार विकास की नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्रदान कराई गई तथा कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम आयोजक नीरेंद्र निषाद द्वारा विधायक जी के जन्म दिवस समारोह में कंबल वितरण



कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबुआन द्विवेदी, रामाश्रय शुक्ला, अशोक पांडे, रेवती पाल, शंकर दयाल, विनोद कुमार मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, संतरा देवी,प्रीति निषाद, रवि सिंह, आर. पी.सिंह, बृजेश शुक्ला, रमा शंकर त्रिपाठी, शिव बदन शुक्ला, पंकज मिश्रा, जोगेंद्र तिवारी, सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को सभी पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण कराने व उसका आंकलन करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री भानु भास्कर की अध्यक्षता में महाकुम्भ मेला क्षेत्र स्थित ICCC सभागार में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज श्री तरुण गाबा, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम, पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज श्री राजीव मिश्र, प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज डॉ अजय पाल शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ श्री राजेश द्विवेदी के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान एडीजी जोन प्रयागराज द्वारा पुलिस व्यवस्थापन व मेला में आए पुलिसकर्मियों के रहने, खाने व अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को सभी पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण कराने व उसका आंकलन करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस आयुक्त प्रयागराज श्री तरुण गाबा द्वारा सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र का भौगोलिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा कहा गया कि समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का भौतिक सत्यापन कर लें, प्रत्येक दिन मेला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाएं, हर तिराहें/चौराहें पर 24 घण्टे पुलिस बल मौजूद रहें एवं सभी स्नान घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की व्यवस्था अवश्य कराएं।

इसके बाद महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में परिचर्चा की गयी तथा आपातकालीन यातायात योजना व व्यस्थापन के सम्बन्ध में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, मुख्य मार्गो, स्नान घाटों, पाण्टून पुलों, पार्किंग स्थलों के सम्बन्ध



में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, मण्डलायुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा झूंसी मेला क्षेत्र पहुँचकर महिला पुलिस थाना झूंसी का औचक निरीक्षण किया गया एवं ऐरावत घाट सहित झूंसी मेला क्षेत्र का भी भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

# कौशाम्बी में कच्ची दीवाल गिरने से दो लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**● - गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में की गयी लापरवाही**



स्वतंत्र प्रभात

**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद में कच्ची दीवार पलटने से रिक्शा चालक सहित दो लोगों की मौत हो गयी है आपको बताते चलें कि कौशाम्बी जनपद के आदर्श नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नम्बर 2 अम्बेडकर नगर धोबी घाट तालाब के बगल में रहने वाले रिक्शा चालक शरीफ अहमद अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए रिक्शा चलाकर भरण पोषण करता था। कच्ची दीवार पलटने से 75 वर्षीय बुजुर्ग मां शकीना बानो पत्नी स्वर्गीय रजब अली 50 वर्षीय रिक्शा चालक शरीफ अहमद पुत्र स्वर्गीय रजब अली 10 वर्षीय शाह मोहम्मद पुत्र शरीफ अहमद व एक बछड़ा कच्ची दीवाल पलटने से आज शुक्रवार भोर लगभग 2–00 बजे दब गये चीख पुकार की आवाज सुन पड़ोसियो ने आनन फानन कड़ी मशक्कत के बाद दीवाल के अन्दर दबे लोगों को बाहर निकाला। घायल अवस्था में बुजुर्ग सकीना बानो शरीफ अहमद व नाबालिक शाह अहमद को एम्बुलेन्स के माध्यम से इस्माइलपुर कड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया चिकित्सकों ने रिक्शा चालक की मां सकीना बानो को मृत घोषित कर दिया। मृतका की डेड बॉडी पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रिक्शा चालक शरीफ अहमद व बेटे शाह अहमद को घर लाया गया।

जहां रिक्शा चालक शरीफ अहमद ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में दो लोगों की मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक शरीफ अहमद के अविवाहित दो बेटियां एवं तीन पुत्र हैं। रिक्शा चालक की पत्नी बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।खबर लिखे जाने तक राजस्व विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा था। कच्ची दीवार पलटने से एक बछड़ा की भी मौत हो गयी है खाने-पीने का सारा सामान भी दब गया है। रिक्शा चालक को नहीं मिला था प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

रिक्शा चालक शरीफ अहमद ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आदर्श नगर पंचायत अजुहा में फॉर्म अप्लाई किया था लेकिन आवास गरीब को मुहैया नहीं कराया गया यदि प्रधानमंत्री आवास का इस गरीब रिक्शा चालक को मिला होता तो आज ऐसा दर्दनाक हादसा टल सकता था। अब देखना यह है कि राजस्व प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन इस मृतक रिक्शा चालक के परिवार को एक प्रधानमंत्री आवास एवं सरकारी सहायता दिलाने में कितना मददगार साबित होता है।

# N.D. कॉन्वेंट स्कूल, KPS भरवारी,भीटी के शिक्षको द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के घरों का शैक्षणिक भ्रमण- एक सार्थक पहल

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन, जो शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और समर्पण के लिए जाना जाता है, ने आज एक नई मिसाल कायम की। केपीएस भरवारी, एन डी कान्वेंट, और केपीएस भीटी–की टीम ने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के घरों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारियों का आकलन करना था, बल्कि अभिभावकों और छात्रों के साथ व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनके शैक्षणिक और मानसिक विकास में सहायक बनना था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि छात्रों को न केवल स्कूल में बल्कि घर पर भी बेहतर शिक्षण और प्रोत्साहन का माहौल मिले। यह भी देखा गया कि बोर्ड परीक्षाओं जैसे महत्वपूर्ण समय में विद्यार्थी और उनके अभिभावक किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और उन्हें किस प्रकार से मदद की जा सकती है।

टीम ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई के प्रति उनके दृष्टिकोण को समझने का प्रयास किया। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों के साथ नियमित चर्चा करें। टीम ने यह भी बताया कि बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचाने और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से भरने में अभिभावकों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। टीम ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई की प्रगति और दिनचर्या के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई की बेहतर योजना बनाने, टाइम मैनेजमेन्ट के टिप्स अपनाने और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। छात्रों को समझाया गया कि परीक्षाओं के समय कैसे मानसिक शांति और अनुशासन के साथ पढ़ाई की जाये। इसके साथ ही, टीम ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और कठिन परिश्रम करने पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल को अभिभावकों ने अत्यन्त सराहा। कई अभिभावकों ने इसे विद्यालय का एक सराहनीय और प्रभावी प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तिगत सम्पर्क बच्चों और अभिभावकों के बीच विश्वास और सहयोग को और मजबूत बनाते हैं।

संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षित करना नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करना है। यह शैक्षणिक भ्रमण हमारे विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ जुड़ने का एक प्रयास है, ताकि हम उनकी समस्याओं को बेहतर तरीके से समझ सकें और उन्हें सफलता की ओर मार्गदर्शित कर सकें।"

डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने सन्देश में कहा, "यह पहल न केवल छात्रों की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि यह यह भी दर्शाती है कि हम उनके हर कदम पर उनके साथ हैं। अभिभावकों और शिक्षकों का एकजुट प्रयास ही बच्चों को जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।" डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा ने कहा, "हमारा मानना है कि शिक्षा केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं हो सकती। छात्रों की हर आवश्यकता को समझना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना



हमारी प्राथमिकता है।" रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन का यह प्रयास यह साबित करता है कि संस्थान केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं है। यह छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक व्यक्तिगत और प्रभावी बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। इस शैक्षणिक भ्रमण ने यह साबित कर दिया कि रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिन्ताओं को समझने और उनके समाधान के लिए तत्पर है। इस पहल ने न केवल छात्रों को प्रेरित किया बल्कि अभिभावकों को भी यह विश्वास दिलाया कि उनका बच्चा सही मार्गदर्शन में है। इस अनूठे कदम के माध्यम से रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन ने यह सन्देश दिया कि शिक्षा केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जो बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से सफल होती है। इस शैक्षिक भ्रमण में मुख्य रूप से प्रिंसिपल राहुल त्रिपाठी जी, डॉ सचिन त्रिपाठी, शशांक श्रीवास्तव, मधुबन पटेल, दीपक खरवार, रणजीत सिंह , शैलेन्द्र सिंह, शिवम त्रिपाठी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रदेश के राज्यमंत्री ने जनपद के अधिकारियों के साथ की बैठक

**● - महाकुम्भ-2025 की तैयारियों से सम्बन्धित सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**बैठक में मण्डी सचिव, मंझनपुर के अनुपस्थित रहने पर प्रभारी मंत्री ने कठोर नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये निर्देश**

**प्रभारी मंत्री ने दिब्यांगजनों को कृत्रिम सहायक उपकरण एवं राष्ट्रीय पारिवारिक तथा वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र किया वितरित**


**प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर के वासवदत्ता सभागार में बनायी गई एनआईसी कक्ष का फीता काटकर किया उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह द्वारा आज उदयन सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ-2025 की तैयारियों एवं विभागीय समीक्षा बैठक की गई। प्रभारी मंत्री ने महाकुम्भ-2025 की तैयारियों से सम्बन्धित जनपद कौशाम्बी प्रयागराज से सटा हुआ जनपद होने के नाते कानपुर एवं चित्रकूट की तरफ से आने वाले श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों के रूकने के लिए हाइवे के किनारे आकस्मिक वाहन पार्किंग बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने वहॉ पर शौचालय, विद्युत, पानी एवं अलाव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में लगभग 200-300 वाहन पार्क किये जा सकें। उन्होंने वहॉ पर रूकने वाले श्रृद्धालुओं के खॉन-पॉन के लिए अस्थायी दुकानें खुलवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थल की सभी व्यवस्थायें राजपत्रित अधिकारी की देख-रेख में रखने के निर्देश दिये। उन्होने स्वाथ्य विभाग की टीम, एम्बुलेन्स एवं मोबाइल यूनिट इकाई को 24 घण्टे एलर्ट रहने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने कहा किसी भी श्रृद्धालु को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये इस सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने श्रृद्धालुओं के आवागमन वाले रूटों में पड़ने वाले चौराहों पर अतिक्रमण न फैलाने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को हाइवे के किनारे वाले ग्राम के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर सहयोग प्राप्त करने के भी निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन/फरियादियों की छोटी-छोटी समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय, जिससे आमजन/फरियादी को जिला स्तर या शासन स्तर तक न जाना पड़े। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय अवश्य मिले तथा अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विभाग-चिकित्सा, पुलिस, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व, वरासत, पैमाइश, नामान्तरण, पंचायतीराज, कृषि, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, सेतु निगम, पी0डब्ल्यू0डी0, आकांक्षी ब्लॉक, विद्युत, मनरेगा, गौशाला, आबकारी, जल-जीवन मिशन, पर्यटन एवं उद्यान आदि विभाग सहित अन्य विभागों की बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय एवं पेंशन आदि से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय।

प्रभारी मंत्री ने पीडीब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जिन सड़कों का भी निर्माण कार्य होना है, उसका टेण्डर कराकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य चालू कराया जाय। उन्होने मण्डी परिषद के राजस्व की समीक्षा के दौरान बैठक में मण्डी सचिव, ओसा मंझनपुर के अनुपास्थित रहने पर कठोर नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने मण्डी सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि मण्डी परिषदों में जो भी चबूतरें किसानों के लिए बनाये गये है, वो किसी भी व्यापारी को न दिये जायें। इसके साथ ही उन्होंने मण्डी परिसरों में एक-एक स्वागत कक्ष बनाये जाने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने पर्यटन की समीक्षा के दौरान कहा कि कौशाम्बी जनपद पर्यटन की दृष्टि से अलवारा झील का जल्द से जल्द सौन्दर्यीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। मंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों का लगातार निरीक्षण कर पठन-पाठन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें। विद्यालयों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार ही उपलब्ध करायें, इसमें किसी भी




प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम है, वहॉ पर अध्यापकों द्वारा घर-घर जाकर अभिभावकों से वार्ता कर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने हर-घर नल से जल योजना की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जहॉ कहीं भी आपके द्वारा पाइप-लाइन बिछाने के लिए सड़क तोड़ी जा रहीं है, उस सड़क को उसी हालत में न छोड़कर, पहले उसे ठीक करायें तभी आगे का कार्य प्रारम्भ करायें।

प्रभारी मंत्री ने पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और अथक प्रयास किये जायें, इसके लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उचित कार्यवाही भी की जाय। इसके साथ ही उन्होने थानों में होने वाली जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने दिब्यांगजनों- बलराम, श्रीमती सुआकली, कबीर अहमद, लोकनाथ, इन्द्रमणि, सुनील कुमार, भौरव सिंह एवं मोहित भूपेन्द्र को कृत्रिम सहायक उपकरण यन्त्र तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ की लाभार्थी शोभा देवी एवं एवं वृद्धा पेंशन के लाभार्थी लाल चन्द्र को स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधिगण-पूर्व विधायक- शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, लाल बहादुर, संजय गुप्ता, नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी एवं नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष श्रीमती कविता पासी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर के वासवदत्ता सभागार में बनायी गई एनआईसी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## चंदवा का खेल स्टेडियम बना नशेड़ियों का अड्डा, स्थानीय युवाओं ने की साफ-सफाई



**चंदवा-** खिलाड़ियों के लिए एकमात्र खेल स्टेडियम दुर्दशा का शिकार हो गया है। शाम होते ही यह नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है, जहां शराब की खाली बोतलें यत्र-तत्र पड़ी रहती हैं। इससे सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले बुजुर्गों और बच्चों को अभ्यास में परेशानी होती है। स्थानीय युवाओं जयेश वरु, राकेश सिंह, रवि केशव और भोला ने शुक्रवार को स्टेडियम की सफाई कर लोगों से इसे साफ-सुथरा रखने की अपील की। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## प्रवासी श्रमिक से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन



**साहेबगंज, झारखंड-** प्रखण्ड विकास कार्यालय सदर के प्रखण्ड सभागार में प्रवासी श्रमिक से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्रम अधीक्षक साहेबगंज धीरेन्द्र नाथ महतो के द्वारा बताया गया कि किसी अन्य राज्य में कार्य करने वाले मजदूर अपना निबंधन श्रम कार्यालय साहेबगंज में कराएं ताकि उनको योजनाओं से मिलने वाली लाभ से लाभान्वित किया जा सकेगा। अब तक कुल निबंधित प्रवासी श्रमिकों की संख्या-13097 है। अन्य राज्य में दुर्घटना/सामान्य मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को लाने हेतु कुल 10 लाभुकों को 50,000/- रु0 प्रति लाभुक मुहैया करा दिया गया। कार्यशाला में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी साहेबगंज गिरिश चंद्र प्रसाद,जिला परिषद् उपाध्यक्ष, सुनिल कुमार यादव, बी0ओ0सी क्लर्क विनोद राम, मुखिय, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


## पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- चौपारण-** बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। शुक्रवार को भी प्रखण्ड के विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व विधायक शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने चौपारण के बेला पंचायत के ग्राम टांडीह निवासी बिनोद सिंह के आवास पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उसके बाद उन्होंने पंचायत दादपुर के ग्राम छतरपुरा निवासी डॉ अमन सिंह के पिताजी का श्राद्ध कार्यक्रम (दसवां )में शामिल हुए। इस दौरान श्री अकेला ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन की। मौके पे लव सिंह,भुनेश्वर यादव,रामफल सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## वेक्टर क्लासेस ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती

### समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का लें संकल्प- निदेशक




**बरही-** हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में मनाई गई। इस दौरान संस्थान के बच्चों ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर फूल अर्पण कर उनके विचारों को याद किया और छात्रों ने उनके विचारों को और उद्देश्यों को जन-जन पहुंचने के लिए संकल्प लिया। संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति आन्दोलन की प्रणेता, महान समाजसेविका महात्मा सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस पुरे हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया गया। 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारत सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले को समर्पित है। इस दौरान संस्थान के शिक्षक राजेश कुमार, दामोदर शर्मा, सुरेंद्र मंडल, व्हाट्सएप छात्र स्नेहा सिंह, अमित शाह कुमारी, आनंद कुमार, आशीष कुमार, लोक कुमार, सनी सिंह, सिया गुप्ता, मनीषा कुमारी, पायल कुमारी, रानी कुमारी, दिव्या कुमारी, चांदनी कुमारी सहित संस्थान के कई छात्र मौजूद रहे।

# ठंड से बचाव के लिए बरही पश्चिमी मुखिया समशेर आलम की नेक पहल, चौक चौराहों पर किया अलाव की व्यवस्था

**● हमारा उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना है-शमशेर आलम**

स्वतंत्र प्रभात




**बरही-** बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम ने ठंड और शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की है। उनके सौजन्य से यह पहल क्षेत्र में ठंड से राहत प्रदान करने के लिए की गई है। मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने बताया कि अलाव की यह व्यवस्था बरही चौक के गुप्ता इम्पोरियम, मछली मंडी चौक, गया रोड मल्लाहटोली मोड़, गया रोड प्रकाश चाय होटल, गया रोड टेंपो स्टैंड, भामाशाह कारू चाय दुकान, पटना रोड प्रिंस पान दुकान, धनबाद रोड राजेंद्र मद्धेशिया होटल, और बरहीडीह मोड़ के पास की गई है। इन स्थानों पर स्थानीय लोगों ने अलाव के माध्यम से ठंड से राहत पाई। इस महत्वपूर्ण कार्य में मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम के साथ समाजसेवी रवि सिंह, मिथिलेश सिंह, गोपाल राणा, संतोष निषाद, मनोज ठाकुर, कौशिक पासवान, उमेश निषाद और अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी ने क्षेत्र में अलाव जलाने और स्थानीय जरूरतमंदों को राहत देने में मदद की।मुखिया शमशेर आलम ने कहा कि हमारा उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना है। इस तरह की पहल से जरूरतमंदों की मदद होती है और सामुदायिक सहयोग का भी उदाहरण प्रस्तुत होता है। ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को सहायता मिलना बेहद जरूरी है। हम भविष्य में भी इसी तरह लोगों की सेवा करते रहेंगे। मुखिया की इस पहल को स्थानीय स्तर पर सराहना मिल रही है। लोगों का कहना है कि यह प्रयास दिखाता है कि सही नेतृत्व और सामुदायिक सहयोग से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है।

# मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत पाँच हजार की सहायता राशि से झलके महिलाओं की खुशी के आँसू

स्वतंत्र प्रभात






**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत असहाय बहनों को दी जा रही आर्थिक सहायता ने संकट के समय में राहत प्रदान की है। योजना के तहत दिसंबर और जनवरी की दो माह की राशि ?5000 एकमुश्त बैंक खातों में जमा किए जाने की सूचना ने लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत शुरू में ?1000 प्रतिमाह दिया जा रहा था, जिसे बाद में बढ़ाकर ?2500 कर दिया गया। अगस्त से नवंबर तक की राशि का भुगतान समय पर हुआ, लेकिन दिसंबर और जनवरी की राशि के भुगतान में देरी के कारण कुछ अफवाहें फैलीं, जिससे कई बहनें चिंतित हो गईं।

हालांकि, 3 जनवरी को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि दिसंबर और जनवरी की कुल राशि 5000, दो चरणों में—पहले चरण में 6 जनवरी और दूसरे चरण में 11 जनवरी को लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस सूचना के बाद कई बहनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि संकट के समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें सम्मान और सहयोग देकर बड़ी राहत प्रदान की है। बहनों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, "भैया हो तो हेमंत जी जैसा, जिन्होंने सोहराय जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर यह उपहार देकर हमारी परेशानियों को कम किया।" विभिन्न सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यदि किसी लाभार्थी को तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि नहीं मिली हो, तो अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करने की बात कही गई है।

# हजारीबाग में संदिग्ध मौत पर सियासत गर्म, कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच और गिरफ्तारी की मांग

**● कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हजारीबाग जिले में पूर्व सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कांग्रेस ने इस घटना की गहन जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हजारीबाग एसपी से तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में स्वर्गीय अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता भी शामिल थे। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लिया और हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से तत्काल फोन पर बात की। हजारीबाग एसपी ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस बैठक में कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता बिनोद कुशवाहा, मनोज नारायण भगत, संजय तिवारी और साजिद अली खान भी उपस्थित थे।

### क्या है पूरा मामला?

पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत को लेकर कई तरह के संदेह और आरोप लगाए जा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि यह एक साजिश के तहत की गई हत्या है, जबकि कुछ लोग इसे आत्महत्या का मामला बता रहे हैं। पुलिस अब तक इस मामले में किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है, लेकिन मृतका के परिजनों और कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पुलिस प्रशासन इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। मृतका अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरी बहन की मौत सामान्य नहीं थी। हमें शक है कि उसके साथ घरेलू हिंसा होती थी। वह अक्सर परेशान रहती थी और कई बार उसने अपने दुख साझा किए थे। हमें इंसाफ चाहिए। वहीं कांग्रेस ने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कियह बेहद संवेदनशील मामला है। अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। हम प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। हालांकि हजारीबाग एसपी ने आश्वासन दिया है कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और यदि आरोपी दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# सड़क सुरक्षा माह,रोज डे के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को रोज डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस ने डिस्ट्रिक मोड़ सहित अन्य प्रमुख इलाकों में दोपहिया वाहनों की जांच की। खास बात यह रही कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को चालान के बजाय गुलाब का फूल देकर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जांच अभियान हेतु यातायात पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बिना हेलमेट वाले दोपहिया चालकों को रोका गया। गुलाब फूल का वितरण कर नियम तोड़ने वालों को दंडित करने के बजाय उन्हें गुलाब का फूल देकर सम्मानपूर्वक समझाया गया कि हेलमेट पहनना उनके और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। जागरूकता संदेश देते हुए यातायात पुलिस ने लोगों को बताया कि हेलमेट पहनना सड़क दुर्घटनाओं में जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अन्य यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की गई।


इस मौके पर अधिकारी ने कहा हमारा उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। हेलमेट न केवल कानून के तहत अनिवार्य है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं के दौरान जान बचाने में सबसे प्रभावी सुरक्षा उपकरण भी है। गुलाब फूल देकर किए गए इस अनोखे जागरूकता अभियान को स्थानीय लोगों ने सराहा। कई लोगों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि यह उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। सड़क सुरक्षा माह के तहत आने वाले दिनों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता में सड़क सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देना और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना है।

# रजरप्पा दर्शन करने पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

**● रजरप्पा पहुंचने पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृत्व में किया गया स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** नव वर्ष में मां छिन्नमस्तिके के दर्शन करने पहुंचे हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल साथ में हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहें। दर्शन करने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के जीवन में ये नूतन वर्ष की खुशहाली, सुख-समृद्धि लेकर आए साथ ही राज्य और यहां की जनता प्रगति करे यही प्रार्थना मां से किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मां छिन्नमस्तिका के आशीर्वाद से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं राष्ट्र सेवा करने का मौका मिला है, और हम इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से माता के आशीर्वाद से निभाने के प्रयास करेंगे और रजरप्पा मंदिर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जन सेवा का जो संकल्प लिया है उसको अच्छी तरह से पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे और माता के आशीर्वाद से क्षेत्र का विकास भी करेंगे। मौके पर उपस्थित रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि चारों तरफ हरियाली आए, किसान, युवा, नारी शक्ति सब आगे बढ़े सशक्त बने इसके लिए हम सबने माता से आशीर्वाद लिया है और कामना की है।




सांसद जी के रजरप्पा आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी छोटू पंडा, अजय पंडा, वसीम पंडा, लोकेश पंडा ने उनका अभिनंदन किया और रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा जी ने सांसद एवं विधायक जी की पूजा अर्चना करवाई। मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, दुलमी मंडल अध्यक्ष नरेश साव, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, भूरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, पतरातु मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, मांडू मंडल अध्यक्ष टोकेश सिंह,आरा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, जय नारायण कुशवाहा, मनमीत अकेला, विजय कुमार, अजय साहू, किशोरी यादव, बिक्की कुमार महतो, अंकित सिंह, सोनू सोनी, विनीत यादव, राहुल पासवान, महेंद्र जी सहित कई भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने की मुलाकात, नववर्ष की दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज उनके आवासीय कार्यालय में मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात कर नववर्ष 2025 की बधाई दी। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल सांसद विजय हांसदा, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्यों में निरंतर सहयोग का आह्वान किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक, आईजी पंकज कंबोज, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, रेवेन्यू निदेशक भोर सिंह यादव, उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव, पर्यटन निदेशक अंजली यादव और उद्योग निदेशक सुशांत गौरव शामिल थे, ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

# जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर छाए रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, लोगों ने मिलकर दी बधाई

**● बरही की राजनीति में रमेश ठाकुर का है अहम योगदान, सन 1985 से युवावस्था से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में रहे है सक्रिय**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने अपनी सामाजिक और राजनीतिक यात्रा में कई मुकाम हासिल किए हैं। अपने जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर छाए रमेश ठाकुर को बधाई देने वालों की लंबी कतार लगी रही। युवावस्था से ही राजनीति और समाजसेवा में रुचि रखने वाले रमेश ठाकुर ने 1985 में छात्र राजनीति से अपनी शुरुआत की। रमेश ठाकुर ने अपनी युवावस्था में स्टूडेंट फेडरेशन का गठन किया और यूथ क्लब बरही के माध्यम से युवाओं को संगठित किया। 1989 में विधायक मनोज कुमार यादव के सानिध्य में आने के बाद उन्होंने राजनीति और सामाजिक कार्यों में रुचि ली और सक्रिय हो गए। रमेश ठाकुर ने बरही में रामनवमी महासमिति का गठन कर अध्यक्ष के रूप में इसका संचालन किया। उनकी अध्यक्षता में दुर्गा पूजा उत्सव को नई दिशा मिली, जब पूजा की शुरुआत षष्ठी के बजाय पहली तिथि से कराई गई। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस प्रशासन के सहयोग से कई सामाजिक आयोजन सफलतापूर्वक करवाए।

**बरही के विकास में अहम योगदान-** रमेश ठाकुर ने बरही को कोडरमा जिले में शामिल होने से रोका और हजारीबाग में रहने की मांग को लेकर विधायक मनोज यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। उनके प्रयासों से एनएच 31, 33 और 2 का चौड़ीकरण हुआ, जिसके लिए तीन दिनों तक सड़क जाम करना पड़ा।

**विस्थापन और न्याय के लिए संघर्ष**

56 विस्थापित गांवों के लिए हजारीबाग कमिश्नरी से लेकर रांची तक संघर्ष करने वाले रमेश ठाकुर ने सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी। उनकी सोच है कि बरही को नगर पंचायत का दर्जा मिले और भविष्य में इसे जिला बनाया जाए।

**पारदर्शिता और न्याय उनकी सोच-**

रमेश ठाकुर का मानना है कि जनता का काम पारदर्शी तरीके से हों और हर व्यक्ति को न्याय मिले। उनका जीवन सामाजिक और राजनीतिक संघर्षों का एक प्रेरणादायक उदाहरण रहा है।

# बरसोत पंचायत में बिरहोर समुदाय के परिवारों को कंबल वितरित, एसडीओ, बीडीओ व मुखिया रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन द्वारा आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की सहायता के लिए एक सराहनीय पहल की गई। बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो एवं बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी के संयुक्त प्रयास से बरसोत पंचायत के बरियट्ठा गांव में बिरहोर समुदाय के सभी परिवारों को 50 कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में बिरहोर समुदाय के परिवारों को राहत पहुंचाना था, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अत्यधिक ठंड से प्रभावित होते हैं। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने कहा कि प्रशासन हमेशा से ही वंचित और जरूरतमंद समुदायों की मदद के लिए तत्पर है।

इस ठंड के मौसम में किसी को भी असुविधा न हो, यही हमारी प्राथमिकता है। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने स्थानीय लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी, जिससे वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। ग्राम पंचायत मुखिया ने प्रशासन के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ठंड से बचाव के लिए इस तरह की सहायता बिरहोर समुदाय के लिए बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए पंचायत तत्पर रहेगी। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की प्रशंसा की और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# चाणक्य आईएएस अकादामी में वैकल्पिक विषय मानवशास्त्र की कक्षा शुरू

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस अकादामी में यूपीएससी की वैकल्पिक विषय मानवशास्त्र की कक्षा 16 जनवरी से शुरू हो रही है जो हिंदी और इंग्लिश में करावाई जाएगी। चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय कुमार मिश्रा ने बताया की मानवशास्त्र यूपीएससी के वैकल्पिक विषय हैं जो कुल 500 अंक के हैं इसी प्रकार चाणक्य आईएएस अकादामी अन्य वैकल्पिक विषयों की तैयारी करवाते रहती है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषय की तैयारी के लिए दिल्ली जाने की आवश्कता नहीं है। चाणक्य आईएएस अकादमी के महाप्रबंधक रीमा मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों को सभी फैसिलिटी दी जाती है जैसे नोट्स टेस्ट, वातानुकूलित कक्षा, लाइब्रेरी, मेंटर और सिंगल विंडो सिस्टम के तहत विद्यार्थियों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं उपलब्ध है। मौके पर चाणक्य आईएएस अकादमी के मानव शास्त्र के फैकल्टी डॉ अमर कीर ने कहा की मानवशास्त्र मानव से जुड़ी एवं समाज से जुड़ी पहलुओं पर प्रकाश डालता है जिससे विद्यार्थी अधिक मार्क्स लाने में सहजता महसूस करते हैं। यही कारण है कि आज मानवशास्त्र विद्यार्थियों का चाहेता विषय बना है।

# सावित्रीबाई फुले को अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय स्थित अलीगढ़ गोंडा रोड पींजरी पैंठ पर देश की पहली महिला टीचर व महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाने वाली सावित्रीबाई फुले को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। समिति के जिलाध्यक्ष व भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया कि यह दिन देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है। भारत में महिला शिक्षा की अगुआ सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने भारतीय महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाई।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।।

जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। जहां नारी का सम्मान नहीं होता वहां सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं और वह देश और समाज तरक्की नहीं करता। आज का दिन देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने और नमन करने का दिन है। इस मौके पर चौधरी राम बहादुर सिंह प्रदेश महासचिव रालोद सोहन सिंह काका शीशपाल सिंह नंबरदार ऋषिपाल सिंह अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ यावेश कुमार हरेंद्र सिंह अरुण चौधरी वकील कुमार यश चौधरी योगेश कुमार नाहर सिंह नरोत्तम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# छेरत सुड़ियाल में डीएम ने आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

**● स्वच्छता शुल्क के रूप में एकत्र धनराशि से अतिरिक्त कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड जवां की ग्राम पंचायत छेरत सुड़ियाल का स्थलीय भ्रमण कर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में कार्यरत सफाईकर्मियों से कूड़ा पृथ्थकरण एवं उसके बाजार में विक्रय संबंधी जानकारी की। उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान को आरआरसी सेंटर में दो अतिरिक्त सफाई कर्मियों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में पाया कि ग्राम में अब तक स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 70 हजार रूपये की धनराशि एकत्र हुई है। एक कूड़ा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 205 घरों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जमा धनराशि से एक और कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय कर लिया जाए ताकि और अधिक परिवारों से कूड़ा संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा के ग्राम पंचायत नगर निगम सीमा से सटी हुई है ऐसे में कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाए



आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करते डीएम

जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, प्रभारी डीपीआरओ मोहम्मद राशिद उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिला

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी की पत्नी अनीता देवी के घर में संदिग्ध मौत का जांच कर आरोपी तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के गिरफ्तारी की मांग को लेकर हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के उपस्थित में स्वर्गीय अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता और जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात कर विस्तृत घटना की जानकारी और ज्ञापन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल हजारीबाग एसपी से दूरभाष पर बात की। बताया कि हजारीबाग एसपी ने तीन दिनों के अंदर तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# विश्व ब्रेल दिवस- समावेशिता का उत्सव




दृष्टिहीनता एक ऐसी शारीरिक चुनौती है, जो व्यक्ति के जीवन को कठिनाईयों और संघर्षों से भर देती है। किंतु मानव मन की अदम्य इच्छाशक्ति और सृजनात्मकता ने हमेशा इन बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए इतिहास में ऐसे प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जो आज करोड़ों लोगों के लिए आशा और प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है लुई ब्रेल द्वारा विकसित ब्रेल लिपि, जो दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेशिता का सशक्त आधार बनी। प्रत्येक वर्ष 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन लुई ब्रेल के योगदान को स्मरण करने और दृष्टिहीन व्यक्तियों के अधिकारों तथा उनके विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। यह न केवल ब्रेल लिपि के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समानता और समावेशन के आदर्शों को भी सशक्त करता है।

लुई ब्रेल का जन्म 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के एक छोटे और शांत गांव कूप्रे में हुआ। बाल्यकाल से ही लुई एक विलक्षण बुद्धिमत्ता और प्रखर जिज्ञासा के धनी थे। किंतु मात्र तीन वर्ष की अल्प आयु में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना ने उनकी आंखों की रोशनी छीन ली। इस हृदयविदारक घटना ने उनके जीवन को गहरे अंधकार में ढकेल दिया, परंतु उनके अदम्य साहस और अटल निश्चय ने उन्हें निराशा के अंधकार से हारने नहीं दिया। अपने दृढ़ मनोबल के साथ, लुई को पेरिस स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। यहां उन्होंने महसूस किया कि दृष्टिहीनों के लिए उपलब्ध शिक्षण प्रणाली जटिल, असुविधाजनक और उनके लिए सुलभ नहीं थी। इस समस्या ने लुई के मन में एक नई क्रांति का बीज बोया। उन्होंने एक ऐसी सरल और प्रभावी लिपि विकसित करने का संकल्प लिया, जो दृष्टिहीनों के लिए शिक्षा का माध्यम बन सके। केवल 15 वर्ष की किशोरावस्था में, लुई ने अपने अथक प्रयासों से ब्रेल लिपि का आविष्कार किया। यह लिपि उस समय सेना में उपयोग की जाने वाली ÷नाइट राइटिंग÷ नामक स्पर्श आधारित कोड पर आधारित थी।

ब्रेल लिपि छह बिंदुओं पर आधारित एक अद्वितीय कोड प्रणाली है, जो दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए शिक्षा, साक्षरता और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनी है। इस प्रणाली में प्रत्येक अक्षर, संख्या, या चिह्न को विशेष बिंदु संयोजनों द्वारा व्यक्त किया जाता है। ये उभरे हुए बिंदु कागज पर ऐसे ढंग से दर्ज किए जाते हैं, जिन्हें उंगलियों के स्पर्श के माध्यम से पढ़ा जा सकता है। यह लिपि न केवल सरल और सहज है, बल्कि अत्यंत प्रभावी भी है। इस प्रणाली की विलक्षणता यह है कि इसके माध्यम से न केवल भाषा और साहित्य, बल्कि गणित, विज्ञान और संगीत जैसे जटिल विषयों को भी समझा जा सकता है। ब्रेल लिपि की यह बहुमुखी प्रतिभा इसे अन्य लिपियों से विशिष्ट बनाती है। इसे दुनियाभर की अनेक भाषाओं में अनुकूलित किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाएं भी शामिल हैं। यह लिपि सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के साथ सामंजस्य स्थापित करती है, जिससे दृष्टिहीन व्यक्ति अपनी मातृभाषा में भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ब्रेल लिपि के अध्ययन और लेखन के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जैसे ब्रेल स्लेट और स्टाइलस, जो इसे सुलभ और प्रभावी बनाते हैं। इसके अलावा, आधुनिक युग में डिजिटल ब्रेल डिस्प्ले और ब्रेल प्रिंटर ने इस प्रणाली को और अधिक उपयोगी और सुविधाजनक बना दिया है। तकनीकी प्रगति ने इसे डिजिटल युग के साथ जोड़ते हुए दृष्टिहीनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। ब्रेल लिपि केवल एक लेखन प्रणाली नहीं है, बल्कि यह दृष्टिहीनों के लिए एक जीवन का आधार है। इसने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाते हुए लाखों लोगों को साक्षरता, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया है। इस प्रणाली के माध्यम से दृष्टिहीन व्यक्ति साहित्य, गणित, विज्ञान और संगीत जैसे विषयों का गहन अध्ययन कर सकते हैं। यह न केवल उनके ज्ञान के क्षितिज को विस्तारित करती है, बल्कि उन्हें समाज में समानता और सम्मान का अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करती है। ब्रेल लिपि का योगदान शिक्षा के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। यह रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देती है, जिससे दृष्टिहीन व्यक्ति अपने जीवन के हर पहलू में आत्मनिर्भर बन सकें। यह लिपि उन्हें न केवल उनकी व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने का अवसर देती है, बल्कि समाज में समावेशिता और समानता की भावना को भी सशक्त करती है।


भारत में दृष्टिहीनों की आबादी लगभग 50 लाख है, जो वैश्विक दृष्टिहीन जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन व्यक्तियों के जीवन को शिक्षित और सशक्त बनाने में ब्रेल लिपि का योगदान अद्वितीय है। देहरादून स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद विजुअल डिसेबिलिटीज जैसे संस्थान, हर साल लगभग 10,000 दृष्टिहीन व्यक्तियों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। भारत सरकार ने ब्रेल किताबों की मुफ्त उपलब्धता और सरकारी नौकरियों में दृष्टिहीनों के लिए 1त्न आरक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से उनकी मदद की है। भारत में ब्रेल लिपि को हिंदी, तमिल, बंगाली, मराठी सहित 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुकूलित किया गया है, जिससे यह 75त्न से अधिक दृष्टिहीन आबादी के लिए सुलभ हो गई है। ये प्रयास न केवल उनके शैक्षिक अधिकारों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि उनके आत्मनिर्भर जीवन के सपने को भी साकार करते हैं।

आधुनिक युग में ब्रेल लिपि ने तकनीकी प्रगति के साथ कदमताल करते हुए नई संभावनाओं को जन्म दिया है। डिजिटल ब्रेल डिस्प्ले और ब्रेल प्रिंटर जैसे उन्नत उपकरण दृष्टिहीन व्यक्तियों को कंप्यूटर, स्मार्टफोन, और इंटरनेट से जोड़ने का सशक्त माध्यम बने हैं। टेक्स्ट-टू-ब्रेल और ब्रेल-टू-टेक्स्ट जैसी तकनीकों ने पढ़ने-लिखने की प्रक्रिया को न केवल सरल बनाया है, बल्कि इसे अधिक सुलभ भी किया है। आज ब्रेल लिपि मात्र एक लेखन प्रणाली नहीं है; यह दृष्टिहीन व्यक्तियों के आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का एक अनूठा प्रतीक है। विश्व ब्रेल दिवस, लुई ब्रेल के ऐतिहासिक योगदान का स्मरण मात्र नहीं है, बल्कि यह मानवता के अदम्य साहस और समानता के अधिकार का उत्सव है। यह दिन हमें दृष्टिहीन व्यक्तियों के शिक्षा, सशक्तिकरण और समान अवसरों के अधिकार के प्रति न केवल जागरूक करता है, बल्कि एक बेहतर और समावेशी भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित भी करता है। ब्रेल लिपि, जीवन की चुनौतियों को अवसरों में बदलने की शक्ति का प्रतीक है। लुई ब्रेल की इस अद्भुत खोज ने अनगिनत दृष्टिहीन व्यक्तियों को आत्मनिर्भरता, सम्मान और ज्ञान की असीम दुनिया का हिस्सा बनने का अवसर दिया है। यह हमें यह सिखाती है कि मानवता का सच्चा सार उन बाधाओं को पार करने में है, जो जीवन को नई दिशा और उद्देश्य प्रदान करती हैं। विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर, आइए हम संकल्प लें कि हम दृष्टिहीन व्यक्तियों की आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की इस यात्रा को और सशक्त बनाएँगे।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**

## संपादकीय

# 'मुझे भी बिकना है'




IPL मैच का सीजन चल रहा था। क्रिकेट के बारे में मेरा ज्ञान शुरू से ही सिर्फ फील्ड के बाहर गई गेंद को दौड़.दौड़ कर लाकर बॉलर को पकड़ाने तक सीमित है। कभी.कभी मेरे साथी किसी पड़ोस वाली आंटी के मकान का शीशा तोड़ने पर मेरा झूठा नाम लगा देते थे। इसी बहाने यह झूठी तसल्ली मिल जाती थी कि चलोए पड़ोस की आंटी और अंकल ही सहीए कोई तो मानता है कि गेंद हम भी मार सकते हैं ए शीशा हम भी तोड़ सकते हैं। क्रिकेट का बाजारीकरण भी देखा है। क्रिकेट अब गलियों से निकलकर बड़े.बड़े उद्योगपतियों की जेब में आ गया है और सेलिब्रिटी के तीसरे पेज पर अपनी जगह बना चुका है। IPL शुरू होते ही मीडिया हाउस की चांदी हो जाती है। बड़े.बड़े होर्डिंग्स और विज्ञापनए IPL की बिडिंग से ही शुरू हो जाते हैं। हर तरफ गहमागहमी का माहौल है। हर जगह एक ही चर्चा सुनाई देती हैकृकौन.सा खिलाड़ी कितने में बिका।

खिलाड़ियों के दामए जो अक्सर मोटे.मोटे घोटालों की रकम की बराबरी करते हैंए देखकर मैंने बड़े अफसोस के साथ सोचाए श्सच मेंए मुझे भी बिकना है। जब हर कोई आज के इस चमक.दमक वाले बाजार में बिकने के लिए खड़ा हैए तो कोई मेरा भी दाम लगाए। मगर मैंघ् मैं कहाँ जाऊं। कोई खरीदार हो तो सहीए मेरे भी हिस्से की कीमत लगा दे। वैसे तो शादीशुदा हूँए तो पहले ही बिक चुका हूँ। शायद सेकंड हैंड माल को लेने के लिए तो कबाड़ी भी हाथ नहीं लगाएगा।

अब दो कौड़ी के आम आदमी की कीमत भला कौन दे सकता हैघ् पढ़.लिखकर नवाब बनने के शौक में सब गोबर कर दिया है। इससे अच्छा तो खेल.कूद कर खराब हो जाते। हो सकता है कि आज कहीं जुगाड़ लगाकर फिट हो जातेए चाहे एक्स्ट्रा प्लेयर के रूप में ही सही। जो काम बचपन में किया थाए वही कर लेतेकृमसलन रिटायर्ड हर्ट प्लेयर को स्ट्रेचर में पटक कर ले जाने काए पानी और कोल्ड ड्रिंक पिलाने काए और शर्ट खोलकर अपने खिलाड़ियों को चीयर करने का। कम से कम लाख.दो लाख तो बिड में हमें भी मिल ही जाते!

आज के दौर में हर कोई बिकना चाहता हैए और हर कोई खरीदना चाहता है। हर कोई ज़रूरत और परिस्थितियों के अनुसार खरीदार और बिकने वाला बन जाता है। बाज़ार तय करता हैए सप्लाई और डिमांड तय करती है। जब लोकतंत्र का भविष्य ही बाज़ार तय कर रहा हैए सरकारें बाज़ार तय कर रही हैंए तो फिर अदने से वोटर की क्या औकात जो बिक न सके!

गरीब मजदूर चौराहे पर गठरिया बाँधे एक आशा के साथ उन हाथों को ढूंढ रहा है जो उसे ले जाएँए ताकि शाम की रोटी का जुगाड़ हो सके। उसे तो बेचने की कला भी नहीं आती। बाज़ार के पैतरों से अनभिज्ञए निरीह और पथराई सी आँखें बाबूजी को ढूंढ रही हैंए जो आज उसे मजदूरी देकर उसके सीमित सपनों का मसीहा बनेगा।

आज की युवा पीढ़ी भी बिकने के लिए तैयार है। चंद लाइक्स और कमेंट्स के लिए नग्नता के प्रदर्शन की सीमा से परे जाकर शर्म.हया बेच दी। खिलाड़ी और कलाकार भी अपने आप को बेच रहे हैं। एक पहुँचे हुए शास्त्रीय संगीतकार जब च्यवनप्राश के विज्ञापन में खुद को बेचते नजर आएए तो लगा कि कला नहीं बिक रहीए तो क्याए कलाकार तो बिक रहा है। कला और संस्कृतिए जो देखनेए सुननेए महसूस करने और अपनी रूह को उन्नत करने के लिए थीए अब सिर्फ प्रदर्शन की वस्तु बन गई है। तालियाँ कला के प्रदर्शन पर नहींए कलाकार के अंग.प्रदर्शन पर ज्यादा बजती हैं! अब आम आदमी भी बिकता है नघ् हर पाँच साल मेंए कुछ चंद नोटों और एक दारू की बोतल के खातिर। लोकतंत्र के चार पिलर . न्यायपालिकाए विधायिकाए कार्यपालिकाए और पत्रकारिता भी तो इस दौड़ में पीछे नहीं हैं!

देश की अर्थव्यवस्था भी तो खरीद.फरोख्त से चलती है न! दुनिया भर को झूठे जीडीपी के आँकड़े दिखाने की कवायद में लोकतंत्र को अर्थतंत्र में बदला जा रहा है। इन जीडीपी के आँकड़ों को राशन की दुकान में सड़े.गले गेहूँ के बदले में अगर आम जनता को खिला दिया जाएए तो शायद देश की भुखमरी कम हो जाए। शायद असल मायनों में लोकतंत्र को अर्थ दिया जा रहा है! देखोए बिकने के लिए एक यूएसपी (USP) होना ज़रूरी है। आजकल के मोटिवेशनल स्पीकर भी तो अपने आपको बेचकर आपको बेचने के गुर सिखा रहे हैं। आदमी सामान नहींए खुद को बेचता है। अब जिसकी यूएसपी बेहतर होगीए वह बेहतर दाम में बिकेगा।


न्यायपालिका में तो वैसे ही न्याय को पत्थर की काली मूर्ति बनाकर उसकी आँखें काले कपड़े से बंद कर रखी हैं। अब पत्थर में संवेदना ढूँढोगे तो कहाँ से मिलेगी! तराजू हाथ में है। बनाने वाले कलाकार ने तराजू का कांटा भी बिल्कुल सही माप का लगाया है। इस पलड़े में रकम डालिए और दूसरे पलड़े में बराबर के वजन का फैसला लीजिए!

विधायिका भी अपनी रंगत बदलती गिरगिट जैसी खूबी लिए है। गेंडे जैसी मोटी खाल धारण किए हुए है। विधायिका पल्टूराम और मौकापरस्ती के मगरमच्छी आँसू लिए बस बिकने को तैयार है। नीतियाँ और सिद्धांत ये सब हवा और मौके के साथ बदलने की क्षमता रखते हैं। कार्यपालिका तो बिकने के लिए ही बनी हैए लेकिन इसकी कीमत हर कोई अदा नहीं कर सकता। बड़े.बड़े उद्योगपति और कॉर्पोरेट घरानों का ही बूता होता है इनके दाम लगाना! पत्रकारिता भी हवा के साथ बहने के लिए तैयार है। जहाँ पत्रकारिता दीपक की तरह लोकतंत्र की आखिरी लौ थीए अब हवा के साथ बुझने को तत्पर है। दाम सही मिले तो कब किसकी हवा बना दे और किसकी हवा निकाल देए सब आता है।

कई लेखकों ने इसी कारण वो लिखना शुरू कर दिया जो बिकता है। साहित्य की रेसिपी में अश्लीलता और फूहड़ता का छौंक लगाया जा रहा है। अब अच्छा साहित्य तो घर में बनी बीवी के हाथ की स्वादहीन दाल ही साबित हो रही है। सभी को बाजारू साहित्य का टंगड़ी कबाब ही पसंद है। सुना हैए ष्मस्तरामष् एक बहुत ही उम्दा लेखक था। उसकी रचनाएँ स्वादहीन दाल ही साबित हो रही थीं। प्रकाशक ही नहीं मिल रहे थे। जो कोई एक.दो रहम करके छाप भी देतेए वो दुबारा हाथ जोड़ लेते। हारकर बेचारे ने वह लिखना शुरू किया जो सबकी माँग थी। देखते ही देखते उसके हजारों प्रशंसक हो गए। उसका रचा साहित्य अब अलमारियों की धूल फँकने की बजाय तकियों के नीचे करीने से सजाया जाने लगा। मैं भी बिकना चाहता हूँए अपनी कीमत चाहता हूँ। कोई मुझे भी खरीद लेए ताकि मैं भी इस बिकने वाले संसार का हिस्सा बन सकूँ।

**डॉ. मुकेश 'असीमित'**

# जल संकट का अंतरराष्ट्रीय भयावह स्वरूप, आने वाली पीढ़ी के लिए जल सहेजना जरुरी



सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70त्न भाग जल से आच्छादित हैद्यपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअतः मात्र 3त्न जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध non-governmental ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25त्न जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5त्न है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1त्न से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1त्न से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

## संजीव-नी।

**कविता**
**(भक्ति गीत)**

गूंजती रही पुकार मेरी।
गूंजती रही हवा में पुकार मेरी
सदैव करती रही मनुहार तेरी,

मधुर मधुर गीत मेरे तुम्हें सुनाती,
गीतों की पुकार हमेशा तुम्हें लुभाती।

स्पर्श उनके अति मधुर मधुर
मुस्कान दे गए मुझे मधुर मधुर।

आशु पी गए मेरे, अधरों से अपने
मुस्कुराहट दे गए अधरों पर मेरे।

वीणा की तरह लहराती पुकार मेरी
दौड़े चले आए सुनकर मनुहार मेरी।

अंधकार में छोड़ प्रभु तुम कहां गए
गूंजती पुकार मेरी प्रभु तुम कहां गए।

अंबर में सभी दिशाओं में, हवाओं में
लौट आओ प्रभु, विरह की पुकार में।

तुम ना आओगे जग सुना होगा मेरा
अनंत काल इंतजार करता मन मेरा।

गूंजती रही हवा में पुकार मेरी
करती रही सदा मनुहार तेरी।

**संजीव ठाकुर**

**स्वतंत्र प्रभात**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
**संपादक**
**राजीव कुमार शुक्ल**
**मो. 7499472288**
**e-Mail- news@swatantraprabhat.com**
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।
**RNI No. UPHIN/2019/79073**

# भाजपा में शामिल क्यों हिन् होतीं शेख हसीना?



आज का शीर्षक पढ़कर आप कहेंगे कि क्या बेवकूफी भरा सवाल है, लेकिन सवाल तो है, क्योंकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना को भारत में शरणार्थी की हैसियत से रहते हुए आज 100 दिन पूरे हो गए हैं। हमारे यहां सौ दिन सास के हों या सरकार के या शेख हसीना के महत्वपूर्ण मने जाते हैं। शेख हसीना के भारत में सौ दिन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बांग्लादेश की अस्थायी सरकार भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रही है और भारत इस मुद्दे पर गुड़ खाकर बैठा हुआ है। भारत ने अब तक साफ़ नहीं किया है कि हसीना को लेकर उसकी नीति क्या है? माननीय शेख हसीना जिन परिस्थितियों में भारत में शरणार्थी बनकर आयीं वे जग जाहिर है। एक सनातनी होने के नाते मै शेख हसीना को शरण देने के पक्ष में हूँ,क्योंकि हमारी सनातन शरणार्थी नीति आज की सरकार की शरणार्थी नीति से बिलकुल अलग है। हमारे राम जी कह गए हैं कि -सरनागत कहुँ जे तजहिं निज अनहित अनुमानि।
ते नर पावँर पापमय तिन्हहि बिलोकत हानि॥

इसलिए शेख हसीना को भारत से निकालना राम जी की शरणागत नीति के विरुद्ध जाएगा। दुर्भाग्य ये है कि भारत की शरणागत नीति शेख हसीना के बारे में अलग है और शेष बांग्लादेशियों या म्यांमार के रोहंगियों के बारे में अलग। हमारी सरकार बांग्लादेशियों को देश के लिए एक बड़ा खतरा मानती है और अब चुन-चुनकर उन्हें वापस बांग्लादेश और म्यांमार भेज रही है। इन्हीं बांग्लादेशियों की शिनाख्त के लिए भाजपा की सरकार ने तमाम क़ानून बनाये, जिनमें से सीआईए भी एक है। मेरा कहना है कि शरणागत क़ानून भी एक देश एक विधान जैसा होना चाहिए,यानि जो कानून शेख हसीना के लिए हो वो ही दिल्ली में रिक्शा खींचने वाले बदरुद्दीन के लिए भी हो। लेकिन मै जानता हूँ कि मेरी बात किसी के गले नहीं उतरेगी,क्योंकि ऐसा करना न आसान है और न व्यावहारिक।

बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद जान बचाकर भागी शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस प्रयासरत है। बांग्लादेश ने इस बारे में भारत से खतो -किताबत भी की है, लेकिन भारत ने अभी तक इस बारे में कोई संकेत नहीं दिए है। भारत में 100 दिन से रह रहीं शेख हसीना को फिलहाल स्वदेश लौटने का ख्वाब देखना बंद कर देना चाहिए और तस्लीमा नसरीन की तरह भारत में स्थायी निवास के लिए अर्जी लगा देना चाहिए। वे चाहें तो भारत की नागरिकता भी मांग सकती हैं और यहां रहकर भी बांग्लादेशियों के लिए नयी पार्टी बनाकर सियासत शुरू कर सकती हैं। वे चाहें तो सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो सकतीं है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद उन्हें आसानी से मिल सकता है।

भारत शरणार्थियों के लिए स्वर्ग है। रामजी के राज में भी और मोदी जी के राज में भी। कांग्रेस के राज में भी शरणागत नीति बड़ी उदार थी। 1975 में जब बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद शेख मुजीबर्रहमान के परिवार की हत्या की गयी थी उस समय भी शेख हसीना भारत में थीं। शेख हसीना ने उस समय भी 1975 सी 1981 तक दिल्ली के पंडरा रोड पर रहकर स्वदेश वापसी के लिए तैयारी की थी। यानि उनके लिए भारत में 100 दिन शरणार्थी बनकर रहना कोई नयी बात नहीं है। मोदी जी चाहें तो भारत उन्हें भारत में अगले आम चुनाव तक यानि 2029 तक आसानी से रुकने की इजाजत देकर कांग्रेस की सरकार के समय का कीर्तिमान भंग कर सकती है।

भाजपा में शेख हसीना को लेकर दो धड़े है। एक धड़ा चाहता है कि शेख हसीना भारत में ही रहें और दूसरा धड़ा चाहता है कि उन्हें जबरन बांग्लादेश भेज दिया जाये। मोदी जी कि शेख हसीना से जो कुर्बत है वो मोदी विरोधियों कि आँखों में किरकिरी जैसी खटकती है।77 साल कि शेख हसीना हमारे प्रधानमंत्री जी कि बड़ी बी, यानि बड़ी बहन हैं। वे चाहें तो आगामी रक्षाबंधन पर शेख हसीना से राखी बंधवाकर उन्हें अपनी धर्म बहन बना सकते हैं। इससे उनके ऊपर मुस्लिम विरोधी होने का जो दाग है वो भी धुल जाएगा और बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन भी मिल जाएगा।

शेख हसीना की भारत में मौजूदगी का लाभ भारत अनेक तरीकों से ले सकता हैं। शेख हसीना 20 साल तक बांग्लादेश कि प्रधानमंत्री रह चुकी है। माननीय मोदी जी उनसे लम्बे समय तक सत्ता में बने रहने के गुर सीख सकते है। हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण चाहें तो शेख हसीना से ट्यूशन लेकर भारत कि जीडीपी बढ़ाने के नुस्खे हासिल कर सकती हैं। मोदी जी कि नीतियों को समझना आसान नहीं है। एक तरफ वे बाँटेंगे तो कटेंगे के नारे का समर्थन करते हैं तो दूसरी तरफ वे उस अजमेर शरीफ कि दरगाह के लिए चादर भी भेजते हैं जिसके नीचे शिव मंदिर होने की बात को लेकर मामला अदालत में विचारधीन है।इस बार ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का 813 उर्स पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और उनकी ओर से चादर चढ़ाई जाएगी। पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी पीएम मोदी के प्रतिनिधि बनकर अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाने जाया करते थे, इस बार केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू उनके प्रतिनिधि बनकर जाएंगे।

बहरहाल मुद्दा शेख हसीना का है। आने वाले दिनों में ये देखना होगा कि शेख हसीना भारत के लिए शुभ साबित होतीं हैं या अशुभ 2025 में शेख हसीना का भविष्य किस करवट बैठेगा, कोई नहीं जानता। शेख हसीना चाहें तो भारत में रहकर कोई किताब लिख सकती हैं 'डिस्कवरी आफ इंडिया 'की तर्ज पर' डिस्कवरी आफ बांग्लादेश' के नाम से।

**राकेश अचल**

## संक्षिप्त ख़बरें

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर शीतकालीन अवकाश घोषित

**देवरिया 3 जनवरी।** जनपद में शीतलहर और अत्यधिक ठंड के कारण परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि ठंड के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 14 जनवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया है। इस दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपने केंद्रों पर नियमित रूप से उपस्थित रहेंगी। वे सत्र के दौरान लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन और अन्य सभी शासकीय कार्यों का संपादन करेंगी। उन्होंने कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होता है। आदेश का कड़ाई से पालन का आदेश दिया है।

### फुले के कृत्यों को स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प लिया

**देवरिया।** सपा कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सावित्री बाई फुले की जयंती मनायी गयी। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके कृत्यों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव व संचालन रमेश यादव ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले का सम्पूर्ण जीवन महिला उत्थान व शिक्षा के प्रसार को समर्पित था। सावित्री बाई फुले को प्रथम महिला शिक्षक, उत्कृष्ट कवित्री व एक समाज सुधारक के रुप मे युगों युगों तक याद किया जाएगा। कहा कि समाज सेवा के लिए जितना अपमान सावित्री बाई फुले ने झेला है उतना किसी दुसरे ने नही झेला है, जब फुले जी पढाने के लिए विद्यालय जाती थीं तो उन पर लोग पत्थर तथा कीचड़ फेंकते थे समाज से इतनी उपेक्षित व तिरस्कृत होने के बाद भी वो अपने पथ से विचलित नहीं हुई व अपने सम्पूर्ण जीवन को महिला, दलित व वंचित समाज के उत्थान मे समर्पित कर दिया। इस दौरान हृदय नारायण जायसवाल, बेचूलाल चौधरी, जयराम राजभर, इस्माइल अंसारी, अंबिका यादव, दीनानाथ चौधरी, बाबूलाल यादव, राधेश्याम सिंह यादव, अमरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### इंस्पायरिंग वुमन ऑफ इंडिया पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शुक्रवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की शिक्षिका डॉ. सोनम झा की पुस्तक ट्रेलब्लेजर्स इन्सपाइरिंग वोमेन ऑफ इंडिया का विमोचन किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस पुस्तक को देखकर गर्व हो रहा है कि इसमें उन महिलाओं के योगदान की चर्चा है जिन्होंने भारतीय इतिहास को आकार दिया है. इन महिलाओं ने बाधाओं को तोड़ा है और प्रतिकूल परिस्थितियों में साहस, करुणा, और दृढ़ता का उदाहरण पेश किया है. शिक्षिका डॉ. सोनम झा ने बताया कि यह पुस्तक ऑरेंज पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है. इसमें रानी दुर्गावती, मैत्रेयी, गार्गी वाचकनवी, चाँद बीबी, अहिल्याबाई, रजिया सुल्तान, मीराबाई, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, मैरी कॉम, किरण बेदी एवं मदर टेरेसा जैसी महान विभूतियों के जीवन चरित्र एवं संघर्षों को वर्णित किया गया है. इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. नूपुर गोयल, डॉ. विकास चौरसिया, रिचा सिंह, प्रियंका जायसवाल उपस्थित रहे।

### बंद सिनेमाघरों को पुनः चालू कराने के लिए योजना शुरू

कानपुर। अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) डॉ0 राजेश कुमार ने बताया कि जन सामान्य को स्वस्थ्य मनोरंजन उपलब्ध कराने, प्रदेश में निवेश, राजस्व वृद्धि के साथ-साथ अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से बन्द या संचालित सिनेमाघरों को यथास्थिति, पूर्ण रूप से तोड़कर व्यावसायिक गतिविधियों सहित उन्हें पुनः संचालित करवाने, बन्द अथवा संचालित सिनेमाघरों को रिमाडल करवाने, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में यथाशीघ्र मल्टीप्लेक्स खुलवाने तथा मल्टीप्लेक्स/एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने, संचालित छविगृहों के उच्चीकरण तथा संचालित एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के स्वामियों की समस्याओं के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक विचारों प्रान्त समेकित प्रोत्साहन योजना लागू की गयी है। उन्होंने बताया कि शासन की उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु बन्द या संचालित सिनेमाघरों के इच्छुक स्वामी/संचालक कार्यालय राज्य कर (मनोरंजन) अनुभाग, कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर के कार्यालय से निर्धारित प्रारूप-1 प्राप्त कर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## गोरखपुर में लेक क्वीन क्रूज की वेबसाइट हैक, हजारों का चूना लगा

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर-** गोरखपुर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल, रामगढ़ ताल पर स्थित लेक क्वीन क्रूज की वेबसाइट को हैक कर दिया गया है। इस हैकिंग का फायदा उठाते हुए चार युवकों ने 12 हजार रुपये के फर्जी टिकट बुक कर नए साल का जश्न मनाया और फरार हो गए। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने वेबसाइट में सेंध लगाकर टिकट बुकिंग की प्रक्रिया को हैक कर लिया था। इस हैकिंग के चलते उन्होंने महज 1 रुपये का भुगतान करके 12 हजार रुपये के टिकट बुक कर लिए। क्रूज के मालिक राजकुमार राय ने इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उन्हें तब इस धोखाधड़ी का पता चला जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जांच की।

**पुलिस ने शुरू की जांच-** पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी कर चुका हो सकता है।

**बतादे-** चार युवकों ने 12 हजार रुपए के फर्जी टिकट बुक कर नए साल का जश्न मनाया और फरार हो गए। क्रूज मालिक को खाते की जांच के बाद इस जालसाजी का पता चला, जिसमें हर बुकिंग पर सिर्फ 1 रुपए का भुगतान हुआ था। फर्जी बुकिंग से क्रूज को बड़ा नुकसान क्रूज मालिक राजकुमार राय, जो गोरखनाथ के रामजानकी नगर के निवासी हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका क्रूज ÷नया सवेरा÷ ऑनलाइन और ऑफलाइन टिकट की सुविधा देता है।

31 दिसंबर को चार युवकों ने राजन कुमार के नाम से चार टिकट बुक कराए और मोबाइल पर बुकिंग विवरण दिखाकर बोर्डिंग पास ले लिया। बाद में पता चला कि टिकट बुकिंग के दौरान वेबसाइट हैक कर भुगतान सफल दिखाया गया, लेकिन खाते में केवल 1 रुपए ही जमा हुआ। पहले भी हो सकती है जालसाजी राजकुमार राय ने आशंका जताई कि यह गिरोह पहले भी इसी तरह की धोखाधड़ी कर चुका हो सकता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि फर्जी बुकिंग से क्रूज को 12 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। CO कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही गिरोह का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## आरव व विवेक बने गोला टैलेंट हंट 2025 के विजेता- राज सोनकर

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** छोटी अयोध्या के नाम से सुप्रसिद्ध गोला उपनगरमें चंद्राश फाउंडेशन के तत्वाधान में लगातार 01 जनवरी 2025 नववर्ष की शाम स्टेशनरी डोनेशन ड्राइव का आयोजन हुआ जिसमे इस वर्ष चंद्राश फाउंडेशन ने गोला टैलेंट हंट 2025 का आयोजन पक्का घाट रोड पुराने डाक खाना के सामने किया जिसमे 13 जिले के प्रतिभागियों ने अपने नृत्य व गायन की प्रतिभा से लोगो का दिल जीत लिया कार्यक्रम आयोजक राज सोनकर ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत चंद्राश फाउंडेशन के सदस्य आकाश श्रीवास्तव व कवि अनुज पाण्डेय ने सरस्वती वंदना के साथ की जिसमे नृत्य में पहला स्थान बरहलगंज के आरव मद्धेशिया ने व संगीत में गोला बाजार के वार्ड नम्बर 1 निवासी विवेक मधुर ने पहला स्थान प्राप्त किया इन्हे स्पोंसर अभय साहू-साहू हौंडा व जे पी चंद-कौशिक मोटर्स द्वारा ट्रॉफी व 5100-5100 ? नगद देकर सम्मानित किया गया वही नृत्य में अभीजीत को अहमद रजा- ऑय केयर एंड ऑप्टिकल्स व अनन्या राव को चंद्रभान वर्मा- वर्मा गारमेंट्स के द्वारा ट्रॉफी+2100? नगद एवं संगीत में गुंजन लता को संजय गुप्ता-माँ विंध्यवासिनी मोटर्स व अशोक मौर्या- जे एम डी प्रिंटिंग प्रेस द्वारा ट्रॉफी+ 1100 देकर सम्मानित किया गया बाकि प्रतिभागियो में सुरेंद्र चौराशिया द्वारा मैडल प्रदान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अथिति अतुल श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को निःशुल्क पठान पठान हेतु 10000 की सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम के जज के लिए नृत्य कोरियोग्राफर हर्ष वेद प्रकाश व गायन में भोजपुरी लोकगीत गायक पवन प्रदेश व म्यूजिक कंपोज़र अवनीश अवस्थी रहे ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्राश फाउंडेशन के संस्थापाक पंकज कुमार गुप्ता अध्यक्ष करिश्मा गुप्ता सदस्य आकाश अग्रवाल मुकेश जायसवाल राज जायसवाल सक्षम अग्रवाल शुभम जायसवाल सौरभ अग्रवाल शमीम अहमद अंशील सोनम कलश तन्नू रौशनी विपिन शिवम मनीष इन सदस्यो को भी मुख्य अथितियों द्वारा डोनर और वालंटियर्स के सम्मान से नवाज़ा गया।

## त्वरित न्याय दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका अधिवक्ता का सबसे बड़ा योगदान होता हैं

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर!** अधिवक्ता वादकारी एवं न्यायाधिस के बीच सेतु बनकर कार्य करता हैं उक्त विचार दीवानी अधिवक्ता संघ जौनपुर द्वारा आयोजित सिविल कोर्ट जौनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व संतोष कुमार श्रीवास्तव संतोषी बाबू की 19वी पुण्यतिथि पर सेमिनार त्वरित न्याय में न्याय पालिका कार्य पालिका विधायिका एवं अधिवक्ताओ की भूमिका सेमिनार में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जस्टिस नरेन्द्र कुमार जौहरी लखनऊ खंडपीठ ने कहा और कहा कि शीघ्रता से न्याय मिलना आज की आवश्यकता है आम आदमी आज भी न्याय पालिका में विश्वास और सम्मान करता हैं। किसी भी शसक्त राष्ट्र के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका की आवश्यकता होती हैं स्वतंत्र न्यायपालिका के अभाव में राष्ट्र पतन की ओर चला जाता हैं व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका को न्यायपालिका ही नियंत्रित करती हैं। जूनियर अधिवक्ताओं को अपने सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान करना चाहिए जौनपुर अधिवक्ता संघ का नाम बहुत सुना था आज आने का सौभाग्य मिला। त्वरित न्याय के लिए न्याय पालिका कार्य पालिका विधायिका सभी सक्रिय हैं।जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका अधिवक्ताओं सभी का अपना महत्वपूर्ण योगदान है जिसमें अधिवक्ताओं की भूमिका सराहनीय है अधिवक्ता न्याय पालिका का दर्पण होता हैं जो वादकारियों की बातों को न्यायालय में रखता है जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द ने कहा कि न्यायालय सर्वोपरि है यदि समाज में न्याय शब्द हटा दिया जाए तो लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा त्वरित न्याय न्याय के लिए सभी लोग अपना योगदान देते रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तूभ ने कहा कि त्वरित न्याय में अधिवक्ता हमेशा तत्पर रहते है और वकालत पेशा सम्मानजनक होता हैं देश की आजादी में वकीलों की बड़ी भूमिका निभाई थी और आजादी के बाद संविधान निर्माण में भी अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण




योगदान रहा।अध्यक्षता सुभाष चंद्र यादव अध्यक्ष दीवानी अधिवक्ता संघ संचालन मंत्री रणबहादुर यादव ने किया आभार कार्यक्रम संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया बच्चा भईया एडवोकेट ने किया। सेमिनार में वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रेम शंकर मिश्रा पूर्व अध्यक्ष ब्रजनाथ पाठक पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, पूर्व मंत्री जयप्रकाश कामरेड, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द उपाध्याय लाल बहादुर यादव, अशोक यादव अभियोजन अधिकारी हिमांशु श्रीवास्तव घनश्याम यादव इंद्रजीत पाल संजय श्रीवास्तव एडीजीसी, आदि अधिवक्ता बंधु मौजूद रहे।

## कड़ाके ठंड के बीच निकाला गया ऐतिहासिक नौचंदी जुलूस-ए अज़ा बड़ागांव

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज, जौनपुर।** क्षेत्र के बड़ागांव में बृहस्पतिवार की देर रात्रि रजब महीने की ऐतिहासिक नौचंदी जुलूस-ए अज़ा का आयोजन किया गया। कड़ाके की सर्द रात का भी अकीदतमंदों पर कोई असर नहीं रहा और जुलूस अपने निर्धारित समय रात्रि लगभग 10:30 बजे मौलाना सैयद हाशिम आब्दी की तकदीर के साथ आरंभ हुआ जुलूस में मातमी दस्ते के साथ सबईह-ए ज़ुलजनाह व अलम अपने प्राचीन मार्ग से भ्रमण करता हुआ बाजार के रास्ते मौला अब्बास के रौज़े पर जाकर संपन्न किया गया। जुलूस का नेतृत्व मुख्तार सलमानी उर्फ काका द्वारा किया गया। जुलूस के दौरान मौलाना मौलाना सैयद आरज़ू हुसैन आब्दी,



मौलाना क़ासिम बनारस, मौलाना सैयद अज्मी अब्बास, ने अपने मकसूद अंदाज में कर्बला के वाक्य-ए का बयान किया। जुलूस में अंजुमन नासरुल अज़ा, अंजुमन गुन्च-ए नासरुल अज़ा, अंजुमन तमन्ना-ए ज़हरा, समेत लगभग आधा दर्जन बैरूनी अंजुमन ने नौहा मातम पेश किया जुलूस का संचालन असगर मेहंदी गुड्डू व हुसैन हैदर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का समापन मौलाना सैयद शौकत रिजवी की खुसूसी तकरीर के बाद किया गया। जुलूस के दौरान समीम हैदर बारादरी, जफर अब्बास, अकरम इदरीसी, वारिस हाशमी, बबलू इलेक्ट्रीशियन, हसन मेहंदी, हसन रजा, सैयद परवेज़ मेहदी, समेत हजारों ज़ायरीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रमुख स्थानों पर अलाव न जलवाने से सीआरओ ने लगाई फटकार

**● - सीआरओ ने नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बने रैन बसेरा और अलाव व्यवस्था का किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर!** गौराबादशाहपुर।सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बने अस्थाई रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। कई सामूहिक स्थानों पर अलाव न जलने पर नाराजगी जताई। बीते बुधवार की देर रात सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बने अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंच गए। रैन बसेरा की व्यवस्था संतोष जनक न मिलने पर सीआरओ ने नाराजगी जताई। वहीं जब अलाव व्यवस्था की जांच की गई तो गौरा बाजार के कई प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं मिली। यहां व्यापारी व दुकानदार अपने निजी संसाधन से अलाव की व्यवस्था किए थे। जिस पर ईओ पर



कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार करवा लेने का निर्देश दिया। सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने बताया कि निरीक्षण किया गया है। जो भी खामियां मिली है उन्हें सुधार का निर्देश दिया गया है।

## टीबी अभियान के लिए बना कंट्रोल कमांड सेंटर

**● - चौबीस मार्च तक चलेगा सौ दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 3 जनवरी।** जिले में चल रहे सौ दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के दौरान उच्च जोखिम श्रेणी के लाखों संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है । जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में इस इंट्रीगेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से टीबी की जांच, उपचार सहित मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। रोगियों में से जांच के बाद जो टीबी के मरीज निकलेंगे उनका उपचार शुरू होगा और बाकी लोगों की आईडी क्लोज की जाएगी। टीबी मरीजों के निकट सम्पर्कियों की भी जांच होगी और टीबी की पुष्टि न होने पर भी उन्हें बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार साठ साल से अधिक उम्र के लोग, कुपोषित या कमजोर लोग, मधुमेह रोगी, धुम्रपान व नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों को निकट सम्पर्कियों, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी, एचआईवी रोगी और मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं और उनमें टीबी की आशंका कहीं अधिक है । ऐसे लोगों की समय से जांच कर टीबी की पहचान होने पर सही से पूरा इलाज करवाया जाए तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है, लेकिन अगर एक मरीज का समय से इलाज न हो तो वह साल भर में पंद्रह नये टीबी मरीज बना सकता है। इसके विपरीत उपचाराधीन टीबी रोगी से संक्रमण की आशंका कम होती है। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि अलग अलग स्थानों पर भी कैम्प लगा कर जांच कराये जा रहे हैं। अभियान के दौरान समाज के प्रभावशाली लोगों और धर्मगुरूओं की तरफ से जनसमुदाय से अपील की जा रही है। जिला




क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ राजेश और उनकी टीम की देखरेख में प्रचार प्रसार का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

**इन लक्षणों के साथ कराएं जांच**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि टीबी आमतौर पर फेफड़ों में होती है लेकिन यह शरीर के अन्य अंगों में भी हो सकती है। दो हफ्ते से अधिक की खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुहं से खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान और गर्दन में गिलटी या गांठें टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। इस बीमारी की जांच और इलाज की सुविधा सरकारी खर्चे पर मौजूद है।

## साक्षात्कार के दौरान सकारात्मक रहना महत्वपूर्ण- प्रो पुरोहित

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला "हाउ टू फेस इंटरव्यू- डूज एंडडोंट्स" विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दून विश्वविद्यालय, देहरादूनमें स्कूल आफ मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर एच सी पुरोहित ने कहा कि साक्षात्कार केदौरान पहनावे से लेकर हमारे चेहरे की भाव-भंगिमा भी हमारे प्रदर्शन में बहुतमहत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए साक्षात्कार के दौरान हमारापहनावा पेशे के अनुरूप फॉर्मल एवं साफ सुथरा हो और मानसिक स्थिति सकारात्मक होनी चाहिये उन्होंने कहा कि सफलता अर्जित करने के लिएआवश्यक है कि हम अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन करें, क्योंकिइस दौरान हमारे ज्ञान और कौशल की परख तो होती ही है साथ ही हमारे आत्मविश्वास, समस्याओंसे जूझने और उनको हल करने की हमारी काबिलियत, तनाव को सहनकरने की शक्ति एवं तनावपूर्ण वातावरण को स्वस्थ वातावरण में परिवर्तित करने कीकला आदि भी परखी जाती है.प्रोफेसर पुरोहित ने कहा कि साक्षात्कार केदौरान हमको अपनी अच्छाइयों और उपलब्धियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होता है औरइसके लिए जो ज्ञान और शिक्षा हमने अध्ययन के दौरान प्राप्त की है उसकी प्रस्तुतिबेहतर करने की कोशिश होनी चाहिए. साक्षात्कार की शुरुआत अपनी रुचि, प्रेरणासे करें और फिर संचार एवं संवाद की क्षमता, नेतृत्व करने कीक्षमता, समय प्रबंधन, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, टीम में काम करने की क्षमता आदि को स्पष्ट करतेहुए पूर्ण आत्म विश्वास से आगे बढ़े प्रो पुरोहित ने कहा कि साक्षात्कार केदौरान बिल्कुल भी घबराहट या नकारात्मकता आपके चेहरे पर, मनमस्तिष्क में कहीं होनी नहीं चाहिए क्योंकि जीवन में नकारात्मकता ही व्यक्ति कोपीछे धकेलती है हमको सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ना होगा इसलिएसाक्षात्कार के दौरान सकारात्मक होना बहुत आवश्यक है.इस अवसर पर विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंडप्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर अविनाश डी पाथर्डीकर ने कहा कि हमारी कोशिशहै कि विद्यार्थियों को हर प्रकार के कौशल से युक्त किया जाए और प्लेसमेंट के लिए भीहम हर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए उनके कौशल और क्षमता के अनुरूप कंपनियोंको आमंत्रित करेंगे. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों केव्यक्तित्व विकास, संवाद कला को विकसित करने एवं उन्हें अधिक सृजनशील बनाने के लिए लगातार कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम का संचालन डॉ आशुतोष कुमार सिंह, स्वागत प्रो.अविनाश पाथर्डीकर एवं धन्यवाद डॉ राकेशउपाध्याय ने किया. इस अवसर पर डॉ अंजनी मिश्र, डॉ सुशील सिंह, डॉ अमित वत्स, डॉ निशा पांडेय, सुश्री दीपांजलि, श्री प्रिंस सिंह, डॉ इंद्रेश गंगवार एवं श्री नितिन चौहान उपस्थित थे।

## कड़ाके की ठंड को देखते हुए चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल ने जलवाया नगर में पर्याप्त अलाव

**● - केराकत नगर में अलाव जलनें से लोगों को मिल रही है राहत- चेयरमैन को लोग दे रहे हैं दुआएं**

स्वतंत्र प्रभात




**केराकत,जौनपुर।** नगर पंचायत केराकत चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल ने शीतलहर व हाड़ कापनें वाली कड़ाके की ठंड को देखते हुए एवं कड़ाके की ठंड से कांप रहे लोगों की ठंड से राहत मिल सके। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए चेयरमैन पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू नें केराकत नगर में एवं चौराहों पर और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त अलाव जलवाकर लोगों की दुआं एवं आशीर्वाद ले रही हैं। आपको बताते चलें कि केराकत नगर में अलाव जलवानें की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के बावजूद खुद चेयरमैन पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू नें जगह-जगह अलाव जलवाकर स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चेयरमैन द्वारा नगर में एवं इर्द गिर्द सार्वजनिक जगहों पर भी अलाव की पर्याप्त व्यवस्था किया गया है,ताकि पड़ रही कड़ाके की ठंड से कांप रहे लोगों को राहत मिल सके। इस सम्बन्ध में लिपिक अजय कुमार निषाद और कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार साहनी से पूछे जानें पर लोगों नें बताया कि चेयरमैन द्वारा नगर में अलाव जलानें हेतु पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। जगह जगह अलाव जलवाकर स्वयं निरीक्षण करनें का भी हमलोगों को आदेश दिए गए हैं। और ठंड के मौसम में यह कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से कराना है । नगर के लोगों ने बताया कि चेयरमैन एवं उनके पति प्रतिनिधि द्वारा नगर सहित सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलवाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है जो काबिले तारीफ है।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के साथ ड्रील व रख-रखाव व क्रियाशीलता का अभ्यास कराया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। इस दौरान कप्तान ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व समुचित देखरेख हेतु निर्देशित किया।

**देवरिया पुलिस द्वारा चला मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान**

**देवरिया।** सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर 5 से 7 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा चेकिंग की गयी । इसी क्रम में थाना बरहज की मिशन शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं एवं बलिकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि के विषय में जागरूक किया। जनपदीय पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक के साथ-साथ एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र तथा पेट्रोल पंप की भी चेकिंग की।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना- 04 वर्षों तक 5 लाख तक का ब्याजमुक्त लोन मिलेगा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्योग और सेवा क्षेत्र में विकास को गति देने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) की संख्या में वृद्धि करना है, जिससे राज्य के आर्थिक विकास में योगदान हो सके और अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। राज्य सरकार ने आगामी 10 वर्षों में मिशन मोड में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों की स्थापना का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पहले वर्ष के लिए 600 इकाईयों की स्थापना का लक्ष्य जिला चित्रकूट में निर्धारित किया गया है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष एक लाख नई सूक्ष्म इकाईयों की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश में पूंजी निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ युवा उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत उद्योग और सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस ऋण पर एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन यह है कि ऋण की पूरी अवधि (4 वर्ष) तक ऋण पर 100त्न ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना की लागत या अधिकतम 5 लाख रुपये, जो भी कम हो, का 10त्न कैपिटल सब्सिडी के रूप में भी लाभार्थी को मिलेगा।योजना के तहत आवेदन करने के लिए इच्छुक युवा उद्यमियों को कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिनमें आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से जुड़ा होना चाहिए), फोटो, स्कैन हस्ताक्षर, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ-पत्र, बैंक खाता पासबुक की प्रति, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पैन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट और मान्यता प्राप्त संस्था से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र शामिल हैं। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन पोर्टल msme.up.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं या फिर जिले के उद्योग केंद्र कर्वी चित्रकूट से संपर्क कर सकते हैं। यह योजना न केवल युवा उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि राज्य के उद्योग क्षेत्र को भी मजबूत करने में मदद करेगी।

